वाराणसी, शुक्रवार 21 फरवरी, 2025

फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष 8, वर्ष 14, अंक 16, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : नरेन्द्र मोदी और डोनाल्ड ट्रम्प



अन्दर : मातृभाषा और बहुभाषिकता के प्रश्न

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

!! श्री गणेशाय नमः !!

## शादी की बधाई.......

## आदर्श नगर पंचायत सिकन्दरपुर चेयरमैन प्रतिनिधि की बिटिया

## कृति संग सन्नी की शादी बनी यादगार ....

















### शादी में उपस्थित प्रमुख लोग

ए.डी.एम. बलिया त्रिभुवन प्रसाद, उपजिलाधिकारी रवि कुमार पासवान, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय यादव, पूर्व सांसद भरत सिंह, पूर्व सासंद बबन राजभर, परिवहन मंत्री के अनुज धर्मेनद्र सिंह, भाटपार रानी के विधायक सम्भा कुंवर, बलिया नगर पालिका अध्यक्ष संत मिठाई लाल, रसड़ा नगर पालिका अध्यक्ष विनय कुमार जायसवाल, पूर्व सांसद प्रतिनिधि बलिया कन्हैया जी, सिकन्दरपुर विधायक प्रतिनिधि डा. मदन राय, आर्दश नगर पंचायत मनियर, बांसडीह, रेवती, सहतवार, बैरिया, बेल्थरा रोड, नगरा रतसर के नगर अध्यक्ष, पूर्व विधायक भगवान पाठक, धनन्जय कनौजिया, छोटे लाल राजभर, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, विनोद शंकर दूबे, पूर्व चेयरमैन बलिया अजय कुमार समाजसेवी, नवानगर ब्लाक प्रमुख केशव प्रसाद चौधरी, अरविन्द राय, कुंवर विजय सिंह पप्पू, आलोक कुमार, रोशन जायसवाल, भोला जी के साथ साथ क्षेक के समस्त सम्मानित पत्रकार, शिक्षक, प्रमुख व्यवसाई, वकील, सरकारी कर्मचारी, ग्राम प्रधान, नेता, मित्रगण चिकित्सक, नगर पंचायत के साथ साथ विधान सभा क्षेत्र के सम्मानित लोगो ने शादी सामारोह में पहुंच कर वर-वधु को दिया आर्शीवाद।



### वर-वधू को आर्शीवाद देने आये हुए सम्मानित लोगो को वधु पक्ष के प्रमुख लोगो ने किया स्वागत !

संजय जायसवाल (चेयरमैन प्रतिनिधि सिकन्दरपुर) अजय कुमार जायसवाल, सुभाष जायसवाल, विजय जायसवाल, रवि कुमार जायसवाल, सतीश जायसवाल, विकास जायसवाल, रमेश जायसवाल(पत्रकार) अनुप जायसवाल प्रभुनाथ जायसवाल, सम्भू नाथ जायसवाल, दीपक जायसवाल, बब्लू जायसवाल, राकेश जायसवाल, मनीष जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, अमन जायसवाल, यश जायसवाल, अमीत जायसवाल, केदार जायसवाल, द्वारिका जायसवाल, रजनीश जायसवाल, राहुल जायसवाल, दिनेश जायसवाल

**फर्म –**
अभिषेक फिलिंग स्टेशन (हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लि0) सिकन्दरपुर
सावित्रि देवी फलिंग स्टेशन (हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लि0) सिकन्दरपुर
पारसनाथ एण्ड सन्स (इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लि0) रसतर कलॉ, बलिया
अमन इलेक्ट्रानिक्स (जायसवाल कटरा न्यू मार्केट सिकन्दरपुर)

मेरी बिटिया की शादी में पधार कर आप सभी ने वर-वधू को आर्शीवाद दिया है इसके लिए मै हृदय से आप सभी को आभार प्रकट करता हूं ।

**श्रीमती सावित्रि देवी चेयरमैन सिकन्दरपुर(बलिया)**

**संजय जायसवाल**
चेयरमैन प्रतिनिधि आर्दश नगर पंचायत सिकन्दरपुर- बलिया
भाजपा जिलाकार्य समिति सदस्य / मो0- 9919677266, 7652073666

# छेड़खानी में फंसा देने की धमकी पर युवक ने की आत्महत्या

दु:खद

## धमकी से डरकर ट्रेन से कट मरा

जनसंदेश न्यूज

**लोहता।** थाना क्षेत्र के हैबतपुर गांव के एक लड़के से पडोस की लड़की से बातचीत होती थी। जिसको लेकर गुरुवार की सुबह दोनों में कहासुनी हो गई। लड़की ने लड़के खिलाफ कोटवा चौकी पर तहरीर दे दिया। जब लड़के को खोजती हुई पुलिस उसके घर पहुंची तो लड़का डर कर घर से भाग गया और सारनाथ में ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली।

लड़की के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज.करने के लिए परिवार सहित गांव के लोगों ने शव को लेकर कोटवा पुलिस चौकी पर पहुंच कर हंगामा करने प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार के समझाने पर शांत हुए। लडके के पिता ने लडकी सहित उसके बाप और भाई पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दिए है।

लड़के के पिता लालबहादुर यादव.ने बताया की हमारे पड़ोस की लड़की हमारे लड़के अतुल उर्फ गोविंद यादव से कहासुनी करने लगी और बोल तुम्हें बलात्कार और छेड़खानी में फंसा कर जेल भेज दूंगी। लड़की और उसके परिवार के लोग कोटवा चौकी पर आकर लड़के के खिलाफ छेडखानी की तहरीर दे दी। जब पुलिस घर पहुंची तो लड़का डर कर घर से भाग गया तथा सारनाथ में जाकर आत्महत्या कर लिया। प्रभारी निरिक्षक प्रवीण कुमार ने बताया की तहरीर मिली है। जांच करके आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। लड़की से पूछताछ की जा रही है।

### महाकुंभ में जा रही पिकअप पलटी, महिला की मौत, डेढ़ दर्जन घायल

**रामनगर।** थाना क्षेत्र के भीटी हाईवे स्थित प्रधान ढाबा के समीप एक गुरुवार भोर में साढ़े तीन बजे एक डबल डेकर की पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गयी। हादसे में एक लगभग 60 वर्षीया वृद्धा की मौत हो गई जबकि डेढ़ दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। सभी घायलों को ट्रामा सेंटर इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बिहार के औरंगाबाद से लगभग 24 श्रद्धालु डबल डेकर पिकअप से प्रयागराज महाकुंभ में डुबकी लगाने जा रहे थे। बृहस्पतिवार की अलसुबह लगभग तीन बजे पिकअप जैसे ही भीटी हाइवे पर पहुँची चालक को झपकी आ गई। जिसके चलते पिकअप अनियंत्रित हो कर किनारे लगे डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। दुघर्टना में तेतरी देवी पत्नी विशेश्वर चौहान निवासी औरंगाबाद बिहार की मौत हो गई। तत्काल मौके पर पहुंचे भीटी चौकी प्रभारी अमीर बहादुर सिंह अपने सहयोगियों से साथ पहुंचे और मौके पर आठ एम्बुलेंसों के जरिये लगभग डेड दर्जन घायलों को ट्रामा सेंटर भेजा जहां उनका इलाज चल रहा है।

## आरआरसी निर्माण में बाधा डालने वालों पर केस

**चिरईगांव।** ग्राम पंचायत उमरहां में आरआरसी निर्माण कार्य में बाधा करने वालों के खिलाफ गुरुवार को ग्रामप्रधान की तहरीर पर चौबेपुर थाने में मुकदमा दर्ज हो गया। ग्रामप्रधान उमरहां उदल पटेल ने डीपीआरओ, राजस्व विभाग और पुलिस की उपस्थिति में बीते मंगलवार को आरआरसी का निर्माण कार्य शुरू करवाया था।उसी दिन रात्रि में ही गांव के ही मोना पत्नी जूठन,राजेश,राजेन्द्र, छोटेलाल, खुशहाल, सविता ने खोदे गये गड्ढे को पाटकर पानी छिड़क दिया।निर्माण के लिए रखी सरिया को इधर उधर फेंक दिया।

उपरोक्त सभी सात ज्ञात और एक अज्ञात के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने व निर्माण सामग्री को नुकसान पहुंचाने के मामले में चौबेपुर थाने मुकदमा दर्ज हो गया है।इस बाबत थाना प्रभारी चौबेपुर का कहना है कि ग्रामप्रधान की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# महाकुंभ में स्नान के दौरान युवतियों की फोटो खींचने को लेकर बवाल

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** महाकुंभ में स्नान के दौरान महिलाओं और युवतियों की गुप्त रूप से ली गई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने से बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। बताया जा रहा है कि टेलीग्राम जैसे प्लेटफार्मों पर इन तस्वीरों को मोटी रकम में बेचा जा रहा है, जिसे लेकर लोगों में आक्रोश है। इस मामले पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी सरकार पर निशाना साधा था।

गुरुवार को वाराणसी में वकीलों ने महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात को ज्ञापन सौंपते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ता राजेश त्रिवेदी ने इस कृत्य को भारतीय संस्कृति के खिलाफ बताते हुए आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की अपील की। वाराणसी कचहरी स्थित सर्किट हाउस में महिला आयोग की सुनवाई के दौरान वकीलों ने यह मामला उठाया।

महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात ने इस घटना को शर्मनाक बताते हुए पुलिस प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, ₹महाकुंभ एक सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन है, ऐसे आपत्तिजनक कृत्य न केवल महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाते हैं, बल्कि समाज की नैतिकता पर भी सवाल खड़ा करते हैं।₹नीलम प्रभात ने बताया कि इस मामले की शिकायत पुलिस आयुक्त को भेजी गई है और उनसे जल्द से जल्द सोशल मीडिया से ऐसी तस्वीरों को हटाने का अनुरोध किया गया है।

वकीलों ने इस गंभीर मुद्दे को उठाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

**कार्यालय उप परियोजना प्रबन्धक, उ0 प्र0 राज्य सेतु निगम लि0, लोहिया तालाब, मिर्जापुर**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

जनपद सोनभद्र में निर्माणाधीन सेतु कार्यों हेतु अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा प्रपत्र www.etender.up.nic.in की बेबसाईट पर जाकर दिनांक 21.02.2025 से 28.02.2025 तक ऑनलाईन देखी, डाऊनलोड एवं भरी जा सकती हैं।

**नोट :-** टेण्डर सम्बन्धित पूर्ण विवरण उपरोक्त बेबसाईट पर उपलब्ध है जिसे निविदा कार्य हेतु ऑनलाईन देखा एवं डाउनलोड एवं अपलोड किया जा सकता हैं।

(आर0एस0 उपाध्याय)
उप परियोजना प्रबन्धक

Ref:-1756/E-TENDER/MZP/2024-25 Date:-20/02/2025

### हाइवे पर मृत पड़ी गाय को पुलिस ने दफनवाया

**कछवांरोड।** रूपापुर गांव (मिर्जामुराद)) स्थित ओवरब्रिज पर गुरुवार की दोपहर अज्ञात वाहन के धक्के से एक गाय (पशु) की मौत हो गई।ओवरब्रिज पर मरे पड़े पशु से प्रयागराज के तरफ से आने वाले वाहन टकराते से बार-बार बच रही थी।ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना मिजार्मुराद पुलिस को दिया गया।

## दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर व सहायक उपकरण वितरण

**रोहनिया।** अमरावती पुरुषोत्तम राजकीय बहुउद्देशीय दिव्यांग विकास संस्थान व बचपन डे केयर सेंटर खुशीपुर में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी राम प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग वाराणसी एवं चंद्रावती एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय दिव्य कला मेला एवं विशेष शिक्षकों एवं प्रशिक्षकों का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध निदेशक अरविंद कुमार सिंह एवं विकास सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। मेले में दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल व व्हीलचेयर सहित सहायक उपकरण वितरण किया गया। मेले में दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के उत्पादों का स्टॉल लगाया गया जिसका अवलोकन कर अतिथियों ने काफी सराहना किया।

# 2.5 करोड़ की कीमत का 500 किलो गांजा बरामद

बरामदगी

## दो गांजा तस्कर गिरफ्तार किये गये

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** लंका थाना पुलिस और एनटीएफ प्रयागराज की संयुक्त टीम ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अभियान चलाकर अंतरराज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 500 किलो अवैध गांजा बरामद किया गया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 2.5 करोड़ रुपये आंकी जा रही है।

इसके अलावा, पुलिस ने तस्करों से चार मोबाइल फोन और 82,200 रुपये नकद भी जब्त किए हैं। इस मामले का खुलासा एसीपी भेलूपुर डॉ. ईशान सोनी ने गुरुवार को किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान प्रयागराज के मेजा निवासी शेषमणी पटेल (39) और हंडिया निवासी सुभाष चंद्र मिश्रा उर्फ भगत (59) के रूप में हुई है।

पुलिस ने इन दोनों को डाफी सर्विस लेन स्थित एक अस्पताल के पास से गिरफ्तार किया। ये दोनों तस्कर ट्रक के खाली कंटेनर के केबिन में बने गुप्त स्थानों और एक कार के जरिए 20 बोरियों में भरकर गांजा वाराणसी ला रहे थे। पुलिस ने उन्हें बीच रास्ते में ही पकड़ लिया और तस्करी के इस बड़े प्रयास को विफल कर दिया।

### बोरी में भरकर ले जा रहे थे सप्लाई

बुधवार देर रात पुलिस को गुप्त सूत्रों से जानकारी मिली थी कि अवैध मादक पदार्थों की बड़ी खेप वाराणसी लाई जा रही है। इस पर लंका थाना पुलिस और एनटीएफ प्रयागराज की संयुक्त टीम ने डाफी टोल प्लाजा पर वाहनों की सघन जांच शुरू की। इसी दौरान एक संदिग्ध कंटेनर ट्रक को रोका गया। चालक से पूछताछ करने पर पुलिस को गांजे की खेप छिपाए जाने की जानकारी मिली। जांच करने पर ट्रक से 19 बोरियों में 475 किलो गांजा और एक कार से एक बोरी में रखा 25 किलो गांजा बरामद हुआ। इसके तुरंत बाद पुलिस ने दोनों तस्करों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

### तस्करों का लंबा आपराधिक इतिहास

शेषमणि पटेल और सुभाष मिश्रा पहले भी कई बार नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल रहे हैं। पुलिस जांच में पता चला है कि इन दोनों पर वाराणसी, मिजार्पुर और छत्तीसगढ़ में आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे उड़ीसा से गांजा लाकर प्रयागराज, भदोही और मिजार्पुर में फुटकर विक्रेताओं को बेचते थे। तस्करी से होने वाली कमाई से उनका और उनके परिवारों का गुजर-बसर होता था।

### नमाज पढ़ने जा रहे व्यक्ति का मोबाइल छीना

**हरहुआ।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत वाराणसी लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर हरहुआ बाजार स्थित ओवर ब्रिज के नीचे शुक्रवार को लगभग 5:30 बजे प्रतिदिन हरहुआ चौराहा स्थित मस्जिद में नमाज पढ़ाने साइकिल से जाते हैं। बृहस्पतिवार की सुबह भी नमाज पढ़ने के लिए जा रहे थे जैसे ही दासेपुर गांव के समीप पहुंचे तभी उनके मोबाइल पर फोन आया वह फोन निकाल कर जैसे ही बात करना चालू किया तभी पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने हाफिज नसीम का मोबाइल छीनकर बाबतपुर की तरफ भाग निकले। जब तक हाफिज नसीम कुछ समझ पाते तब तक बाइक सवार तेज रफ्तार भाग निकले। हाफिज साहब नमाज पढ़ाकर खाली हुए तब लोगों से मोबाइल बात बताए।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**चौबेपुर।** क्षेत्र के रजवाड़ी रेलवे पुल के बीच रेलवे ट्रैक पर 40 वर्षीय अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई कर रही है। स्टेशन मास्टर ट्रेन की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है।थाना प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा ने बताया कि एक युवक 40 वर्ष सम्भवतः रजवाड़ी पुल के पास ट्रेन से गिर गया। जिससे पर ट्रेन से कट गया। उसकी जेब से मिले आधार कार्ड की फोटो कॉपी मिली है। जिसपर जय बहादुर पुत्र स्व भोला सिंह निवासी बरसरी जागीर मनियर जनपद बलिया अंकित है।उसके दाहिने हाथ पर पिंकू सिंह का गोदना अंकित है।

## अस्पताल संचालक व दुकानदार से 80 लाख की रंगदारी मांगने वाला अरेस्ट

**वाराणसी।** रोहनियां थाना क्षेत्र के अखरी चौकी अंतर्गत बच्छाव में दो लोगों से रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी महेंद्र यादव, निवासी बेटावर, पर एक अस्पताल संचालक से 50 लाख रुपये और एक जनरल स्टोर संचालक से 30 लाख रुपये रंगदारी मांगने का आरोप है। फोन पर जान से मारने की धमकी देने के बाद दोनों पीड़ितों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच के बाद सटीक सूचना पर आरोपी को अखरी बाईपास से नुआंव जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि रंगदारी मांगने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसकी जांच पड़ताल करने के बाद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## टप्पेबाजी कर रुपयों से भरा बैग लेकर भागे थे, पुलिस ने पकड़ा, दस लाख बरामद

**वाराणसी।** बीते दिनों रुपयों से भरा बैग लेकर भागने वाली गैंग को वाराणसी पुलिस ने पकड़ लिया है। अपराध को अंजाम देने वाले चार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए हैं जिसमें दो महिलाएं शामिल हैं। बताया जा रहा है कि चारों चोरी और टप्पेबाजी की घटना को अंजाम देने में माहिर हैं। पूरी प्लानिंग के साथ घटना को अंजाम देते हैं और बीते दिन भी इन्होंने कुछ इसी तरह वारदात किया। पुलिस ने इनके पास से दस लाख रुपया और अन्य सामान बरामद किया है। इसके साथ ही इनसे पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी सिगरा संजय कुमार मिश्र, रोडवेज चौकी प्रभारी शिवम मिश्रा, उपनिरीक्षक सुधीर कुमार अग्रहरी,महिला कांस्टेबल काजोल, महिला कांस्टेबल पूजा शुक्ला शामिल रही।

जनसंदेश टाइम्स **वर्गीकृत सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2019 अनुक्रमांक नंबर 2573585 व इंटरमीडिएट वर्ष 2021अनुक्रमांक नंबर 217077988 का सह मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। मुस्कान खान पुत्री इस्तेखार खान ग्राम-ठेकहां, पो0-ठेकहां, तहसील-चकिया जिला-चंदौली उ.प्र.।

सुकन्या समृद्धि योजनांतर्गत पोस्ट ऑफिस के खाता संख्या-6356632663 में मेरी पुत्री का नाम त्रुटिवश कु0 शिवानी (KM SHIVANI) अंकित हो गया है जबकि आधार कार्ड में सही नाम सलोनी साहनी (SALONI SAHANI) है। दोनो नाम एक बालिका के है। भागमनी देवी पत्नी कन्हैया साहनी निवासी ग्राम+पोस्ट-हालपुर, जिला-बलिया (उत्तर प्रदेश)।

I No. 13765811L Hav M. N. pandey of 6 jak Rif R/o village, haraura, post-Amiliya, Dist-Chandauli, Up pin code-232118 Have changed my son name Parmeshwar Pandey To Parmeshwara nand Pandey affidavit dated 18.02.2025 Before Notary Chandauli Dist Up

I Shandya devi W/o No. 13765811L Hav M N Pandey R/o village-haraura, post-Amiliya, Teh-Chakiya, Dist-Chandauli (up) Have changed my name from Shandya devi to Sandhya devi vide Affidavit dated 17.2.2025 before Executive magistrate Chandauli up

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**-पद्मावती महिला महाविद्यालय, अमरा खैरा चक, कन्दवां, वाराणसी सम्बद्ध महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत कला संकाय में स्नातकोत्तर स्तर पर गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, राजनीतिशास्त्र तथा स्नातकोत्तर स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान विषयों में प्रवक्ताओं की। योग्यता विश्वविद्यालय परिनियमावली/यू0 जी0 सी0/म0 गां0 का0 विद्यापीठ, वाराणसी परिनियमावली के अनुसार। वेतन उ0 प्र0 शासन द्वारा निर्धारित। नवीनतम फोटो, पूर्ण विवरण एवं शैक्षिक प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति के साथ प्रथम विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर आवेदन करें।

प्रबन्धक

# महिलाओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाए : नीलम

जनसुनवाई

## सर्किट हाउस में राज्य महिला आयोग की सदस्य ने महलाओं की समस्याओं को सुना

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात ने सर्किट हाउस में गुरुवार को महिला जनसुनवाई की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि महिलाओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाए।

महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में कुल 24 प्रकरण महिलाओं से संबंधित महिला आयोग को प्राप्त हुए। महिलाओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात आयोग की सदस्य नीलम प्रभात ने संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही कर इसकी जानकारी आयोग को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। प्राप्त सभी प्रकरणें में सबसे ज्यादा प्रकरण पुलिस विभाग से संबंधित रहे। पूर्व में भी किरण सोसायटी के विरुद्ध जो शिकायत प्राप्त हुई थी। उसमें तथ्यात्मक एवं गुणात्मक जांच न होने के कारण महिला आयोग की सदस्य ने पुलिस विभाग को तथ्यात्मक जांच कर त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने महिलाओं के मुद्दे को रखा। जनसुनवाई के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष, वन स्टाप सेंटर, श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, बाल विकास पुष्टाहार विभाग, पंचायती राज विभाग, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



**कार्यालय नगर पंचायत रामपुर, जौनपुर**

पत्रांकः 528/न0पं0राम0/2024-25 दिनांक : 20.02.2025

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

पत्रांक 528/न0पं0राम0/2024-25 लाइसेसिंग शुल्क-उपविधि/2024-25 के द्वारा नगर पंचायत रामपुर नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298 (1) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये पालिका बायलाजो के अन्तग4त प्रचलित लाइसेसिंग/कर निर्धारण कर निर्धारण सूची को अद्यतन बनाये रखने के उद्देश्य से एवं लाइसेंसिंग शुल्क उद्यगृहित करने की व्यवस्था बनाने के वास्ते निम्नवत् उपविधि का प्रारूप तैयार किया गया है, जो कि नगर पंचायत द्वारा बोर्ड की बैठक सं0-07 (6) दिनांक 18.11.2024 के द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है। नगर पालिका अधिनियम की धारा 301 (1) के प्रावधानों के अनुसार प्रारूप का प्रकाशन समस्त जनता के सूचनार्थ इस उद्देश्य से किया जा रहा है कि ऐसे समस्त व्यक्ति जिन पर नियमावली का प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो, अपनी-अपनी आपत्ति अथवा सुझाव प्रकाशन भी तिथि से 15 दिवस के अन्दर पालिका में प्रस्तुत कर दे, अन्यथा निर्धारित समय उपरान्त नगर पालिका की अधिनियम धारा 301 (2) के अन्तर्गत शासकीय गजट में अन्तिम्‌ रकाशन की कार्यवाही कर दी जायेगी।

**लाइसेसिंग शुल्कः उपविधि का प्रारूप वर्ष 2024-25**

1. यह उपविधियां लाइसेंसिंग शुल्क उपविधि नगर पंचायत रामपुर जौनपुर, जौनपुर कहलायेगी।
2. क-पालिका का तात्पर्य नगर पंचायत रामपुर जौनपुर से होगा।
3. ख-अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य नगर पंचायत रामपुर जौनपुर के अधिशासी अधिकारी से होगा।
ग-अध्यक्ष अथवा प्रभारी अधिकारी का तात्पर्य नगर पंचायत रामपुर जौनपुर के अध्यक्ष अथवा प्रभारी अधिकारी से होगा।
घ-बोर्ड अथवा अध्यक्ष का तात्पर्य नगर पंचायत रामपुर जौनपुर के बोर्ड अथवा अध्यक्ष से होगा।
ड़-अधिनियम का तात्पर्य उ0 प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1916 से होगा।
3. उपविधियों का प्रसार नगर पंचायत रामपुर जौनपुर की सीमा के अन्तर्गत होगा।
4. अधिशासी अधिकारी किसी ऐसी अधिकारी के अधीक्षण में (जो निरीक्षक के निम्न स्तर का ना हो एवं प्रभारी अधिकारी द्वारा इस हेतु प्राधिकृत किया गया है।) के माध्यम से अभिलेख के रख रखाव करायेगें एवं अनुज्ञापनप जारी करेगें।
5. यदि उपरोक्त प्रतिष्ठान/वाहन स्वामी प्रतिष्ठान व वाहन की संचालन की तिथि से तीन माह क अन्दर सूचना नहीं देता है अर्थात तीन माह उपलान्त सूचना देता है तो उसे 100 प्रतिमाह की दर से विलम्ब शुल्क देना होगा। यदि विलम्ब अवधि की गणना से समय 10 दिन से अधिक आता है तो एक माह का विलम्ब शुल्क देना होगा।
6. नगर पंचायत सीमान्तर्गत यदि कोई होटल, नर्सिंग होम प्रसुतिगृह प्राइवेट हास्पिटल, पैथोलॉजी सेन्टर, एक्सरे क्लीनीक, डेन्टल क्लीनीक, प्राइवेट क्लीनीक, परिवहन, आटो रिक्शा, टैम्पो रिक्शा, ठेला ठेली आदि का संचालन करता है तो नगर पंचायत में लिखित सूचना देनी होगी। तथा नीचे दी गयी व्यवस्था के अनुसार शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा।

**नगर पंचायत सीमान्तर्गत होटल नर्सिंग होम प्रसुतिगृह प्राइवेट हास्पिटल पैथोलॉजी सेन्टर, एक्सरे क्लीनीक, डेन्टल क्लीनीक, प्राइवेट क्लीनीक, परिहवन, आटो रिक्शा, ठेला ठेली आदि हेतु निर्धारित शुल्क**

| क्र0 सं0 | मद का नाम | वार्षिक निर्धारित दर/शुल्कः रूपया में |
|---|---|---|
| 1 | होटल, लॉजिंग एवं गेस्ट हाउस, बरात घर | 1000.00 |
| 2 | तीन सितारा होटल | 9000.00 |
| 3 | पॉच सितारा होटल | 12000.00 |
| 4 | नर्सिंग होम 20 बेड तक | 2000.00 |
| 5 | नर्सिंग होम 20 बेड से ऊपर | 5000.00 |
| 6 | प्रसुतिगृह 20 बेड तक | 4000.00 |
| 7 | प्रसुतिगृह 20 बेड से ऊपर | 5000.00 |
| 8 | प्राइवेट हास्पिटल | 5000.00 |
| 9 | पैथालॉजी सेन्टर | 1000.00 |
| 10 | एक्सरे क्लीनीक | 2000.00 |
| 11 | डेन्टल क्लीनीक | 4000.00 |
| 12 | प्राइवेट क्लीनीक | 3000.00 |
| 13 | अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर | 5000.00 |
| 14 | आटो रिक्शा 2 सीटर | 360.00 |
| 15 | आटो रिक्शा 7 सीटर टैम्पो | 720.00 |
| 16 | आटो रिक्शा 4 सीटर | 500.00 |
| 17 | मीनी बस | 1500.00 |
| 18 | बस | 2500.00 |
| 19 | रिक्शा किराये पर | 150.00 |
| 20 | रिक्शा निजी चालित | 75.00 |
| 21 | ठेला/ठेली | 100.00 |
| 22 | ट्राली | 150.00 |
| 23 | फाइनेन्स कम्पनी चीट एण्ड फण्ड | 6000.00 |
| 24 | इन्श्योरेन्स कम्पनी प्रति शाखा | 12000.00 |
| 25 | बीयर की दुकान | 6000.00 |
| 26 | बिल्डर्स रजिस्टर्ड | 5000.00 |
| 27 | देशी शराब प्रति दुकान | 6000.00 |
| 28 | विदेशी शराब प्रति दुकान | 12000.00 |

7. सक्षम अधिकारी को अधिकार यह अधिकार होगा कि वह अपने द्वारा किसी स्वीकृत आज्ञा को आपात स्थिति में जनहित में रद्द कर दे, काट दे, रो दे। ऐसे में शुल्क का यथोचित भाग उसके द्वारा वापस किया जायेगा।
8. पालिका सीमा के भीतर अनाधिकृत रूप से संचालित प्रतिष्ठान व वाहन पर सक्षम अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह उस व्यक्ति से मूल्य जोखिम व खर्चे पर हटा दे। और इस प्रकार का किया गया व्यय वह नगर पालिका अधिनियम के प्राविधानों के अन्तर्गत उस व्यक्ति व फर्म से वसूल किया जायेगा।
9. यदि कोई व्यक्ति अनुज्ञा का समय हो जाने के उपरान्त भी अपना फर्म/वाहन संचालित किये हुए है और सूचना भी नहीं देता है तो वही व्यक्ति इस अवधि का शुल्क भुगतान करने का उत्तरदायी होगा।
10. अधिशासी अधिकारी के आदेश के विरुद्ध अपील अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी नगर पंचायत रामपुर जौनपुर को की जा सकती है।

**शास्ति (दण्ड)**

संयुक्त प्रान्त नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 299 (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके नगर पंचायत रामपुर यह निर्देश देती है कि इस उपविधि के किसी उपबन्धों का भंग की स्थिति में दण्डनीय होगा जो कि अंकेन रू0 1000 तक हो सकता है और निरन्तर भंग की स्थिति में अग्रेतर जुर्माने से दण्डनीय होगा जो प्रथम दोष सिद्ध होने के दिनांक से जिसके दौरान अपराधी द्वारा निरन्तर अपराध किया जाना सिद्ध होता है। प्रत्येक दिवस के लिए रू0 25 तक हो सकता है।

(चन्दन सिंह गोंड)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत रामपुर, जौनपुर

(विनोद कुमार जायसवाल)
अध्यक्ष
नगर पंचायत रामपुर, जौनपुर

वाराणसी, शुक्रवार 21 फरवरी, 2025

फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष 8, वर्ष 14, अंक 16, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00



# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : नरेन्द्र मोदी और डोनाल्ड ट्रम्प



**अन्दर : मातृभाषा और बहुभाषिकता के प्रश्न**

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



# वाराणसी को साइंस सिटी और नक्षत्रशाला की सौगात

**निर्माण को मंजूरी**

**प्रदेश सरकार ने इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए पांच करोड़ का बजट किया पास**

**वाराणसी।** छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने और नए इनोवेशन को प्रोत्साहित करने के लिए योगी सरकार ने वाराणसी में साइंस सिटी और नक्षत्रशाला के निर्माण को मंजूरी दी है। इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के लिए सरकार ने पांच करोड़ रुपये के बजट को स्वीकृति दी है।

इस परियोजना से न सिर्फ वाराणसी बल्कि आसपास के जिलों के छात्रों को भी लाभ मिलेगा। इसके अलावा, देश-विदेश से वाराणसी आने वाले पर्यटकों के लिए भी यह एक अनोखा आकर्षण होगा, जहां वे विज्ञान की जटिलताओं को रोचक और आसान तरीके से समझ सकेंगे। सरकार ने लालपुर स्थित एलटी कॉलेज में नक्षत्रशाला और नमो घाट के पास साइंस सिटी के निर्माण की योजना बनाई है।

नक्षत्रशाला में ऑडियो-विजुअल तकनीक से लैस एक विशेष ऑडिटोरियम, प्रदर्शनी स्थल, सेमिनार हॉल, सम्मेलन कक्ष और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम होगा। साइंस सिटी का निर्माण नमो घाट के समीप किया जाएगा, जो आधुनिक विज्ञान केंद्र के रूप में विकसित होगी। इस परियोजना को कोलकाता के साइंस सिटी की तर्ज पर डिजाइन किया जाएगा, ताकि छात्रों को विज्ञान और अंतरिक्ष संबंधी जानकारियों का सहज अनुभव मिल सके।

साइंस सिटी के अंतर्गत एक विशेष साइंस पार्क भी विकसित किया जाएगा, जहां बच्चे विज्ञान के जटिल सिद्धांतों को खेल-खेल में समझ सकेंगे। यहां विज्ञान के सामान्य सिद्धांतों को दर्शाने वाले कई मॉडल लगाए जाएंगे, जो छात्रों के लिए आकर्षण का केंद्र होंगे। झूलों के माध्यम से बच्चों को गुरुत्वाकर्षण, संतुलन और बल के सिद्धांतों को व्यावहारिक रूप से समझाया जाएगा। अलग-अलग लंबाई के झूले बनाए जाएंगे, जिससे बच्चे झूलते हुए 'समय और लंबाई' के बीच संबंध को महसूस कर सकें। यह साइंस पार्क छात्रों के वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता को विकसित करने में मदद करेगा। सीडीओ हिमांशु नागपाल ने बताया कि एलटी कॉलेज में नक्षत्रशाला के निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। इसके अलावा, साइंस सिटी के लिए नमो घाट के पास उपयुक्त जमीन चिह्नित कर ली गई है। उन्होंने कहा कि बजट स्वीकृत होने के बाद अब इस परियोजना को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।

## मण्डलीय शाकभाजी फल और पुष्प प्रदर्शनी 22 से

**वाराणसी।** काशी में दो दिवसीय मण्डलीय शाकभाजी,फल और पुष्प प्रदर्शनी 22 फरवरी से होगा। वीडीए, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, नगर निगम,पर्यटन विभाग, उद्योग विभाग, निजी पौधशालाओं और शीतगृहों के संयुक्त सहयोग से राजकीय अलंकृत उद्यान,कम्पनीबाग में होने वाले इस प्रदर्शनी में कृषक गोष्ठी होगा,वही कृषकों को कृषि और बागवानी से संबंधित साहित्य भी दिया जाएगा। यह जानकारी गुरूवार को पत्रकारवार्ता के दौरान वाराणसी मंडल के उपनिदेशक उद्यान दिगविजय कुमार और सुवाष कुमार ने देते हुए बताया कि इस दौरान किसानों को मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन और ग्रीन हाउस खेती सहित कृषि क्षेत्र के नवीनतम तरीकों की जानकारी दी जाएगी । प्रदर्शनी में सरकारी संस्थाओं, महाविद्यालयों, उद्यमियों, निजी पौधशालाओं, रेलवे और अन्य प्रतिष्ठानों के प्रतिभागी भी अपना प्रदर्शन प्रस्तुत करेंगे।

## महाकुंभ ने सिखाया आस्था और समर्पण का भाव

**बोले इंद्रेश कुमार**

**निजी दौरे पर पिंडरा पहुंचने पर कहा-महाकुंभ के बाद बदली है भारत की तस्वीर**



**पिंडरा।** आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य डॉ. इंद्रेश ने कहा कि महाकुंभ ने पूरे दुनिया को आस्था और समपर्ण का भाव सिखाया है। बिना किसी निमंत्रण के एक साथ करोड़ो लोगों का पहुंचना सनातन धर्म का उत्कृष्ठ प्रदर्शन है। जिसे लोगों को पच नही रहा और विकृति मानसिक से ग्रसित होकर बयानबाजी कर रहे हैं। निजी दौरे पर पिंडरा विधानसभा के भानपुर पहुंचने पर गुरुवार को वह मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि यह महाकुंभ केवल आस्था ही नही पैदा किया, बल्कि लाखों-करोड़ों लोगों को रोजगार भी दिया। महाकुंभ ने भारत देश को एक पहचान दी। एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि ममता की राजनीति अब मृत्य की ओर जाने लगी है। तभी वह करोड़ों लोगों के आस्था पर प्रहार कर महाकुंभ को मृत्युकुंभ कहने लगी है। सनातनी उनको इसका उत्तर देंगे। उन्होंने विरोधियों पर प्रहार करते हुए कहा कि जिस तरह राहुल गांधी, अखिलेश यादव, अर्जुन खड़गे और अरविंद केजरीवाल ने सनातन धर्म पर प्रहार कर अपनी मानसिक विकृति होने का प्रमाण दिया है। वह आस्था पर चोट पहुंचाने के समान है। उन्होंने भाजपा नेता व ब्लॉक प्रमुख संरक्षक रविशंकर सिंह को आशीर्वाद दिया। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री डॉ. जेपी दुबे, फौजदार शर्मा, ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र विश्वकर्मा, जिला पंचायत सदस्य अरुण सिंह, इलाका सिंह, बीडीओ छोटेलाल तिवारी, अभिषेक राजपूत, मनीष पाठक, संतोष सिंह, श्याम नारायण सिंह, अमिताभ दुबे, रामु गुप्ता, सुनील दत्त वर्मा, अजय ऊदल, सुधीर सिंह, राधिका चौहान, धनंजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, राजेश राजभर, विकास सिंह विकी, डॉ. जेपी पाल आदि थे।

## बड़ागांव, पिंडरा व चिरईगांव ब्लॉक पर मतगणना आज

**वाराणसी।** त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव में ग्राम प्रधान एवं जिला पंचायत सदस्य के रिक्त पदों के लिए मतदान की मतगणना 21 फरवरी को प्रातः आठ बजे से बड़ागांव, चिरईगांव एवं पिंडरा ब्लॉक मुख्यालयों पर होगी। बड़ागांव प्रतिनिधि के अनुसार, स्थानीय ब्लॉक मुख्यालय पर शुक्रवार को होने वाली मतगणना की तैयारी पूरी कर ली गयी है। मतगणना के समय एक प्रत्याशी अपने साथ एक एजेंट रख सकता है और स्वयं के न रहने पर दो लोगों को रख सकता है।

रिटर्निंग अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मतगणना के लिये दो टेबल लगाये गए हैं। प्रत्येक टेबल पर चार-चार कर्मचारी मौजूद रहेंगे। मतगणना सुबह 8 बजे शुरू होगी और परिणाम आने तक जारी रहेगी। उसके बाद विजय हासिल करने वाले प्रत्याशी को प्रमाण पत्र जारी कर दिया जायेगा। चिरईगांव प्रतिनिधि के अनुसार, जिला पंचायत सदस्य पद के लिए मतगणना शुक्रवार को प्रातः आठ बजे से ब्लॉक सभागार में होगी। सहायक निर्वाचन अधिकारी हवलदार यादव ने बताया कि मतगणना के लिए लगाए गए 10 टेबुलों पर आठ राउण्ड होगी। चुनाव लड़े प्रत्याशियों को मतगणना एजेंट के लिए 10-10 लोगों को नामित किया है। मतदान प्रतिशत बहुत कम होने से मतगणना में अधिक समय नहीं लगेगा। पिंडरा प्रतिनिधि के अनुसार, मंगारी के रिक्त प्रधान पद के लिए हुए उपचुनाव की मतगणना शुक्रवार को ब्लॉक मुख्यालय पर होगी।

## एमएसडब्ल्यू तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 27 फरवरी से

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के समाजकार्य विभाग में एमएसडब्ल्यू तृतीय सेमेस्टर (एनईपी) की परीक्षा 27 फरवरी से शुरू होगी। संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. एमएम वर्मा ने बताया परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक समाज संकाय में होगी।

## संक्षेप

### 21 पंचायत सहायकों को कारण बताओ नोटिस

**चिरईगांव।** ग्राम सचिवालयों में जनसेवा केंद्रों के माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं में रुचि नहीं लेने वाले 21 पंचायत सहायकों को डीपीआरओ ने कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। सहायक विकास अधिकारी कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि उमरहां, सिंहवार, सोनबरसा, रैपुरा, पनिहरी, नरपतपुर, चिरईगांव, छितौना, तातेपुर, सरैयां नंबर-दो, लूठाकलां, सुल्तानपुर, सरसौल, कुकुढ़ा, जयरामपुर, छितौनी आदि गांवों के पंचायत सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं, नरपतपुर, पूरनपट्टी, गौरडीह, उमरहां और बर्थराकलां गांव के पंचायत सहायक से स्पष्टीकरण मांगा है।

### एलएलबी की सेमेस्टर परीक्षाएं 24 फरवरी से

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में एलएलबी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होगी। वहीं, पंचम सेमेस्टर की परीक्षा 25 फरवरी से प्रारंभ होगी। विधि संकाय/विभाग के अध्यक्ष प्रो. रंजन कुमार ने बताया परीक्षा दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक होगी।

### महिला हैंडबॉल में बनारस ने जीता रजत पदक



**वाराणसी।** वाराणसी मंडल की टीम ने गुरुवार को खेल निदेशालय द्वारा आयोजित सीनियर स्टेट महिला आमंत्रण हैंडबॉल प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया। मुरादाबाद के सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में खिताबी मुकाबला वाराणसी और अयोध्या मंडल के बीच खेला गया। दोनों टीम ने शुरू से ही तेज खेल का प्रदर्शन किया। वाराणसी की तरफ से शिवांगी पांडेय और सताक्षी पटेल ने हमले की शुरूआत की। खेल के पहले दस मिनट तक वाराणसी की टीम 6-2 से आगे थी। इस के बाद अयोध्या की टीम ने काउंटर अटैक किया। हाफ टाइम के समय स्कोर 11-11 था। दूसरे हाफ में दोनों टीम ने अपनी-अपनी रणनीति में बदलाव किया। बाल अधिकतर बीच मैदान में रही। खेल के आखिरी आठ मिनट में अयोध्या की टीम ने वाराणसी की डिफेंस लाइन को चीरते हुए कई गोल करते हुए स्कोर 17-14 कर दिया। वाराणसी की टीम ने काउंटर अटैक करते हुए प्रीति और सानिया की मदद से स्कोर 20-20 तक पहुंचा दिया। स्कोर बराबर होने के बाद अयोध्या की टीम ने एक बार फिर तेज आक्रमण कर वाराणसी की डिफेंस लाइन में आई दरार का लाभ उठाया। जब मैच समाप्त होने की सीटी बजी, उस समय अयोध्या की टीम 29-21 से आगे थी। इस हार के बाद वाराणसी की टीम को रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। वाराणसी की तरफ से सताक्षी पटेल और शिवांगी पांडेय ने छह - छह, प्रीति और सोनिया ने चार-चार तथा मानसी ने एक गोल किया। वाराणसी मंडल की टीम में विकास इंटर कालेज की दस छात्राएं शामिल थीं।

### बाबू आरएन सिंह स्पोर्ट्स प्रतियोगिता कल से

**वाराणसी।** बाबू आरएन सिंह स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 27 फरवरी तक परमानंदपुर के मिनी स्टेडियम में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के संयोजक डा. एके सिंह पटेल के अनुसार हॉकी, हैंडबॉल, सौ और दो सौ मीटर दौड़, लंबी कूद , रस्साकसी, रग्बी फुटबॉल, स्किपिंग रोप की स्पर्धा होगी। इसमें 900 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। बालिकाओं की भागीदारी 600 है। यह प्रतियोगिता बालक- बालिका अंडर 16 आयु वर्ग में खेली जाएगी।

### विद्यालय को निपुण बनाने से होगी पहचान: बीईओ

**पिंडरा।** पिंडरा ब्लाक के बीआरसी मंगारी में गुरुवार को विकास खंड के नोडल शिक्षकों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीईओ विनोद कुमार मिश्रा ने आगामी 22 फरवरी को निपुण एसेसमेंट के तहत होने वाली ऑनलाइन परीक्षा की तैयारियों के बाबत आवश्यक निर्देश देने के साथ नोडल शिक्षकों को दायित्व सौंपा और कहा कि एक रणनीति बनाएं और प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए विद्यालय को निपुण बनाने पर जोर दें। इस दौरान अभी तक निपुण नहीं हो पाए विद्यालय के बच्चों के लिए रेमिडियल सामग्री का वितरण भी किया गया, जिससे बच्चों को अभ्यास कराया जा सके। बैठक में एआरपी अजय कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार, संजय वर्मा व कमलेश कुमार के अलावा समस्त न्यायपंचायत के नोडल शिक्षक उपस्थित रहे।

## यूपी बोर्ड जैसी होगी संस्कृत बोर्ड की परीक्षा

**तैयारी**

**कंट्रोल रूम से की जाएगी निगरानी, जोरशोर से चल रही परीक्षा की तैयारी**

**12 केंद्रों पर 27 फरवरी से शुरू होगी परीक्षा, 3914 परीक्षार्थी होंगे शामिल**

**बोले डीआईओएस**

जिला विद्यालय निरीक्षक अवध किशोर सिंह ने बताया कि संस्कृत बोर्ड की परीक्षा के लिए बनाए गए केंद्रों के अध्यक्षों को कंट्रोल रूम संचालन आदि की जानकारी दी जा चुकी है। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी समेत अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**वाराणसी।** इस बार यूपी बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर संस्कृत बोर्ड की परीक्षा कराए जाने की तैयारी है। इसके लिए प्रदेश स्तर पर और जिलेवार कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे। सभी केंद्रों को वायस रिकॉर्डर युक्त सीसी कैमरों से जोड़ा जाएगा। 27 फरवरी से 12 मार्च तक 12 केंद्रों पर होने वाली इस परीक्षा में 3914 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

यूपी बोर्ड परीक्षा शुरू होने के तीन दिन बाद शुरू होने वाली इस परीक्षा को लेकर संस्कृत बोर्ड से जुड़े विद्यालयों में तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। खास बात है कि इस बार 578 छात्राएं भी परीक्षा देंगी। दो पाली की परीक्षा में सुबह 8.30 से 11.45 बजे तक पहली पाली और दोपहर दो बजे से 5.15 बजे तक दूसरी पाली की परीक्षा कराई जाएगी।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की ओर से परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की जा रही है। इसमें यूपी बोर्ड की तरह विशेष रूप से प्रश्न पत्र रखे जाने के लिए स्ट्रांग रूम बनाने, वायस रिकॉर्डर युक्त कैमरा लगवाने की जांच की जिम्मेदारी जिला विद्यालय निरीक्षक को दी गई है। केंद्राध्यक्षों को तत्काल केंद्रों पर वायस रिकार्डर युक्त कैमरे लगवाने के निर्देश दिए गए हैं।

## जल संरक्षण के लिए परम्परात स्त्रोतों का होगा पुनरुद्धार

**जागरूकता कार्यक्रम**

**आराजीलाइन व सेवापुरी ब्लॉक में संचालित की जा रही पीएम कृषि सिंचाई योजना**

**दो दिवसीय वाटरशेड जागरूकता यात्रा के जरिए ग्रामीणों को किया गया जागरूक**




**वाराणसी।** भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना डब्ल्यूडीसी-2.0 के तहत जिले में दो परियोजनाएं आराजीलाइन और सेवापुरी ब्लॉक में संचालित की जा रही है। योजना में कृषि एवं ग्रामीण विकास के एकीकृत प्रबंधन प्रणाली का समावेश है। इसके तहत भारत सरकार के निर्देश पर दो दिवसीय वाटरशेड जागरूकता यात्रा का आयोजन भी पिछले दिनों सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के जरिए जल संरक्षण पर जोर दिया गया। बताया गया कि इसके लिए परम्परागत स्त्रोतों का पुनरुद्धार किया जाएगा।

भूमि संरक्षण अधिकारी, ऊसर सुधार योजना ने बताया कि योजना का उद्देश्य घटते भूजल स्तर एवं वर्षा जल संरक्षण के लिए तालाव, नाला, बंधी एवं पौधरोपण को बढ़ावा देकर इन परम्परागत स्त्रोतों का संरक्षण पुनरुद्धार किया जाना है। प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण से अधिक से अधिक वर्षा जल का संरक्षण किया जाना तथा खेती बारी, पशु पालन एवं पेय जल की निरन्तर उपलब्धता क्षेत्र में बनाये रखना योजना का मूल ध्येय है। इस कार्य की खातिर तालाब, नाला, बंधी एवं अन्य जल स्त्रोतों का निर्माण योजना से प्रस्तावित क्षेत्रों में किया जा रहा है। योजना की वाटरशेड यात्रा का विकास खण्ड आराजीलाइन के रखौना से किया गया। इस अवसर पर पांच ग्रामों के ग्राम प्रधान, विधायक सेवापुरी के प्रतिनिधि रामविलास पटेल, प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य, बीडीओ उपस्थित रहे।

वाटरशेड यात्रा का द्वितीय पड़ाव ग्राम प्रतापपुर रहा। जहां पर प्रधानमंत्री का संदेश वीडियो का करीब 1200 ग्रामीणों ने अवलोकन किया। मौके पर एफपीओ के सदस्य ने विस्तृत जानकारी दी। प्रत्येक ग्राम में प्रभात फेरी कर जल संरक्षण जागरूकता अभियान चलाया गया। ग्राम प्रधान प्रतापपुर की तरफ से पौधरोपण कार्य, नये कार्य का भूमि पूजन, श्रमदान एवं निर्मित जल संचय संरचना का लोकार्पण किया गया। यात्रा के दूसरे दिन विकास खण्ड सेवापुरी परिसर में जिला पंचायत सदस्य की अध्यक्षता में वाटरशेड यात्रा महोत्सव का कार्यक्रम अभियान चलाया गया। यात्रा का पड़ाव ग्राम पंचायत ठठरा सेवापुरी रहा, जहां पर इस महोत्सव में महिलाओं ने काफी बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम पंचायत भवन ठठरा पर आयोजित किया गया। माध्यमिक विद्यालय ठठरा के छात्रों ने पूरे क्षेत्र में वाटरशेड यात्रा की रैली निकालकर समस्त को जागरूक किया। ग्राम पंचायत में ठठरा तालाब का लोकार्पण, पौधरोपण एवं श्रमदान का कार्यक्रम ग्राम प्रधान सुनील कुमार बिन्द के नेतृत्व में किया गया।


# कार्यालय नगर पंचायत, चोपन-सोनभद्र

पत्रांक-264/न0प0चो0/2024-25 दिनांक: 20.02.2025

## अन्तिम अधिसूचना

शासन के पत्र संख्या-912/नौ-9-24-85ज/05 टी0सी0-01 लखनऊ, दिनांक 28 जून, 2024 के द्वारा उत्तर प्रदेश के नगरीय निकायों हेतु स्वकर उपविधि लागू किये जाने हेतु निर्देश दिये गये है उक्त स्वकर उपविधि की धारा-05(1) में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत चोपन, सोनभद्र के द्वारा स्वकर की वार्षिक दरों के निर्धाकरण हेतु प्रतिवर्ग फिट मासिक किराये की दरों का निर्धारण किया जाना है। उपरोक्त उपविधि के अन्तर्गत प्रतिवर्ग फिट मासिक किराये की दर का निर्धारण कर नगर पंचायत चोपन क्षेत्रान्तर्गत सम्बन्धित व्यक्तियों द्वारा अपनी आपत्ति/सुझाव नगर पंचायत चोपन के कार्यालय में प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अन्दर प्रेषित किये जाने हेतु हिन्दी दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण एवं अमर उजाला में दिनांक 21.01.2025 तथा जनसंदेश टाइम्स में दिनांक 23.01.2025 को अनन्तिम प्रकाशन कराया गया था, परन्तु निर्धारित समयावधि के अन्दर किसी भी प्रकार की आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुए है। जिससे यह स्पष्ट है कि स्वकर की प्रतिवर्ग फिट मासिक किराये की वार्षिक दरों में निकाय क्षेत्रान्तर्गत किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति नही है।

अतः अनन्तिम प्रकाशन के क्रम में उक्त सूचना का अन्तिम प्रकाशन करते हुए प्रकाशन के दिनांक से स्वकर की प्रति वर्ग फीट मासिक किराये की वार्षिक दरों को लागू किये जाने हेतु सूचना प्रषित की जा रही है।

**नगर पंचायत चोपन के कक्ष (वार्ड/मुहल्ला) वार आवासीय/अनावासीय भवन एवं कृषक भूमि/प्लाट हेतु निर्धारित मासिक कर/किराया (प्रति वर्ग फीट) दरों की सूची**

| क्र0 सं0 | कक्ष का नाम मुहल्ले का नाम | 24 मी0 से अधिक चौड़े मार्ग पर स्थित भवन की दरें (प्रति वर्ग फीट पैसे में) | | | | 12 मी0 से 24 मी0 तक चौड़े मार्ग पर स्थित भवन की दरें (प्रति वर्ग फीट पैसे में) | | | | 12 मी0 से 9 मी0 तक चौड़े मार्ग पर स्थित भवन की दरें (प्रति वर्ग फीट पैसे में) | | | | 9 मी0 से कम चौड़े मार्ग पर स्थित भवन की दरें (प्रति वर्ग फीट पैसे में) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पक्का भवन RCC छत या RB छत सहित | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन अर्थात समस्त अन्य भवन जो खण्ड क और ख से आच्छादित नहीं है | भूमि/प्लाट | RCC/RB छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन अर्थात समस्त अन्य भवन जो खण्ड क और ख से आच्छादित | खाली भूमि /प्लाट/ अकृषक भूमि | RCC/RB छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन अर्थात समस्त अन्य भवन जो खण्ड क और ख से आच्छादित | खाली भूमि /प्लाट/ अकृषक भूमि | RCC/RB छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन अर्थात समस्त अन्य भवन जो खण्ड क और ख से आच्छादित | खाली भूमि /प्लाट/ अकृषक भूमि |
| 1 | वार्ड 01 लोको कालोनी | 0.65 | 0.49 | 0.43 | 0.33 | 0.49 | 0.37 | 0.33 | 0.24 | 0.37 | 0.27 | 0.24 | 0.18 | 0.27 | 0.21 | 0.18 | 0.14 |
| 2 | वार्ड 02 हिल कालोनी | 0.65 | 0.49 | 0.43 | 0.33 | 0.49 | 0.37 | 0.33 | 0.24 | 0.37 | 0.27 | 0.24 | 0.18 | 0.27 | 0.21 | 0.18 | 0.14 |
| 3 | वार्ड 03 प्रीत नगर | 0.65 | 0.49 | 0.43 | 0.33 | 0.49 | 0.37 | 0.33 | 0.24 | 0.37 | 0.27 | 0.24 | 0.18 | 0.27 | 0.21 | 0.18 | 0.14 |
| 4 | वार्ड 04 सफाई कालोनी | 0.65 | 0.49 | 0.43 | 0.33 | 0.49 | 0.37 | 0.33 | 0.24 | 0.37 | 0.27 | 0.24 | 0.18 | 0.27 | 0.21 | 0.18 | 0.14 |
| 5 | वार्ड 05 मल्लाही टोला प्रथम | 0.82 | 0.62 | 0.55 | 0.41 | 0.62 | 0.46 | 0.41 | 0.31 | 0.46 | 0.35 | 0.31 | 0.23 | 0.35 | 0.26 | 0.23 | 0.17 |
| 6 | वार्ड 06 अवकाश नगर | 0.82 | 0.62 | 0.55 | 0.41 | 0.62 | 0.46 | 0.41 | 0.31 | 0.46 | 0.35 | 0.31 | 0.23 | 0.35 | 0.26 | 0.23 | 0.17 |
| 7 | वार्ड 07 गार्ड एवं ट्राफिक कालोनी | 0.82 | 0.62 | 0.55 | 0.41 | 0.62 | 0.46 | 0.41 | 0.31 | 0.46 | 0.35 | 0.31 | 0.23 | 0.35 | 0.26 | 0.23 | 0.17 |
| 8 | वार्ड 08 अग्रवाल मार्केट | 0.82 | 0.62 | 0.55 | 0.41 | 0.62 | 0.46 | 0.41 | 0.31 | 0.46 | 0.35 | 0.31 | 0.23 | 0.35 | 0.26 | 0.23 | 0.17 |
| 9 | वार्ड 09 मल्लाही टोला द्वितीय | 0.92 | 0.69 | 0.61 | 0.46 | 0.69 | 0.52 | 0.46 | 0.35 | 0.52 | 0.39 | 0.35 | 0.26 | 0.39 | 0.29 | 0.26 | 0.19 |
| 10 | वार्ड 10 गौरव नगर | 0.92 | 0.69 | 0.61 | 0.46 | 0.69 | 0.52 | 0.46 | 0.35 | 0.52 | 0.39 | 0.35 | 0.26 | 0.39 | 0.29 | 0.26 | 0.19 |
| 11 | वार्ड 11 हाइडिल कालोनी | 0.92 | 0.69 | 0.61 | 0.46 | 0.69 | 0.52 | 0.46 | 0.35 | 0.52 | 0.39 | 0.35 | 0.26 | 0.39 | 0.29 | 0.26 | 0.19 |

नोटः-उक्त दरे रेलवे विभाग के आवासों व जमीनों पर लागू नहीं होंगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत, चोपन**
**सोनभद्र**

वाराणसी, शुक्रवार 21 फरवरी, 2025

फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष 8, वर्ष 14, अंक 16, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित





अन्दर : नरेन्द्र मोदी और डोनाल्ड ट्रम्प

अन्दर : मातृभाषा और बहुभाषिकता के प्रश्न

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# बजट में हर वर्ग को लुभाया

## यूपी बजट : 9 लाख आउटसोर्स कर्मचारियों की सैलरी बढ़ाई



## छात्राओं को फ्री स्कूटी मिलेगी, 92 हजार नई नौकरी छुट्टा पशुओं की समस्या खत्म करने का ऐलान

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार का 9वां बजट गुरुवार को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा सदन में पेश किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए 8 लाख करोड़ से ज्यादा का यह बजट है। इसमें 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियां दिखीं। योगी ने बजट सनातन को समर्पित बताया। विधानसभा में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा, सरकार ने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाने का ऐलान किया है। अब उन्हें 16 हजार की जगह न्यूनतम मानदेय 20 हजार रुपए दिया जाएगा। प्रदेश में इस समय करीब 9 लाख आउटसोर्सिंग कर्मचारी हैं। लखनऊ में अक यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी बनाई जाएगी। अल्पसंख्यक समुदाय के विकास के लिए 1,998 करोड़ का बजट रखा है। अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं को 365 करोड़ रुपए स्कॉलरशिप मिलेगी। हर जिले में लेबर अड्डे बनाएंगे, जहां कैंटीन, टॉयलेट की सुविधा रहेगी। जीरो पॉवर्टी की भी घोषणा हुई है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि उज्ज्वला योजना में 2 मुफ्त सिलेंडर दिए जाएंगे। अयोध्या में सोलर सिटी बनेगी। 8 डेटा सेंटर पार्क तैयार होंगे। वहीं बजट में पिछड़ा वर्ग कल्याण के लिए पिछड़ा वर्ग पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के लिए 2825 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। पिछड़ा वर्ग के निर्धन व्यक्तियों की बेटियों की शादी अनुदान योजना के लिए 200 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक और युवतियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण देने के लिए 35 करोड़ रुपए की व्यवस्था की है। वहीं दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजनान्तर्गत 1424 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को कृत्रिम श्रवण सहायक यंत्र आदि खरीदने के लिये आर्थिक मदद की योजना के लिए 35 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है।

निराश्रित महिला पेंशन योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों को देय पेंशन के भुगतान के लिए 2980 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत 700 करोड़ रुपए की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है। वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, गोरखपुर, कानपुर नगर, झाँसी और आगरा में मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला छात्रावासों के निर्माण की नई योजना प्रस्तावित की गई है जिसके लिए 170 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। कोविड के दौरान जिन बच्चों ने अपने माता-पिता को खोया है उनकी देखभाल और वित्तीय सहायता के लिए संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लिये 252 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। पुष्टाहार कार्यक्रम के अन्तर्गत समन्वित बाल विकास परियोजनाओं पर राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाले पोषाहार के लिये करीब 4119 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है।

आंगनबाड़ी कार्यकत्री और सहायिकाओं को अतिरिक्त मानदेय के भुगतान के लिए 971 करोड़ रुपए की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री सक्षम सुपोषण योजना के लिए 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। वित्त मंत्री ने बजट में कृषकों को दुर्घटनावश मृत्यु / दिव्यांगता की स्थिति में आर्थिक सहायता की मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लिए 1050 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। प्रदेश के राजस्व कार्मिकों को ऑन लाइन कार्यों के लिए लैपटाप व स्मार्ट फोन उपलब्ध कराने के लिये 24 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है।

प्रदेश में 8 मण्डलीय लेखपाल प्रशिक्षण विद्यालयों और छात्रावासों का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। यूपी राज्य सड़क परिवहन निगम के बस स्टेशनों, डिपो कार्यशाला आदि का निर्माण और बस बेड़ों को बढ़ाने सम्बन्धी कार्यों के लिए 400 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री ग्राम जोड़ो योजना के लिए मध्यम श्रेणी की इलेक्ट्रिक बसों के क्रय के लिए 100 करोड़ रुपए और चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए 50 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है।



### बजट में दिखा सबका साथ-सबका विकास

वृद्धावस्था/किसान पेंशन योजना के अन्तर्गत प्रति लाभार्थी 1000 रुपए प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। इसके लिए करीब 8105 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

सभी वर्गों की पुत्रियों के विवाह के लिए अनुदान की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए 550 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है।

अनुसूचित जाति के निर्धन व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान योजना के लिए 100 करोड़ रुपए और सामान्य वर्ग के निर्धन व्यक्तियों की बेटियों की शादी योजना के लिए 50 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है।

वृद्ध और अशक्त व्यक्तियों के लिए आवासीय गृह संचालित करने के लिए स्वैच्छिक संस्थाओं को मदद देने के लिए 60 करोड़ रुपए की धनराशि प्रस्तावित है।

अनुसूचित जाति पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के लिए करीब 968 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है।

सामान्य वर्ग पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत 900 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है।

जनजाति विकास के बजट में अनुसूचित जनजाति के छात्र और छात्राओं को पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के लिए करीब 6 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है।

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान पीएम- जनमन के अन्तर्गत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों का समग्र विकास किया जाना है।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारम्भ पीएम मोदी द्वारा 2 अक्टूबर, 2024 को किया गया था। योजना का उद्देश्य देशभर में 63 हजार से ज्यादा जनजातीय बाहुल्य ग्रामों तथा आकांक्षी जनपदों के जनजातीय ग्रामों को 18 विभागों के कार्यक्रमों से संतृप्त किया जाना है।

## 'बजट अगले 25 सालों के लिए रोडमैप बनाने के लिए महत्वपूर्ण'

**लखनऊ।** प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए यूपी का बजट हमारे संविधान के लागू होने के बाद 75 सालों की शानदार यात्रा के बाद यह बजट हमारे अगले 25 सालों के लिए रोडमैप बनाने के लिए अहम है। उन्होंने कहा कि 8 लाख 8 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का यह बजट वित्त वर्ष 2024-2025 के बजट से 9.8 फीसदी ज्यादा है। बजट में पूंजीगत व्यय के लिए 2 लाख 25 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का प्रस्ताव किया है, जो बुनियादी ढांचे पर खर्च किया जाएगा।

उन्होंने दावा किया कि इससे रोजगार पैदा होगा जिससे अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। यूपी आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि कुल बजट का 22 फीसदी बुनियादी ढांचे के विकास के लिए आवंटित किया है। कुल बजट का 13 फीसदी शिक्षा के लिए, 11 फीसदी कृषि क्षेत्र और 6 फीसदी चिकित्सा क्षेत्र को आवंटित किया गया है।

उत्तर प्रदेश सरकार का बजट

छात्रवृत्ति के लिए 4,720 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। गरीबों की बेटियों की शादी के लिए 900 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। सीएम योगी ने कहा कि बजट 2025-26 को वंचितों की सहायता की थीम के साथ डिजाइन किया गया है। योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार लखनऊ में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर स्मारक और संस्कृति केंद्र की स्थापना कर रही है। हमने 2025-2026 के बजट को संविधान की मूलभूत भावनाओं के मुताबिक वंचितों की मदद की थीम के साथ डिजाइन किया है। उन्होंने कहा कि यूपी देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और बजट 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को हासिल करने पर केंद्रित है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में चार नए एक्सप्रेसवे बनाए जाएंगे और सरकार 92 हजार युवाओं को नौकरी देगी। यह रेखांकित करते हुए कि राज्य में बेरोजगारी की दर कम हुई है, सीएम योगी ने कहा कि बजट युवाओं, उद्यमियों और महिलाओं पर केंद्रित है। राज्य में पर्यटन के विकास के बारे में उन्होंने कहा कि 65 करोड़ से ज्यादा पर्यटक पहली बार यूपी आए हैं और उनमें से 14 लाख से ज्यादा विदेशी पर्यटक थे।

## प्रतिक्रिया-विपक्ष

### जुमला मंत्रालय के लिए कितना बजट दिया ?



सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा, ये छुट्टा जानवर तभी हट सकते हैं, जब ये सरकार हटेगी। पूरे स्वास्थ्य विभाग को इलाज की जरूरत है। ये डबल ब्लंडर सरकार ने एक भी मेगा फूड पार्क विकसित किया हो तो हमें बताए। बजट देखकर बुनकरों का ताना बाना रुक गया है, जनता पूछ रही है कि जुमला मंत्रालय के लिए कितना बजट दिया है।

### बड़े घोटाले की पटकथा है बजट : शिवपाल



सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने कहा- यह बजट एक बड़े घोटाले की पटकथा है। अगली बार जुमलों की किताब की जगह जनता की जरूरत का बजट बनाएं। हम 2027 में जनता के हित में एक बेहतर बजट लाएंगे।

### ये पेट भरे मध्यम वर्ग की तुष्टीकरण वाला बजट



बसपा प्रमुख मायावती ने कहा, बजट महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ेपन को दूर करने, आम जनता की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। यूपी सरकार का बजट पेट भरे मध्यम वर्ग के तुष्टीकरण वाला है।

## दलित न होते तो इस देश को संविधान नहीं मिलता : राहुल

**रायबरेली।** देश के संविधान में दलितों का योगदान रेखांकित करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि डॉ. बी आर आंबेडकर के पास सुविधाओं का अभाव था, फिर भी उन्होंने पूरी राजनीतिक व्यवस्था को हिलाकर रख दिया था।



उन्होंने कहा कि अगर इस देश में दलित नहीं होते तो इस देश को संविधान नहीं मिलता। कांग्रेस नेता और रायबरेली के सांसद ने यहां बरगद चौराहा के पास मूल भारती छात्रावास के दलित छात्रों के एक समूह से बातचीत करते हुए यह बात कही। उनके साथ कांग्रेस के अमेठी से सांसद किशोरी लाल शर्मा और पार्टी के अन्य नेता भी थे। देश की बड़ी 500 फर्मों में शामिल कुछ शीर्ष निजी कंपनियों का नाम लेते हुए राहुल गांधी ने युवाओं से पूछा कि उनमें से कितनी कंपनियों के प्रमुख दलित हैं। जब एक युवा ने जवाब दिया कोई नहीं इस पर उन्होंने उससे पूछा, क्यों नहीं? तब दूसरे युवा ने जवाब में कहा कि क्योंकि हमारे पास पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। राहुल गांधी ने असहमति जताते हुए कहा आंबेडकर जी के पास कोई सुविधा नहीं थी। वे अपने प्रयासों में अकेले थे, फिर भी उन्होंने देश की राजनीति को हिलाकर रख दिया था। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि एक पूरी व्यवस्था है जो दलितों के खिलाफ है और नहीं चाहती कि वे आगे बढ़ें। व्यवस्था आप पर हर रोज हमला करती है और आधे से ज्यादा बार तो आपको पता भी नहीं चलता कि यह आप पर कैसे हमला करती है।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
चौक(ठठेरी बाजार): 8318650589
चितईपुर(अवलेशपुर) :9696544217
SUNDAY OPEN
•रथयात्रा •अर्दली बाजार •चौक(ठठेरी बाजार) •चितईपुर(अवलेशपुर)वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

### फ्लाइट में आई तकनीकी खराबी

**नागपुर।** ढाका से दुबई जा रहे बांग्लादेशी एयरलाइंस के विमान में तकनीकी खराबी आने से महाराष्ट्र के नागपुर एयरपोर्ट पर आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस विमान में 396 यात्री और 12 क्रू मेंबर सवार थे। गुरुवार को अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी।

## सुप्रीम कोर्ट ने लोकपाल के फैसले पर लगाई रोक

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय के एक वर्तमान न्यायाधीश के खिलाफ शिकायतों पर विचार करने संबंधी लोकपाल के आदेश पर रोक लगाकर बहुत परेशान करने वाला आदेश करार दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई की अध्यक्षता वाली विशेष पीठ ने लोकपाल द्वारा 27 जनवरी को पारित आदेश पर स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई के संबंध में केंद्र और अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति अभय एस ओका शामिल हैं। पीठ ने शिकायतकर्ता को न्यायाधीश का नाम उजागर करने से रोक दिया है। पीठ ने शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत गोपनीय रखने का भी निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाकर लोकपाल के आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें लोकपाल ने खुद को हाई कोर्ट के मौजूदा जजों की जांच करने का अधिकारी बताया था। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश को बेहद परेशान करने वाला करार देकर केंद्र और लोकपाल के रजिस्ट्रार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। लोकपाल ने 27 जनवरी को आदेश जारी कर हाई कोर्ट के एक मौजूदा अतिरिक्त न्यायाधीश के खिलाफ दो शिकायतों पर कार्रवाई की थी। इन शिकायतों में आरोप था कि संबंधित जज ने निजी कंपनी के पक्ष में फैसला लेने के लिए राज्य के एक अतिरिक्त जिला न्यायाधीश और हाई कोर्ट के एक अन्य न्यायाधीश को प्रभावित किया।

### दिया स्टे

**केंद्र और अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा**

## अयोध्या व वाराणसी स्टेशनों पर बनेंगे स्थायी होल्डिंग एरिया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि रेल इंडिया तकनीकी और आर्थिक सेवा (आरआईटीईएस) को नई दिल्ली, आनंद विहार, गाजियाबाद, वाराणसी और अयोध्या में स्थायी होल्डिंग एरिया डिजाइन करने का काम सौंपा गया है। दरअसल, रेलवे मंत्री वैष्णव ने रेल इंडिया तकनीकी और आर्थिक सेवा के अध्यक्ष राहुल मित्तल के साथ बैठक की, जिसमें रेल इंडिया तकनीकी और आर्थिक सेवा टीम को स्थायी होल्डिंग एरिया डिजाइन करने का काम दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक स्थायी होल्डिंग एरिया डिजाइन का मॉडल तैयार होने के बाद इसे 60 हाई डेंसिटी वाले रेलवे स्टेशनों में इसका विस्तार किया जाएगा। इन स्टेशनों पर सभी अनधिकृत प्रवेश बिंदुओं को बंद किया जाएगा।

## रेखा गुप्ता बनीं दिल्ली की चौथी महिला सीएम

### शपथ ग्रहण

**विजेंद्र गुप्ता विधानसभा स्पीकर और मोहन सिंह बिष्ट डिप्टी स्पीकर बनाए गए**

**नई दिल्ली।** रामलीला मैदान में आयोजित भव्य समारोह में रेखा गुप्ता (50वर्ष) ने गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह समेत बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और एनडीए के वरिष्ठ नेता एवं अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री मौजूद रहे।

गौरतलब है कि रेखा गुप्ता दिल्ली की 9वीं और चौथी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। उनसे पहले सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी इस पद पर रह चुकी हैं। बीजेपी ने 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी की है, जिससे यह पार्टी के लिए एक ऐतिहासिक अवसर बन गया।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ उनकी कैबिनेट के अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ग्रहण की है। मंत्री पद की शपथ ग्रहण करने वालों में प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज, कपिल मिश्रा और पंकज सिंह के नाम शामिल हैं। रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी की बंदना कुमारी को 29,000 से अधिक वोटों से हराकर जीत दर्ज की थी। वहीं, प्रवेश वर्मा ने नई दिल्ली विधानसभा सीट से अरविंद केजरीवाल को हराया। इस शपथ ग्रहण समारोह के साथ बीजेपी ने दिल्ली की राजनीति में एक नई शुरूआत की है। अब सबकी नजरें रेखा गुप्ता और उनकी सरकार के आने वाले फैसलों पर टिकी हैं। भाजपा ने दिल्ली में नई सरकार के शपथग्रहण से पूर्व ही विधानसभा के स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के नाम का भी ऐलान किया है। दिल्ली बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता विधानसभा स्पीकर बनाए गए है। वहीं डिप्टी स्पीकर के लिए मोहन सिंह बिष्ट के नाम का ऐलान किया है।

### नहीं रहूंगी शीशमहल में बनाएंगे म्यूजियम

**नई दिल्ली।** बीजेपी विधायक दल की नेता रेखा गुप्ता ने सीएम पद की शपथ से पहले ही कहा कि शीशमहल को म्यूजियम बनाया जाएगा। बतौर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जिस बंगले में रहते थे उसे बीजेपी शीशमहल कहती है। आरोप है कि केजरीवाल ने इस बंगले के पुनर्निर्माण और साज-सज्जा पर करोड़ों रुपए खर्च किए थे।

## भारत की जीत से शुरूआत, गिल ने जड़ा शतक

### बांग्लादेश को छह विकेट से हराया, शमी की शानदार गेंदबाजी

**दुबई।** भारतीय टीम ने शुभमन गिल के शतक की मदद से बांग्लादेश को चैंपियंस ट्रॉफी के अपने पहले मुकाबले में छह विकेट से हरा दिया है। मोहम्मद शमी की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया था और बांग्लादेश को 49.4 ओवर में 228 रन पर रोक दिया था। जवाब में भारत ने गिल के 129 गेंदों पर नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 101 रनों की बदौलत 46.3 ओवर में चार विकेट पर 231 रन बनाकर मैच जीता। भारतीय टीम ने इस तरह चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरूआत जीत के साथ थी। लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान रोहित शर्मा और गिल ने भारत को अच्छी शुरूआत दिलाई थी, लेकिन रोहित 41 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद टीम ने विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल के विकेट गंवाए। कोहली ने 22 रन, श्रेयस ने 15 और अक्षर ने आठ रन बनाए। इसके बाद केएल राहुल ने गिल के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 87 रनों की अविजित साझेदारी की। केएल राहुल 47 गेंदों पर एक चौका और दो छक्के की मदद से 41 रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश के लिए रिशाद हुसैन ने दो विकेट लिए, जबकि तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर रहमान को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले, बांग्लादेश ने तौहीद ह्रदोय के शतक और जाकिर अली के अर्धशतक की मदद से भारत के सामने जीत के लिए 229 रनों का लक्ष्य रखा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की स्थिति एक समय खराब थी और उसने 35 रन पर ही पांच विकेट गंवा दिए थे,



लेकिन जाकिर और ह्रदोय ने शानदार साझेदारी कर बांग्लादेश की पारी को संभाला। इन दोनों की पारी की मदद से ही बांग्लादेश 49.4 ओवर में 228 रन बनाने में सफल रहा। ह्रदोय 118 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्के की मदद से 100 रन बनाकर पवेलियन लौटे। भारत के लिए मोहम्मद शमी की अगुआई में गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। शमी ने मैच में पांच विकेट लिए, जबकि हर्षित राणा को तीन और स्पिनर अक्षर पटेल को दो विकेट मिले। शमी ने इस दौरान वनडे में अपने 200 विकेट भी पूरे किए। बांग्लादेश के लिए तौहीद के अलावा जाकिर ने 114 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 68 रन बनाए। तौहीद और ह्रदोय के अलावा बांग्लादेश का कोई अन्य बल्लेबाज नहीं चल सका। उसके चार बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके, जबकि तीन खिलाड़ी दहाई अंक तक नहीं पहुंचे। तंजिद हसन ने 25 रन और रिशाद हुसैन ने 18 रनों का योगदान दिया।

### 'मोदी के रहते मुमकिन नहीं है 370 की वापसी'

**नई दिल्ली।** जम्मू और कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला मौका आने पर उमर अपनी बात कहने से नहीं चूकते हैं। हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान उन्होंने कहा कि यदि मोदी सरकार द्वारा किए गए वादे पूरे नहीं होते हैं तो उनकी सरकार केंद्र के साथ अपने संबंधों को लेकर पुनर्मूल्यांकन कर सकती है। साथ ही उन्होंने यह भी साफ शब्दों में कहा है कि पीएम मोदी के रहते जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल-370 की वापसी नहीं हो सकती है। दरअसल एक इंटरव्यू के दौरान सीएम उमर अब्दुल्ला से जब यह पूछा गया कि जब तक नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री हैं, क्या जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के बहाल होने की कोई संभावना है? उमर अब्दुल्ला ने साफ शब्दों में कहा कि नहीं, इसकी कोई संभावना नहीं है।

## सोनिया गांधी गंगा राम अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी को गुरुवार शाम गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों ने बताया कि उनकी हालत स्थिर है और शुक्रवार को उन्हें छुट्टी मिलने की संभावना है। डॉक्टरों की एक टीम उनकी निगरानी कर रही है। पिछले साल दिसंबर में सोनिया गांधी 78 साल की हो गईं। भर्ती होने का सही समय या कारण तुरंत पता नहीं चल सका, एक सूत्र के हवाले से बताया गया कि सोनिया गांधी को गुरुवार सुबह भर्ती कराया गया था। सोनिया गांधी आखिरी बार सार्वजनिक रूप से पिछले हफ्ते 13 फरवरी को संसद के बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में दिखाई दी थीं। 10 फरवरी को, सोनिया गांधी ने सरकार से जल्द से जल्द जनगणना पूरी करने को कहा था।



उन्होंने दावा किया कि देश में लगभग 14 करोड़ लोग खाद्य सुरक्षा कानून के तहत लाभ से वंचित हैं। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान अपनी पहली बातचीत में, सोनिया गांधी ने कहा कि एनएफएसए के तहत लाभार्थियों की पहचान 2011 की जनगणना के अनुसार की जा रही है, न कि नवीनतम जनसंख्या संख्या के अनुसार।

# परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले खुलेगा स्ट्रांग रूम

**बोले उप जिलाधिकारी**

**स्ट्रांग रूम में मोबाइल फोन के साथ प्रवेश प्रतिबंधित**

**केन्द्र व्यवस्थापकों को दिया आवश्यक दिशा-निर्देश**



तहसील सभागार में केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक करते उप जिलाधिकारी

**सिकंदरपुर।** स्थानीय तहसील सभागार में गुरुवार को यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर उप जिलाधिकारी रवि कुमार ने केंद्र व्यवस्थापकों संग बैठक की। बताया कि प्रदेश में 24 फरवरी से यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। पेपर की सुरक्षा एवं बेहतर रख-रखाव के लिए शासन ने विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी किया है।

कहा है कि परीक्षा से पहले पेपर बाहर आने पर संबंधित स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं बाहरी केंद्र व्यवस्थापक जिम्मेदार होंगे। शासन की मंशा के अनुसार स्ट्रांग रूम जहां डबल लॉक हो, उसी आलमारी में पेपर रखे। उसको परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले खोला जायगा और पेपर समाप्त होने के एक घंटे के बाद सील किया जाएगा। पेपर की सुरक्षा के लिए वॉयस रिकार्डर, नाइट विजन युक्त सीसीटीवी कैमरा एवं एक कमरे को स्ट्रांग रूम बनाया जाए। स्ट्रांग रूम की चाभी स्टैटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में होगी। कमरे को खोलने एवं बंद करने की जानकारी भी लॉग बुक-रजिस्टर में दर्ज की जाएगी। इसी तरह स्ट्रांग रूम की डबल लॉक आलमारी को खोलने एवं सील करने की प्रक्रिया केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक व स्टैटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में ही की जाएगी। इसका भी रजिस्टर मेंटेन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस रजिस्टर की फोटो डीआईओएस के वाट्सअप पर भेजी जाएगी। परीक्षा केंद्र पर पेपर पहुंचने से तीन दिन पहले स्ट्रांग रूम बना लिया जाए और 24 घंटे सीसीटीवी कैमरा सक्रिय रखा जाए। बताया कि अपर मुख्य सचिव की मंशा के अनुसार स्ट्रांग रूम में किसी भी अधिकारी-कर्मचारी का मोबाइल फोन के साथ प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। पेपर लीक जैसी किसी भी घटना पर रोक लगाने के लिए पेपर पहुंचने के दिन से ही 24 घंटे निगरानी डीएम द्वारा कराई जाएगी। इसके लिए जिलाधिकारी द्वारा टीम गठित कर दी गयी है। इस अवसर पर विनोद प्रकाश सिंह, डा. संजय राय, ओम नारायण सिंह, ईश्वरचन्द विद्यासागर, सत्येन्द्र कुमार सिंह, किरण तिवारी आदि मौजूद रहे।

## पारिवारिक कलह से परेशान होकर महिला ने लगायी फांसी

**बलिया।** सुखपुरा थाना क्षेत्र के अपायल गांव में गुरुवार की सुबह पारिवारिक कलह से एक महिला ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया और घटना की जांच में जुट गई। जानकारी के अनुसार सुखपुरा थाना क्षेत्र के अपायल गांव में अनीता देवी (65) पत्नी स्व. बलिराज वर्मा गुरुवार की सुबह पंखे में फंदा लगाकर फांसी पर झूल गई, जिससे उसकी मौत हो गई। अनीता की उसके लड़के से विवाद चल रहा था। विवाद थाने पर भी पहुंचा था। 23 फरवरी को पंचायत की तारीख तय की गई थी। इसी बीच उसने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। बलिराज वर्मा ने दो शादियां की थी। दोनों पत्नियां जीवित है। अनीता देवी बलिराज की दूसरी पत्नी थी। बलिराज के जीवनकाल में ही दोनों पत्नियां अपने-अपने बच्चों के साथ अलग-अलग रह रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस घटना की बारीकी से जांच कर रही है।

# पुलिस ने गोवंश के साथ तीन तस्करों को पकड़ा

**सफलता**

**संबंधित धाराओं में पाबंद कर किया चालान**

**बलिया।** फेफना पुलिस ने सागरपाली-थम्हनपुरा मार्ग पर स्थित बघेजी गांव के समीप से पिकअप पर लदे गोवंशों के साथ तीन गौ-तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उनको संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया।

जानकारी के अनुसार फेफना पुलिस ने गुरुवार को पिकअप पर लदे गोवंशों के साथ तीन गौ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मुखबिर खास से सूचना मिली कि बघेजी गांव के सामने पिकअप पर लदे गोवंश के साथ तस्कर खड़े है। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर चालक तथा उसके सहयोगी पिकअप छोड़कर भागने लगे। पुलिस ने तीन लोगों को पकड़ लिया। इसमें मुबारकपुर, आजमगढ़ निवासी बदरे आलम उर्फ राजा (21), हलधरपुर, मऊ निवासी प्रियांशु उर्फ राज रावत (18) एवं इच्छा चौबे के पूरा, नरही निवासी मोहित साहनी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पिकअप, दो गाय और एक बछड़े को बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर चालान न्यायालय कर दिया गया।

**पशु तस्करों का सेफ जोन बना सेमरा घाट**

**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र के सागरपाली का सेमरा घाट, सागरपाली-थम्हनपुरा मार्ग पशु तस्करों के लिए सेफ जोन बना हुआ है। गंगा एवं टोंस नदी का किनारा पशु तस्करों के लिए सुरक्षित जगह बनता जा रहा है। बीते मंगलवार को सागरपाली के सेमरा घाट पर तेज रफ्तार से जाते मैजिक को देख कर ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना देने के साथ ही उसका पीछा किया गया। लेकिन जब तक पुलिस पहुंचती, तब तक मौके का फायदा उठाकर मैजिक गाड़ी छोड़कर लोग भाग निकले।

## दो दुकानदारों में मारपीट, छह लोगों पर केस

**बलिया।** शहर के भृगु मंदिर परिसर के अंदर ग्राहक बुलाने को लेकर दो मिठाई दुकानदार आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों से छह लोग डंडा, पटरा, राड लेकर एक-दूसरे से भिड़ गए। परिसर में 20 मिनट तक गहमागहमी बनी रही। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को जिला अस्पताल पहुंचाया। मामले में दोनों पक्षों से छह लोगों पर केस दर्ज किया गया है।

मिठाई दुकानदार शंकर गुप्ता ने आरोप लगाया कि आए दिन सामने का दुकानदार उसके यहां आने वाले ग्राहकों को भड़का देता है। कई बार मना करने के बावजूद रवैये में सुधार नहीं कर रहा है।

सुबह के समय एक ग्राहक मिठाई खरीदने आया था। सामने वाले ने खराब मिठाई का आरोप लगाकर अपनी दुकान पर बुला लिया। इसका विरोध करने पर चार-पांच लोग हमला बोल दिए। इसमें उसके दो भाई घायल हो गए। इस बाबत प्रभारी कोतवाली प्रिजेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर कुल छह लोगों पर केस दर्ज किया गया है।

# एसपी ने 34 उप निरीक्षकों को किया इधर से उधर

## संबंधित आदेश से अवगत होकर अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने जनहित एवं प्रशासनिक हित में 34 उप निरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से इधर-उधर किया है। कानून व्यवस्था को और चुस्त-दुरूस्त करने के मद्देनजर हुए इस तबादले में 25 पुलिस चौकी को नये इंचार्ज मिले है। पुलिस अधीक्षक ने स्थानान्तरित उप निरीक्षकों को सम्बन्धित आदेश से अवगत होकर तत्काल अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

ओक्डेनगंज चौकी प्रभारी गिरिजेश प्रताप सिंह को सिविल लाइन चौकी, उनि बृजेश कुमार सिंह को अपराध शाखा से ओक्डेनगंज चौकी प्रभारी, उनि पवन को चौकी प्रभारी हास्पिटल से सतनी सराय चौकी प्रभारी, उनि आदर्श श्रीवास्तव को चौकी प्रभारी शिवपुर दियर से चौकी प्रभारी बिचलाघाट, उनि मृत्युंजय सिंह को बिचलाघाट चौकी से शिवपुर दियर चौकी प्रभारी, उनि नजर अब्बास को नरहीं थाना से चौकी प्रभारी हास्पिटल, उनि नीरज यादव को थाना हल्दी से चौकी प्रभरी ताखा, उनि अशोक कुमार को सुरेमनपुर चौकी प्रभारी से चौकी प्रभारी बेरूआबारी, उनि अखिलेश नारायण सिंह को चौकी प्रभारी बेरूआरबारी से चौकी प्रभारी सुल्तानपुर, बासंडीह, गणेश पांडेय को चौकी प्रभारी संवरा रसड़ा से चौकी प्रभारी कोरंटाडीह, उनि संतोष यादव को चौकी प्रभारी ताखा से चौकी प्रभारी दक्षिणी रसड़ा, देवेंद्र कुमार को चौकी प्रभारी सीयर से चौकी प्रभारी उत्तरी रसड़ा, उनि बांके बहादुर सिंह को चौकी प्रभारी उत्तरी रसड़ा से चौकी प्रभारी सीयर, उनि सागर कुमार रंगु को बांसडीह थाना से चौकी प्रभारी जयप्रकाशनगर, समरेंद्र कुमार मिश्र को नगरा थाना से प्रभारी चौकी चौसठबंधा सहतवार, उनि चंद्रशेखर यादव को थाना चितबड़ागांव से चौकी प्रभारी गोपालनगर रेवती, उनि रामअनुज को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी इब्राहिमपट्टी भीमपुरा, उनि अरूण कुमार सिंह को प्रभारी चौकी कस्बा बैरिया से चौकी प्रभारी संवरा, रसड़ा, उनि गजानंद सिंह को प्रभारी चौकी इब्राहिमपट्टी भीमपुरा से चौकी प्रभारी माल्दा, सिकंदरपुर, उनि रामानुज शुक्ला को चौकी प्रभारी सुल्तानपुर बांसडीह से चितबड़ागांव थाना, उनि औरंगजेब खां को खेजुरी थाना से चौकी प्रभारी वसुधरपाह हल्दी, उनि हरिचरण यादव को चौकी प्रभारी बसंतपुर, सुखपुरा से चौकी प्रभारी सुरेमनपुर, बैरिया, उनि अरविंद कुमार सिंह को थाना पकड़ी से उभांव थाना, उनि शिवमूर्ति तिवारी को चौकी प्रभारी माल्दा सिकंदरपुर से चौकी प्रभारी पकवाईनार, रसड़ा, उनि रामअचल यादव को थाना फेफना से चौकी प्रभारी बसंतपुर, सुखपुरा, गुरू प्रसाद सिंह को पुलिस लाइन से फेफना थाना, सुशील कुमार यादव को दोकटी थाना, चौकी प्रभारी कस्बा बैरिया, उनि राजू कुमार राय को प्रभारी चौकी सतनी सराय से कोतवाली थाना, हितेश कुमार को चौकी प्रभारी चंद्रशेखर नगर, थाना कोतवाली से प्रभारी एसओजी स्वाट टीम, उनि मनोज कुमार सिंह को पुलिस लाइन से एएचटी थाना, उनि श्यामजीत यादव को पुलिस लाइन से नरहीं थाना, उनि राजेश राम को पुलिस लाइन से खेजुरी थाना, उनि अखिलेश प्रसाद शर्मा को पुलिस लाइन से नगरा थाना स्थानांतरण किया गया है।

# जिले को मिला मेडिकल कॉलेज, जश्न का माहौल



परिवहन मंत्री के आवास पर कार्यकर्ताओं का मुह मीठा कराते धर्मेन्द्र सिंह



आतिशबाजी करके खुशी का इजहार करते भाजपा कार्यकर्ता

**खुशी**

**परिवहन मंत्री के आवास पर हुई आतिशबाजी, उड़े अबीर-गुलाल**

**बलिया।** जनपद को बहुप्रतीक्षित मेडिकल कालेज की सौगात मिलने की सूचना जैसे ही बजट में प्रसारित हुई, चहुंओर खुशी की लहर दौड़ गई। जनपद के लोग एक-दूसरे को बधाई देने लगे। प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के अथक प्रयास से लंबे इंतजार के बाद मिली इस सौगात पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया।

परिवहन मंत्री के अनुज धर्मेंद्र सिंह ने बलिया स्थित आवास पर कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाई और जमकर आतिशबाजी की। गाजे-बाजे के साथ लोगों ने होली के पूर्व ही खूब अबीर-गुलाल उड़ाया। धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि जिले के लिए इससे बड़ी सौगात और कोई नहीं हो सकती है। आज जनपद में मेडिकल कालेज के नहीं होने से लोगों काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। किसी भी गंभीर बीमारी में लोगों को बाहर भागना पड़ता है। ऐसे में जिले में मेडिकल कालेज बन जाने से बलिया समेत आस-पास के इलाके के लोगों को भी काफी सहूलियत मिलेगी। कहा कि बजट में मेडिकल कालेज के लिए 27 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे इसका कार्य तत्काल प्रारंभ होगा। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सोनी तिवारी, अमिताभ उपाध्याय, जिला मंत्री संतोष सिंह, राजेश गुप्ता, हर्ष सिंह, अरुण सिंह, मकनू सिंह आदि मौजूद रहे।

## महापुरुषों को समर्पित होगा मेडिकल कॉलेज

**बोले दयाशंकर सिंह**

**आने वाले दिनों में जनपदवासियों को मिलेंगी और भी सौगातें**



दयाशंकर सिंह

**बलिया।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद यह खुशी का दिन आया है। इसके लिए प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना साधुवाद के पात्र हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2022 में बलिया में एक कार्यक्रम के दौरान मेडिकल कालेज की घोषणा की थी, तभी से इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा था। मेडिकल कालेज के लिए प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में हुए कैबिनेट में ही स्वीकृति मिल गई थी, जिसके लिए बजट में 27 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति मिल गई है।

कहा कि बीच में इसे पीपीपी मॉडल पर बनाने की सहमति बनी, लेकिन मेरा प्रयास राजकीय मेडिकल कालेज का था। कहा कि मेडिकल कालेज में पठन-पाठन की व्यवस्था जिला जेल की भूमि पर होगी तो वहीं चिकित्सकीय कार्य जिला पुरुष व महिला अस्पताल में होगा। कहा कि जिला जेल की भूमि पर ही दो एकड़ में जिले के महापुरुषों एवं अमर सेनानियों के लिए एक गैलरी बनाई जाएगी। मेडिकल कालेज बन जाने से यहां के लोगों की सबसे बड़ी समस्या का समाधान होगा। इससे लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा मिलने के साथ रोजगार आदि का भी अवसर प्रदान होगा। कहा कि यह मेडिकल कालेज जिले के अमर सेनानियों एवं महापुरुषों को समर्पित होगा। अभी आने वाले दिनों में जिले के लोगों को और भी सौगातें मिलेगी।

## बलिया के पिछड़ेपन को दूर करने में सहायक होगा बजट

**बोले सीए बलजीत सिंह**

**मेडिकल कॉलेज के लिए धन स्वीकृत होने पर हर्ष का माहौल**



सीए बलजीत सिंह

**बलिया।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा बजट पेश किया गया, जो आज तक का सबसे बड़ा आठ लाख करोड़ से अधिक का भारी भरकम बजट है। इसमें कई बड़े ऐलान किए गए है। जैसे कि मेधावी छात्राओं को पात्रता के आधार पर स्कूटी देना, युवाओं को ब्याज मुक्त लोन देना, नई नौकरियां देना, विद्यार्थियों के लिए कई योजनाएं शुरू करना, नगर पालिकाओं को स्मार्ट सिटी बनाना, चार नए एक्सप्रेस-वे बनाना आदि शामिल रहा। साथ ही इस बजट में जिलों में रिंग रोड बनाने, बाईपास बनाने, सड़क नेटवर्क को मजबूत करने हेतु की अच्छा खासा बजट का प्रावधान किया गया है।

सीए बलजीत सिंह ने कहा कि विशेष रूप से पूर्वांचल के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए अलग से 575 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। साथ ही कई अन्य योजनाओं की भी घोषणा की गई है, जिससे किसान, युवा, छात्र, किसान, उद्यमी को लाभ मिलने की संभावना है। अगर बलिया के संदर्भ में इस बजट की चर्चा की जाए तो प्रदेश सरकार द्वारा पेश बजट निश्चित रूप से ऐतिहासिक रहा। इस बजट में बलिया जनपद की बहुत पुरानी मांग राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के लिए धन स्वीकृत किया गया है। इससे अब बलिया में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी और मरीजों को रेफर नहीं होना पड़ेगा। आशा है कि बलिया जनपद के प्रस्तावित बाईपास योजना, कहटल नाला परियोजना तथा भृगु कारिडोर को भी इस बजट के प्रावधानों में ही पूरा कराया जाएगा। सारांश में यह कहा जा सकता है कि बलिया जनपद के पिछड़ेपन को दूर करने में यह बजट निश्चित रूप से सहायक सिद्ध होगा।



दानिश आजाद अंसारी

### जनता की अपेक्षा पर उतर रहे खरा : दानिश

**बलिया।** राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा की योगी सरकार का यह बजट विकास का बजट है। खास तौर पर बलिया में मेडिकल कालेज के लिए योगी ने 27 करोड़ रुपये दिए। इसके लिए उनका हृदय से आभार। हर जनपद का विकास, हर जनपद को सुविधा। ये सरकार का हमेशा एजेंडा रहा है। योगी सरकार से जो अपेक्षा जनता ने की थी, उस पर हम खरा उतरे है। प्रदेश की सेवा हमारा कर्तव्य है और अपने कर्तव्यों का हम ईमानदारी से निर्वहन कर रहे है।

### बीसीडीए ने व्यक्त किया हर्ष

**बलिया।** बलिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन बलिया ने उप्र सरकार के बजट में जिले में मेडिकल कालेज के लिए धन स्वीकृत किये जाने पर हर्ष व्यक्त किया है। इसके लिए बलिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर आनंद सिंह, बब्बन यादव, मनोज श्रीवास्तव, अनिल त्रिपाठी, राजेश सिंह, संजय दूबे, विशाल सिंह, श्रीप्रकाश वर्मा, मनोज भट्ट, असीम, छोटू सिंह, अजीत आदि मौजूद रहे।

### यह बजट आमजन के लिए निराशाजनकः ओमप्रकाश



ओमप्रकाश भारती

**बलिया।** बसपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भारती ने कहा कि यूपी का 2025-26 का बजट मात्र छलावा है। इस बजट से आम आदमी के जीवन में कोई सुधार नहीं होने वाला है। जो स्मार्ट सिटी की बात की गई है, उसके तहत गरीब, ठेला, खोमचे और रेहड़ी लगाकर जीविका चलाने वालों को उजाड़ने के अलावा कुछ नहीं है। इसका उदाहरण बलिया में बुलडोजर करवाई से तबाह हुए दुकानदारों का चल रहा भूख हड़ताल है। लोगों के रोजगार के लिए कोई ठोस इंतजाम नहीं किया गया है। जिनको पहले से एक फ्री गैस सिलेंडर दिया गया है, वो लोग आर्थिक तंगी के कारण भरवा नहीं पा रहे और सरकार दो फ्री सिलेंडर देने का एलान कर रही है। एक्सप्रेस-वे बनाने की बात हो रही है, लेकिन आए दिन हो रही भीषण दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कोई इंतजाम नहीं है। वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन आदि सामाजिक सुरक्षा वाली योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही हैं। अधिकारी, कर्मचारी और दलाल मिलकर धन का बंदरबांट कर रहे हैं। अपात्र लाभ ले रहे हैं और पात्र दर-दर भटक रहे हैं। कुल मिलाकर यह बजट आम लोगों के लिए निराशाजनक है।

## संक्षेप

### अपहरण एवं दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** नगरा पुलिस ने इलाके के दो किशोरियों के अपहरण, पास्को एवं दुराचार के मामले में दो युवकों को गुरुवार को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थानाध्यक्ष कौशल पाठक ने बताया कि दोनों किशोरियों की बरामदगी के बाद मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक राजेश सिंह ने पुलिस टीम के साथ सिसवार मोड़ से अभियुक्त पाण्डेयपुर गांव निवासी आकाश गोंड़ एवं मोहन राजभर को गिरफ्तार किया गया। 20 जनवरी को दोनों युवक एक गांव से 12 एवं 13 वर्ष की किशोरियों को बहला-फुसला कर भाग ले गए थे। उन्हे पुलिस हिरासत में लेकर कार्यवाही में जुट गई। दोनों किशोरियों का मेडिकल करा कर अभियुक्तों को चालान न्यायालय किया गया है।

### एसपी ने यातायात सिपाही को किया निलंबित

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने यातायात पुलिस में नियुक्त टीपी प्रेम सागर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इन पर कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता, अकर्मण्यता और अनुशासनहीनता बरतने का आरोप है। बता दें कि यातायात सिपाही प्रेम सागर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि जनसंदेश अखबार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वायरल वीडियो में साफ दिख रहा कि ट्रैफिक सिपाही शराब के नशे में बाइक चला रहा है। हेलमेट भी नहीं लगाया है। वीडियो वायरल होने से विभाग की काफी किरकिरी हुई है।

### आग से घर-गृहस्थी का सामान राख



**मनियर।** क्षेत्र के ग्राम सभा रिगवन में गुरुवार की दोपहर में विनय पाठक पुत्र सुरेंद्र उर्फ लल्लन पाठक के यहां शार्ट सर्किट से आग लग गई। विनय पाठक ने बताया कि हम लोग इसी में रहते थे। दोपहर का खाना खाकर हम लोग अपना-अपना काम कर रहे थे, तभी सामने स्थित प्राइमरी स्कूल के मास्टर साहब ने शोर मचाया कि आग लग गई हैं। शोर सुनकर जब तक हम लोग पहुंचे, तब तक आग ने सारा सामान जलाकर राख कर दिया था। घर में रखे पांच बोरी चावल तथा गेहूं, एक चौकी तथा एक साइकिल जलकर राख हो गई।

### डीएम से की मिट्टी खनन रोकने की मांग

**बलिया।** समाजसेवी दीना भाई ने गंगा किनारे ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण में गंगा नदी के किनारे से मिट्टी खनन रोकने को लेकर जिलाधिकारी को पत्रक सौंपा। कहा कि ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण जनपद गाजीपुर से मांझी तक हो रहा है। इसमें गंगा नदी के किनारे से ही मिट्टी खनन हो रहा है। यह आने वाले दिनों में बलिया में भयंकर तबाही मचा सकता है और हजारों लोगों की जान जा सकती है। पता चला है कि गंगा नदी से लगभग दो सौ मीटर की दूरी पर ही मिट्टी खनन किया जा रहा है। ठेकेदारों द्वारा गंगा नदी के किनारे से ही मिट्टी खनन किया जा रहा है। इससे बाढ़ आने पर जान माल की क्षति हो सकती है। बलिया से लेकर हल्दी, बघौंच, गायघाट एवं मांझी तक कृषि योग्य भूमि से भी मिट्टी खनन हो रहा है। धूल उड़ने के कारण फसलों को नुकसान हो रहा है।

### मॉडल तहसील पर 25वें दिन भी जारी रहा धरना



**बलिया।** ऑल गोंडवाना स्टूडेन्ट्स एसोसिएशन (आगसा) के तत्वावधान में मॉडल तहसील परिसर में गोंड समुदाय के छात्र नौजवानों का जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की मांग को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना गुरुवार को 25वें दिन भी जारी रहा। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव जैनेन्द्र पांडे मिंटू ने कहा कि शासनादेश के बाद भी गोंड को अनुसूचित जनजाति का जाति प्रमाण पत्र न जारी किया जाना घोर अराजकता है। यह शासनादेश की अवमानना है। जिले के प्रत्येक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में गोंड समुदाय के छात्र पढ़ते हैं। गोंड छात्र नौजवानों का जाति प्रमाण पत्र जारी कर इनके साथ संवैधानिक न्याय किया जाना चाहिए। इस अवसर पर बच्चालाल गोंड, सुरेश शाह, संजय गोंड, मनोज शाह, मैनेजर गोंड, विक्रम गोंड, सुमेर गोंड, आलोक गोंड, मुकेश गोंड, श्रीपति गोंड, दिनेश गोंड, संतोष गोंड, रघुनाथ गोंड, शिवकुमार गोंड, सिकंदर गोंड, दीपक गोंड आदि मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न, बांटी मिठाई



**बेल्थरारोड।** दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री की शपथ ली। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने तहसील कैम्पस स्थित कैम्प कार्यालय में जश्न मनाया और एक-दूसरे को मिष्ठान वितरण कर बधाई दी। समारोह में भाजपा के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं डीआरयूसीसी मेम्बर देवेन्द्र कुमार गुप्त एडवोकेट ने भी भाग लिया। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शौकत अली, पूर्व अध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव, अमरनाथ सिंह, सुनील श्रीवास्तव, दिलीप कुमार जायसवाल, संजीत कुमार गुप्त, संतोष पासवान, प्रेमचन्द राजभर, सत्यदीप चंद्रा, सखीचन्द राजभर, गंगेश मिश्रा सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने इस समारोह में भाग लिया।

### देशी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार




**बांसडीह।** कोतवाली पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 पेटी देशी शराब बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने उसे संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थों के निष्कर्षण व तस्करी के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अनिल कुमार झा के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी बैरिया मो. फहीम कुरैशी के कुशल नेतृत्व में बांसडीह पुलिस टीम को सफलता मिली है। गुरुवार को बांसडीह पुलिस टीम के उनि शकील अहमद, हेकां. हरेन्द्र कुमार, कां. शैलेश कुमार देखभाल क्षेत्र रोकथाम जुर्म जरायम तलाश वांछित/संदिग्ध व्यक्ति हेतु बांसडीह चौराहे पर खड़े थे कि मुखबीर खास की सूचना के आधार पर किर्तुपुर चट्टी के पास से खेवसड़ की तरफ से एक मोटरसाइकिल से टीएस बन्धा पर आ रहे अभियुक्त को राहुल यादव पुत्र लालचन्द यादव निवासी ककटी खेवसड, थाना बांसडीह को पुलिस हिरासत में लिया गया। जमातलाशी में मोटरसाइकिल पर बधी हुई कार्टून की तलाशी ली गयी तो 15 पेटी देशी नाजायज शराब बन्टी बबली बरामद हुई। पुलिस ने अभियुक्त को संबंधित धाराओं में पाबंद करने के साथ ही बाइक को सीज कर दिया।

### बदलते मौसम में लापरवाही, सेहत पर पड़ेगी भारी

**बैरिया।** मौसम के उतार-चढ़ाव एवं बदलते मौसम में लोग सर्दी, जुकाम, बुखार व निमोनिया से परेशान है। डाक्टरों का कहना है कि जरा सी भी लापरवाही सेहत पर भारी पड़ सकता है। गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा सहित आस-पास के प्राइवेट चिकित्सकों के क्लिनिक में निमोनिया से पीड़ित रोगी विशेष कर बच्चों की संख्या अन्य दिनों से अधिक देखी गई। दिन में गर्मी और रात में ठंडा होने के चलते इन बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है। ऐसे मौसम में अधिक परेशानी छोटे बच्चों को हो रही है। चिकित्सक डा. मनोज कुमार उपाध्याय ने बताया कि लंबे समय तक खांसी, निमोनिया, गले में दर्द, संक्रमण, जकड़न, आंख एवं नाक से पानी आना, एलर्जी व सांस की दिक्कत इस मौसम में आने की आशंका रहती है। ऐसे में सावधान रहने की जरूरत है। विशेषकर बच्चों को ठंड से बचाने में सतर्कता बरते। किसी तरह की समस्या हो तो झोलाछाप डाक्टर के पास जाने से अच्छा होगा कि सरकारी डाक्टर के पास जाय। खान-पान में संयम बरते एवं ठंड से बचे। सावधानी से बचाव होगा।

(बलिया की खबरें पेज 13 पर भी)

# सड़क हादसे में घायल युवक की मौत, दो की हालत गंभीर

**दु:खद**

**गोरखपुर-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो तेज रफ्तार बाइकों में आमने-सामने हुई थी टक्कर**

जनसंदेश न्यूज



मरदह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घायलों का इलाज करते चिकित्सक।

**मरदह।** स्थानीय बस स्टैंड स्थित फ्लाईओवर कंसहरी गांव के सामने गोरखपुर-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार की देर शाम करीब सात बजे दो तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर आमने-सामने टकरा गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद हाई-वे पर अफरातफरी मच गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की गंभीर हालत को देखते हुए, उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

गोविन्दपुर कीरत गांव निवासी किसान सत्येन्द्र उर्फ सोनू यादव उम्र 33 वर्ष अपने बाइक से गाजीपुर से मरदह की तरफ आ रहे थे। जैसे ही वह स्थानीय फ्लाईओवर पर पहुंचे, सामने मऊ की तरफ से आ रही बाइक सवारों से जोरदार टक्कर हो गई। जिससे तीन लोग घायल हो गए। तीनों को मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान सत्येन्द्र उर्फ सोनू यादव 33 की मौत हो गई। खबर मिलते ही पूरे गांव में मातम छा गया। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था,जिससे परिवार की जिम्मेदारियां भी उसी के कंधों पर थीं। मौत की खबर से पत्नी लक्ष्मीना देवी,भाई बृजेश यादव व योगेश यादव का रो रो कर हाल बेहाल था। हादसे में घायल नानपारा धर्मागतपुर थाना दुल्लहपुर निवासी बबलू चौहान 32 वर्ष व पंकज चौहान 27 वर्ष का इलाज अस्पताल में चल रहा है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

> थानाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने बताया कि दुर्घटना में शामिल दोनों क्षतिग्रस्त बाइकों को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल की जा रही है।हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।मृतक के भाई के तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# पत्नी से झगड़े के बाद युवक ने की आत्महत्या की कोशिश

**हताशा**

**एक वर्ष पूर्व धानापुर गांव की रहने वाली ज्योति से हुई शादी**

**जमानियां।** कोतवाली क्षेत्र के कसेरा गांव में गुरुवार दोपहर करीब एक युवक ने पारिवारिक कलह के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। संयोगवश परिजनों की नजर पड़ने से उसकी जान बच गई। आनन-फानन में परिजनों ने उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे गाजीपुर रेफर कर दिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, कसेरा गांव निवासी अरविंद कुमार (23) का विवाह एक वर्ष पूर्व चंदौली जनपद के धानापुर क्षेत्र की ज्योति से हुआ था। गुरुवार सुबह किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद रोज रोज के झगडे से परेशान अरविंद ने कमरे में पंखे लटकाने वाले हुंक से रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। वही कमरे में मौजूद उसकी पत्नी ने शोर मचाना शुरू किया तो परिजन मौके पर पहुंचे और अरविंद को फंदे पर लटकते देखा तो तत्काल उसे नीचे उतारकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां से उसे वाराणसी के लिए भेज दिया। इस संबंध में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर रमेश रत्नाकर ने बताया कि युवक की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। फिलहाल, युवक के परिवार से पूछताछ की जा रही है कि किन परिस्थितियों में उसने इतना बड़ा कदम उठाया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशेष नाथ सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। तहरीर प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जा जाएगी।

# विद्युत विभाग राजस्व वसूली के लिए 45 दिन तक चलाएगा मेगा अभियान

**गाजीपुर।** चेयरमैन पॉवर कॉरपोरेशन आशीष गोयल एवं प्रबंध निदेशक पूर्वांचल शम्भु कुमार के निर्देशन में गाजीपुर जिले में प्रत्येक खंड में 31 मार्च तक आरडीएसएस योजना के अंतर्गत तय लक्ष्यों के अंतर्गत लाइनलॉस 15 प्रतिशत से कम एवं वसूली 90% से अधिक करने हेतु 45 दिनों की स्ट्रेटजी बनाकर अभियान चलाए जाने का कार्यक्रम बनाकर कार्य करना शुरू कर दिया है। इस स्ट्रेटजी के अंतर्गत ऐसे उपभोक्ता जिन्होंने एक मुश्त समाधान योजना के अंतर्गत पंजीकरण तो करा लिया है। परन्तु पूर्ण धनराशि जमा नहीं की है। उनसे वसूली की जाएगी एवं बचे हुए दिनों में जो उपभोक्ता एक मुश्त समाधान योजना के अंतर्गत पंजीकरण कराने से रह गए हैं। उनको इस योजना में पंजीकरण कराकर वसूली की जाएगी। जबकि बड़े कमर्शियल संस्थान, निजी संस्थान जैसे ढाबा, हॉस्पिटल, स्कूल, होटल, रेस्टोरेंट, मैरिज लॉन, गेस्ट हाउस, कॉलेज, सरकारी कालोनियों एवं अन्य पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा एवं बिजली चोरी पाए जाने पर संयोजन विच्छेदित कराकर मुकदमा पंजीकृत कराकर पैरवी कराकर जेल भेजा जाएगा।इस आशय की जानकारी अधिशासी अभियंता आशीष कुमार ने दी है।उन्होंने मातहतों के साथ बैठक कर आरडीएसएस योजना को फसल बनाने के लिए रणनीति मनाया है।



आमघाट विद्युत वितरण खंड द्वितीय पर बैठक करते अधीशासी अभियंता आशीष कुमार।

## अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**जमानियां।** थाना पुलिस ने अवैध देशी शराब की तस्करी करते हुए एक युवक को बुधवार कि शाम करीब गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से 23 पाउच ब्लू लाइम देशी शराब बरामद की। जिसे वह बिहार में ऊंचे दाम पर बेचने के लिए ले जा रहा था। आरोपी के खिलाफ धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। थाना के निरीक्षक अशोक कुमार सिंह मय हमराह क्षेत्र में गश्त और जांच कर रहे थे कि उसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति बडेसर नहर से तलाशपुर मोड़ की ओर सफेद प्लास्टिक के झोले में अवैध शराब लेकर जा रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने बरुईन नहर पुलिया के पास घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम अभिषेक कुमार (निवासी ईतवारपुर, थाना परसा बाजार, जिला पटना, बिहार, उम्र 24 वर्ष) बताया। पुलिस पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह शराब को बिहार में ऊंचे दाम पर बेचने जा रहा था। जब झोले की तलाशी ली गई, तो उसमें 23 पाउच ब्लू लाइम देशी शराब बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 4.6 लीटर पाई गई। प्रभारी निरीक्षक अशेष नाथ सिंह ने बताया कि अवैध देशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# महाकुंभः अनियंत्रित डबल डेकर बस पलटी, 12 श्रद्धालु घायल

जनसंदेश न्यूज

**बिरनो।** वाराणसी-गोरखपुर मार्ग पर भड़सर गांव के पास बुधवार की देर रात्रि करीब एक बजे तीर्थयात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 12 लोग घायल हो गए। तीर्थयात्री प्रयागराज महाकुंभ से स्नान कर बिहार प्रांत के मोतिहारी जा रहे थे।

बिहार प्रांत के चंपारण ईस्ट जिले के मोतिहारी से चालीस की संख्या में तीर्थयात्री डबल डेकर बस से प्रयागराज महाकुंभ स्नान करने गए थे। तीर्थयात्री स्नान करने के बाद बुधवार को वापस अपने घर मोतिहारी जा रहे थे। इस बीच वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन सड़क पर भड़सर के समीप करीब एक बजे डायवर्जन के चलते बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 12 लोग घायल हो गए। घटना के बाद चीख पुकार मच गई। आस पास के जुटे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को स्थानीय सीएचसी पर भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सभी घायलों का इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के मुताबिक सभी खतरे से बाहर है।



वाराणसी-गोरखपुर मार्ग पर भड़सर के पास क्षतिग्रस्त बस।

घायलों में रानी देवी उम्र 45 वर्ष, रेखा देवी उम्र 56 वर्ष, अर्जुन कुमार उम्र 50 वर्ष, अमित उम्र 38 वर्ष, रत्नेश कुमारी उम्र 38 वर्ष, मुंद्रीनाकर उम्र 40 वर्ष, धनवती उम्र 62, शिवनारायण सिंह उम्र 69, मंजू सिंह उम्र 65, बुलेट तिवारी उम्र 21 वर्ष

> सीओ कासिमाबाद अनिल चन्द्र तिवारी ने बताया कि 40 श्रद्धालु बस पर सवार थे। डायवर्जन के पास अनियन्त्रित होकर बस पलटने से हादसा हुआ है। सभी घायलों को सीएचसी बिरनो में भर्ती कराया गया।

# छात्राओं ने निकाली गंगा स्वच्छता जागरूकता रैली

जनसंदेश न्यूज




गंगा स्वच्छता अभियान में शामिल राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राएं।

**गाजीपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन गुरुवार को को गंगा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई । रैली को प्राचार्य प्रो. अनिता कुमारी ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान स्वयंसेवी छात्राओं ने गंगा स्वच्छता जागरूकता संबंधी तमाम नारे जैसे... 'गंगा को स्वच्छबनाना है, गंदगी को हटाना है घाट घाट चमकाएंगे गंगा को स्वच्छ बनाएंगे' आदि लगाए।

साथ ही कार्यक्रम अधिकारी डा. रामनाथ केसरवानी, डॉ. ओम शिवानी एवं डॉ मनीष कुमार सोनकर के निर्देशन में स्वयंसेवी छात्राओं ने साईं मंदिर परिसर में झाड़ू लगाया एवं गंगा घाट की सफाई की। शिविर के द्वितीय सत्र में प्राचार्य की अध्यक्षता में 'युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका एवं राष्ट्रीय सेवा योजना' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. विकास सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर, राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर रहे।

डॉ. विकास ने बताया की राष्ट्रीय सेवा योजना का युवाओं के व्यक्तित्व विकास एवं उनके अंदर सांगठनिक कुशलता एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है । संगोष्ठी का संचालन डॉ मनीष कुमार ने किया एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापन डॉ ओम शिवानी द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ नेहा कुमारी, महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. राजेश कुमार यादव, डॉ. सर्वेश सिंह, डॉ. हरेंद्र यादव, डॉ संगीता सहित स्वयंसेवी छात्राएं उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलंपियाड में वैभव लक्ष्मी का जलवा, होगा सम्मान

**सेवराई।** स्थानीय तहसील के नवली गांव निवासी अंजनी सिंह की पुत्री वैभव लक्ष्मी सिंह ने सेवराई तहसील क्षेत्र का नाम रोशन करते हुए 'अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलंपियाड 2024' में वैश्विक ऑनलाइन लीडरबोर्ड (सत्र 2024-25) में 5 वां स्थान प्राप्त किया है। उनके इस अद्वितीय उपलब्धि के लिए उन्हें हिन्दी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा प्रोत्साहन पुरस्कार से 23 फरवरी को नई दिल्ली में सम्मानित किया जाएगा। हिन्दी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2024 पुरस्कार वितरण समारोह' में उनकी इस उपलब्धि का सम्मान किया जाएगा। 23 फरवरी को नई दिल्ली में सीडी देशमुख आडीटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह में अंजनी सिंह की पुत्री वैभव लक्ष्मी सिंह को उनके माता-पिता के साथ निमंत्रण पत्र प्राप्त होने से परिजनों सहित क्षेत्र के लोग गौरव की अनुभूति करते हुए नवली गांव के इस बिटिया पर गौरव की अनुभूति कर रहे हैं।

# महाकुंभ के अंतिम दौर में तीर्थ यात्रियों की बढ़ी भीड़ औड़िहार स्टेशन पर रुकीं ट्रेनें

जनसंदेश न्यूज

**सैदपुर।** बीते दिनों महाकुंभ के आयोजन की अंतिम तारीख बढ़ाने जाने को लेकर फैली अफवाह पर सरकार द्वारा स्थिति स्पष्ट करने के बाद जैसे-जैसे आयोजन खत्म होने की अंतिम तारीख पास आती जा रही है, सड़कों व ट्रेनों में तीर्थयात्रियों की भीड़ बढ़ती जा रही है।

इसी के चलते महाकुंभ शुरू होने के बाद से पहली बार औड़िहार रेलवे स्टेशन पर सिग्नल न मिलने के चलते कई प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों को घंटों तक खड़ी कर दिया गया, जिससे यात्रियों का बुरा हाल हो गया। इसके चलते दुबई जा रहे एक यात्री ने रेलवे से लगायत रेलमंत्री तक को ट्वीट कर दिया कि उसे वाराणसी से आज फ्लाइट है, अगर ट्रेन नहीं चली तो उसकी शारजाह की फ्लाइट छूट जाएगी। औड़िहार में कई ट्रेनें आकर रूकीं। इस दौरान रक्सौल से प्रयागराज जा रही महाकुंभ स्पेशल सुबह 8 बजे ही प्लेटफॉर्म पर आ गई थी। लेकिन भारी रेल ट्रैफिक के चलते उसे आगे जाने के लिए हरा सिग्नल नहीं मिल सका, जिससे वो ट्रेन करीब 4 घंटे की देर से दोपहर 12 बजे आगे रवाना हो सकी। दोपहर 12 बजे औड़िहार जंक्शन पर आकर रूकी सद्भावना एक्सप्रेस सिग्नल न मिलने से वहीं रूकी रही और सवा 3 घंटे बाद अपराह्न 3 बजकर 15 मिनट पर आगे रवाना हो सकी।

औड़िहार में ही आकर रूकी सारनाथ एक्सप्रेस व कृषक एक्सप्रेस ट्रेनें भी करीब 2 से ढाई घंटे तक वहीं रूकी रहीं और इसके बाद आगे रवाना हो सकीं। करीब ढाई घंटे तक की देरी तक रूकी कृषक एक्सप्रेस में एक यात्री सवार था।

## गाजीपुर की टीम ने खो-खो में शील्ड पर जमाया कब्जा

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के तत्वावधान में राज्य महिला आमंत्रण खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 18 फरवरी तक स्पोर्ट्स स्टेडियम हरदोई में किया गया। प्रतियोगिता में जनपद की खो-खो टीम प्रतिभाग की पहला सेमीफाइनल मुकाबले में जनपद गाजीपुर ने श्रावस्ती को 09 अंकों से हरा कर विजय प्राप्त किया। फाइनल मुकाबला रायबरेली बनाम गाजीपुर के बीच हुआ। जिसमें गाजीपुर ने 6 अंक रायबरेली ने चार अंक प्राप्त किया। गाजीपुर ने दो अंक से जीत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस खुशी पर जिला क्रीड़ा अधिकारी अरविंद यादव, जिला खो खो संघ के सचिव प्रबंधक विपिन बिहारी राय, खो खो संघ के अध्यक्ष डॉ सानंद सिंह, जिला खो खो प्रशिक्षक राधेश्याम यादव, प्राचार्य पंकज राय, संजय राय, लालबहादुर यादव, मृत्युंजय राय, अंजय राय आदि लोगों ने खो खो खिलाड़ियों को एवं प्रशिक्षकों को बधाई दी। गाजीपुर की टीम से शिवानी राय, अनु पांडे, नैनिका राय, पिंटू यादव, अदिति यादव, अंशु यादव आदि खिलाड़ियों का सराहनीय प्रदर्शन रहा।

### वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

**गाजीपुर।** कृषि विज्ञान केन्द्र पीजी कालेज द्वारा आयोजित वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक गुरुवार को डा. बालेश्वर सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में केन्द्र के सीनियर साइंटिस्ट एण्ड हेड/प्रभारी डॉ. विनोद कुमार सिंह ने उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, मत्स्य विकास अभिकरण एवं उपस्थित किसानों का अभिवादन करते हुए जनवरी से दिसम्बर 2024 की प्रगति प्रतिवेदन एवं कार्य योजना जनवरी 2025 से दिसम्बर प्रस्तुत किया। प्रस्तुतीकरण के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र की वार्षिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही केन्द्र के मृदा विज्ञान, शस्य विज्ञान, फसल सुरक्षा, गृह विज्ञान, पशुचिकित्सा विज्ञान एवं उद्यान विज्ञान विभाग द्वारा अपने विषयों से सम्बन्धित विषय विशेषज्ञ प्रगति से अवगत कराया। बैठक में उप कृषि निदेशक अतीन्द्र सिंह, जिला कृषि अधिकारी उमेश कुमार, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. एके शाही, सपना पुरी, डॉ. अंगद सिंह, डा. नरेन्द्र प्रताप आदि रहें। संचालन डॉ. ओमकार सिंह ने किया।

# भाजपा सरकार आम जनता को गरीबी में डुबो रही

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं गुरुवार को आम बजट के खिलाफ सरजू पाण्डेय पार्क में धरना दिया और प्रशासनिक अधिकारी को आठ सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। भा क पा राज्य कार्यकारिणी सदस्य अमेरिका सिंह यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार लगातार पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। आम जनता को गारीबी में डूबा रही है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार रोकने की कोई व्यवस्था नही कर रही है। किसानो, मजदूरों, छात्रों, नवजवानो के लिए कोई नीति नही है।

इन सारे सवालों पर पर्दा डालने के लिए केवल सांप्रदायिकता, अन्धविश्वाश और अवैज्ञानिक विचारों के तरफ ठेल रही है। देशवासियों को गर्त में ले जा रही है। ऐसी दशा में पुरा वामपंथ आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक रूप से क्रांतिकारी परिवर्तन के लिए काम करेगी। धरने को पूर्व विधायक राजेंद्र यादव, जिला सचिव जनार्दन राम, राम अवध, ईश्वरलाल, डॉक्टर राम बदन सिंह, शमीम अहमद, सुरेंद्र राम, बच्चेलाल, रामलाल, सूरज राम बगी, भूमिधर राजभर, सुभाष, राम परिखा यादव, राम शुक्ला आदि ने सम्बोधित किया। इस कार्क्रम में बोगना सहकारी समिति में नये सदस्य बनाने,एवं अवैध खनन रोकने की मांग भी शामिल रही। मांगपत्र महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित जिलाधिकारी के प्रतिनिधि उप जिला धिकारी गाजीपुर को दिया गया। अध्यक्षता ईश्वरलाल गुप्ता आदि ने किया।




सदर एसडीएम परिसर में नारेबाजी करते भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पदाधिकारी।

## भाजपा लोकतंत्र-संविधान की उड़ा रही धज्जी

**गाजीपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेशानुसार गुरुवार को पार्टी कार्यालय लोहिया-मुलायम सिंह यादव भवन में पीडीए चर्चा कार्यक्रम आयोजित हुई। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होने आये प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल का पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा कि आज देश संकट के दौर से गुजर रहा है, लोकतंत्र और संविधान के मयार्दा की धज्जियां उड़ायी जा रही है,गरीबों पिछड़ो का कोई पुरसाहाल करने वाला नही है, न कोई कानून व्यवस्था है न पुलिस का खौफ,सत्ता संरक्षित अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। बेरोजगार नौजवान आत्महत्या कर रहे है। कमर तोड़ मंहगाई से जनता खुन के आंसू रो रही है।इसके उलट भाजपा सरकार अपनी झूठी प्रशंसा करने मे व्यस्त है। इस कार्यक्रम में पुर्व सांसद जगदीश कुशवाहा,पुर्व विधायक खुर्शीद अहमद, बलिराम पटेल, जिलाध्यक्ष सुदर्शन यादव, रामधारी यादव, डॉ नन्हकू यादव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, मुन्नीलाल राजभर, आलोक कुमार, सूरज राम बागी, गरीब राम,खेदन यादव, पूजा गौतम, जै हिंद यादव, रामजन्म चौहान, हरेन्द्र विश्वकर्मा, रविन्द्र प्रताप यादव, अमित ठाकुर, डॉ. समीर सिंह, तहसीन अहमद आदि उपस्थित थे।

## संक्षेप

### बीएड परीक्षा में पकड़ा गया नकलची



**गाजीपुर।** स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में बीएड तृतीय सेमेस्टर के प्रथम प्रश्न पत्र की परीक्षा में एक परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़ा गया। जिसे तुरंत रिस्टीकेट कर दिया गया। प्राचार्य डॉ. राघवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि गुरुवार को प्रथम प्रश्न पत्र की परीक्षा में पंजीकृत 1157 परीक्षार्थियों में 1121 उपस्थित हुए। जबकि 26 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जांच टीम में डॉ. एस. डी. सिंह परिहार, डॉ. एस.एन. सिंह, डॉ. अरुण कुमार यादव, डॉ. राम दुलारे, डॉ. योगेश, डॉ. गोपाल यादव और डॉ. शिप्रा श्रीवास्तव, डॉ. प्रतिमा सिंह जैसे सदस्य शामिल थे।

### विकास को तेज गति प्रदान करने वाला बजट

**गाजीपुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास को तेज गति प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने आज 8 लाख करोड़ से ज्यादा तथा पिछले वित्तीय वर्ष की बजट से 9.8% ज्यादा का बजट प्रस्तुत किया है। जो उत्तर प्रदेश के सामर्थ्य क्षमता में अतुलनीय वृद्धि का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने कहा कि 4 नये एक्सप्रेस वे का निर्माण, 58 नगर पालिकाओं को स्मार्ट सिटी की घोषणा सहित विज्ञान के साथ-साथ अध्यात्म को भी मान मिले इसलिए बांके बिहारी कारडोर के लिए भी सरकार ने बजट अवमुक्त किया है । हर क्षेत्र में विकास के अवसर उपलब्ध करने मे सक्षम, सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी, तथा सर्व विकासोन्मुख,गरीब, किसान, नौजवान महिलाओं को समर्पित बजट है।

### रेल पटरी पर मिला युवक का शव

**जमानियां।** क्षेत्र के गड़ही गांव के समीप अप रेल पटरी पर गुरुवार की दोपहर एक बजे के करीब दो टुकड़ों में कटे हुए एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र मे सनसनी फैल गयी। घटना की सूचना पाकर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान में जुट गई हैं। जानकारी के मुताबिक गुरुवार की दोपहर कुछ ग्रामीणों ने गड़ही गांव के पूर्वी तरफ अप रेल लाइन के किलोमीटर संख्या 708/19 -21 के बीच किसी अज्ञात ट्रेन से दो टुकड़ों में कटे हुए अज्ञात युवक का शव देखा। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मृतक पीले रंग का जैकेट व हल्का नीले रंग का जींस पेंट पहना हुआ है। जिसकी उम्र करीब 30 से 35 वर्ष के बीच है। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त में जुट गई है।

### धड़ल्ले से सड़क पर दौड़ रहे ओवरलोड वाहन

**मुहम्मदाबाद।** क्षेत्र में परिवहन विभाग की मिलीभगत के चलते सैकड़ो डग्गामार व ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली चल रहे हैं। अधिकांश ट्रैक्टरों का पंजीकरण कृषि के प्रयोग के लिए निजी वाहन के रूप में कराया गया है, किंतु परिवहन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत के चलते उक्त ट्रैक्टर के स्वामी उनका प्रयोग खुलकर व्यावसायिक वाहनों के रूप में कर रहे हैं। इतना ही नहीं ये ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक क्षमता से अधिक ओवरलोड भरकर चलते है। भूसा, धान लेकर चलने वाले ट्रैक्टर चालक इतना भूसा-धान लेकर चलते है कि उनके वाहनों की ऊंचाई तो अधिक हो ही जाती है। साथ ही भूसा भरने के बाद चौड़ाई इतनी ज्यादा हो जाती है कि ये अकेले पूरी सड़क घेरकर चलते है जब ये सड़क पर चलते है तो किसी अन्य वाहन के सड़क पर चलने की कोई गुंजाइश नहीं रहती। साथ ही इनके चालक लापरवाही के साथ वाहन को सड़क पर पूरी तेजी से दौड़ाते है। किंतु इसके बाद भी परिवहन विभाग और यातायात पुलिस को ये ओवरलोड वाहन नजर नहीं आते। कोतवाली इंस्पेक्टर ने बताया कि ऐसे वाहनों पर समय समय पर जांच-पड़ताल कर कार्रवाई की जाती है। बिना पंजीकृत वाहनों को सीज किया जाता है।

### फॉगिंग न होने से बढ़ा मच्छरों का प्रकोप

**गाजीपुर।** नगर में मौसम में परिवर्तन के बाद मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है। इससे नगर के हर नागरिक परेशान हैं। मच्छरों से होने वाली रोगों से निपटने के लिए नगर पालिका उदासीन है। नगर पालिका की ओर से फॉगिंग नहीं कराई जा रही है। शहर में मच्छरों का प्रकोप इस कदर बढ़ गया है कि सुबह से रात तक मच्छरों का आतंक जारी रहता है। इसका खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। लोग मच्छरों के आतंक से परेशान हैं। वार्ड के मोहल्लों में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा है। नाली जाम रहने से हमेशा दुर्गंध निकलते रहता है। साफ-सफाई के नाम पर कर्मियों द्वारा केवल खानापूति की जा रही है। गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। लेकिन अबतक दवा का छिड़काव नहीं कराया गया है। नगर वासियों को बीमारी फैलने का भय सताने लगा है। मच्छरों के काटने से होने वाली डेंगू, मलेरिया जैसे जानलेवा बीमारी फैलने के डर लोग भयभीत हैं। लोग अपने क्षेत्र के वार्ड सभासदों के पास शिकायत दर्ज करा रहे हैं। वायरल फीवर और मलेरिया ने पैर पसारना शुरू कर दिया है। ऐसे में नगर परिषद द्वारा मच्छरों के प्रकोप से बचाने के इंतजाम अभी तक नहीं किए गए हैं। नगर के विभिन्न वार्डों में डीडीटी छिड़कवाने एवं फागिंग कराए जाने की मांग कई बार की गई, लेकिन इस ओर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि वार्डों की साफ-सफाई व फागिंग की व्यवस्था नगर पालिका की जिम्मेदारी है।

### जाम का सबब बने ई-रिक्शे

**मुहम्मदाबाद।** कस्बे के मुख्य मार्गों पर आड़े-तिरछे ई-रिक्शे खड़े होने से यातायात प्रभावित हो रहा है। तहसील चौक से हाटा मोड़, शाहनिंदा तिराहा और नवापुरा चौराहे पर विद्यालयों के खुलने व छुट्टी के समय में छात्र-छात्राओं को आवागमन में परेशानी होती है। ई- रिक्शा चालकों की मनमानी, फुटपाथों पर अतिक्रमण और मार्ग संकरा होने से स्थिति गंभीर है। महेश चौरसिया, मुकुंद गोपाल गुप्ता आदि ने नगर पालिका और प्रशासन से निजात दिलाने की मांग की है।

### निजी वाहनों का हो रहा व्यावसायिक इस्तेमाल

**गाजीपुर।** जिले में निजी वाहनों का व्यवसायिक उपयोग बिना किसी रोक के जारी है। लोग अपने वाहनों का निबंधन निजी वाहन के तौर पर करा रहें हैं। लेकिन इन वाहनों का व्यवसायिक उपयोग किया जाता है। विभाग की ओर से ऐसे वाहनों के संचालन पर रोक नहीं लगाने के कारण इनका धंधा काफी फल फूल रहा है। वाहन मालिक चैन भाव से अपने कार्यों में लगे रहते हैं। इस कार्य से सम्बन्धित विभाग को लाखों रूपए के राजस्व की क्षति हो रही है। जहां विभाग को क्षति हो रही है। वहीं निजी वाहन मालिकों की जेब भर रही हैं। सूत्र बताते हैं कि जिले में हजारों की संख्या में ऐसे निजी वाहन है, जिनका प्रतिदिन व्यवसायिक रूप से प्रयोग किया जाता है। यह सबकुछ देखने के बाद भी विभाग के अधिकारी कुंभकर्णी निंद्रा में सोया हुआ है। जानकारों के अनुसार ऐसे वाहनों का किराया 1000 से लेकर 2500 रुपए प्रतिदिन है। इसमें सभी प्रकार के वाहन ग्राहकों के इंतजार मे खड़े रहते है। जिसमें लग्जरी गाड़ियों तक शामिल रहती है। जैसा वाहन वैसा किराया। सबसे अहम बात तो यह है कि कुछ चालक तो बिना ड्राइविंग लाइंसेंस के ही वाहन चलाते मिल जाएंगे। आए दिन कहीं ना कहीं अपने वाहनों को व्यवसायिक रूप में दूसरे शहरों का भी रूख करते हैं।

### अभिशाप साबित हो रहे छुट्टा एवं बेसहारा पशु

**गाजीपुर।** छुट्टा एवं बेसहारा पशु किसानों के लिए इस समय अभिशाप साबित हो रही है। प्रदेश सरकार के कड़े बंदोबस्त के बाद भी क्षेत्रीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते किसानों की फसल बर्बाद होने की कगार पर पहुंच रही है। खेतों के साथ सड़कों पर ऐसे पशुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। पशुओं को पकड़वाकर गोवंश आश्रय केंद्र नहीं भेजवाने से किसानों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। मालूम हो कि कासिमाबाद में दो दर्जन के लगभग बेसहारा एवं छुट्टा पशु किसानों के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। यही नहीं पशु मुख्य मार्गों पर जब चढ़ जा रहें हैं, उस समय दुर्घटना की आशंका काफी बढ़ जाती है। इस समय खेतों में गेहूं आदि की फसल तैयार होने को है। किसान तेज गर्मी और धूप से बचाने के लिए अपनी फसल की सिंचाई करने में व्यस्त है। दूसरी तरफ छुट्टा एवं आवारा पशु खेतों में लगी फसलों को चरकर बर्बाद कर दे रहें हैं। जैसे ही खाली खेत मिल रहा है उसमें झुंड के झुंड पशु चरने लग रहे हैं। मिजार्पुर गांव के किसान प्रभुनाथ यादव के खेत में गेहूं की फसल खड़ी है। फसल में लगभग डेढ़ दर्जन छुट्टा एवं आवारा पशु फसल को चरकर बर्बाद कर रहे थे। आसपास के किसानों ने बताया कि एक बीघा फसल बर्बाद कर दिया गया है। कई किसानों ने बताया कि एसडीएम से लेकर बीडीओ तक को अवगत कराया गया है, लेकिन इन पशुओं को आश्रय केंद्र भेजवा नहीं पा रहा है। यही कारण है कि लगातार इनकी संख्या बढ़ रही है। फसलों की बबार्दी भी प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। क्षेत्रीय किसान जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट करा कर इन पशुओं को पकड़वाने की मांग किया है।

### महिला सहायता प्रकोष्ठ ने एक परिवार को मिलाया

**गाजीपुर।** महिला सहायता प्रकोष्ठ/परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा मध्यस्थता के माध्यम से अलग हुए एक परिवार की विदाई कराई गई। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में गुरुवार को परिवार परामर्श केन्द्र में पति-पत्नी के विवाद से सम्बन्धित कुल 11 प्रकरण को सुना गया। जिसमें काफी समय से विवादित चल रहा 1 प्रकरण में दोनों पक्षों को बैठाकर मध्यस्थता के माध्यम से बिना किसी दबाव के राजी खुशी से गिले शिकवे भुलाकर विदाई करायी गयी। तीन पारिवारिक विवाद में कुशलता प्रकट होने के बाद पत्रावली बंद कर दी गई। दो प्रकरण में विधिक सुझाव देते हुए पत्रावली बंद कर दी गई। शेष पांच परिवारिक विवाद में मध्यस्थता न होने के कारण अगली तिथि निर्धारित की गई। प्रकरण के निस्तारण में कमरूद्दीन महिला प्रकोष्ठ प्रभारी शशि सिंह, उप निरीक्षक शशिधर मिश्रा, महिला आरक्षी रागिनी चौबे, महिला आरक्षी रोली सिंह,आरक्षी शिव शंकर यादव, महिला होमगार्ड उर्मिला गिरी आदि लोग प्रमुख थे।

**जनसंपादकीय**

# मातृभाषा और बहुभाषिकता के प्रश्न

**गिरीश्वर मिश्र**



भाषाई और सांस्कृतिक विविधता के अंतरराष्ट्रीय उत्सव के रूप में इस बार का मातृभाषा-दिवस यूनेस्को के आयोजन का रजत जयंती वर्ष है। इसके पीछे टिकाऊ समाज के निर्माण के लिए विभिन्न भाषाओं के संरक्षण, सहनशीलता और पारस्परिक आदर का संकल्प लिया गया है। अपनी और दूसरों की भाषा को समझना अपनी और दूसरों की संस्कृति को जानने-समझने का मुख्य माध्यम है । भाषा न रहे तो हम अपनी संस्कृति को अगली पीढ़ी तक ठीक से पहुँचाने में चूक जाएँगे । ऐसे में आज विश्व में प्रचलित विभिन्न भाषाओं को सुरक्षित और संवर्धित करना हमारा विशेष दायित्व हो रहा है।

आशा की जाती है कि मातृभाषाओं का समादर समावेशिकता को बढ़ाएगा । एक विरल नैसर्गिक शक्ति के रूप में भाषा हमें न केवल ज्ञान-सृजन का अवसर देती है बल्कि उस ज्ञान को संजोने और दूसरों से साझा करना भी संभव बनाती है। प्रकृति भी इसे समर्थन देती है। जन्म के समय से ही हर सामान्य बच्चा भाषा अर्जित करने के उपकरण से सज्जित रहता है। नवजात की श्रवण शक्ति अद्भुत होती है। वह स्वाभाविक ध्वनि और शोर में फर्क.करने लगता है। छ माह होने के पहले ही वे कई भाषाएँ सुनते और समझते रहते हैं। तीन वर्ष की आयु में उनका तीन चार भाषाओं से परिचय स्वाभाविक रूप से होता है । दस वर्ष तक यह प्रक्रिया काफी तेजी से चलती है । भारत के बच्चे स्वाभाविक रूप से बहुभाषिक परिवेश में जन्म लेते हैं और उनकी परवरिश होती है ।

सांस्कृतिक स्तर पर भाषा-विकास हमारे लिए अद्भुत अवसर बन जाता है। उसी के सहारे ही हम व्यवहार करते हैं, सोचते हैं, कल्पना करते हैं और उस कल्पना को मूर्त आकार भी देते हैं। लिखित रूप में आने के पहले सभी भाषाएँ वाचिक रूप में ही प्रयुक्त होती थीं । भारत में पीढ़ी-दर-पीढ़ी चले आ रहे इस जीवन-दर्शन का एक बड़ा हिस्सा मौखिक रूप से प्राप्त होता रहा है । वेद 'श्रुति' के नाम से विख्यात हैं। अनुमानतः 2300 ईसा पूर्व लिखित रूप में उन्हें प्रस्तुत किया गया। बाद में, विभिन्न भाषाई और सांस्कृतिक विकास ने भाषा, संस्कृति और कलात्मक रूपों के मामले में इस क्षेत्र को अनोखी रंगत दी। इस प्रकार विभिन्न समूहों के बीच संपर्क और उनके भाषाई और सांस्कृतिक आवाजाही ने इस क्षेत्र में बहुभाषिकता के खास पैटर्न को जन्म दिया। इस स्थिति ने भाषाओं में एकता आई तथा जिसने सामाजिक जीवन के सभी क्षेत्रों को एक सूत्र में पिरोया। एकता में इस विविधता ने भारतीय सांस्कृतिक जीवन को इंद्रधनुषी रूप दिया जिसमें एक खास कि स्म का समग्रता बोध है। भारतीय भाषाओं में दृष्टिगत समानता हजारों वर्षों के सघन सांस्कृतिक संपर्क के कारण आई। धर्म, दर्शन, संगीत, भोजन, आदि सब में यह स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त होती है। भारत सदियों से एक बहुभाषी देश के रूप में आगे बढ़ा है। यहाँ समाज का हर वर्ग, हर क्षेत्र, भाषा, कला-रूप और शैलियाँ, एक बहुरूपदर्शी (कैलिडोस्कोप) के टुकड़ों जैसे हैं। यह अनगिनत धागों की एक जटिल बुनाई की याद दिलाती है जिनमें से हर धागा जीवन के आध्यात्मिक, सामाजिक, आर्थिक या राजनीतिक पहलुओं का प्रतिनिधित्व करता है । परंपराओं और आधुनिक विकास ने भी इसकी बहुमुखी एकता में निरंतर योगदान दिया है। इसका जीता जागता ताजा प्रमाण देश के सभी भागों से आए स्नानार्थियों ने संगम तट पर दिया है । महाकुंभ के अवसर पर प्रयाग में त्रिवेणी संगम पर जुटे कोटि-कोटि भारतीयों को देख कर उनकी अंतरंग सांस्कृतिक एकता और ऊपर की विविधवर्णी छवि के बीच अनोखे सामंजस्य का भाव मूर्त हो उठा। इससे यह सच प्रकट हुआ कि भारतीय समाज हमारे सामने सांस्कृतिक, सामाजिक, भाषाई और धार्मिक प्रथाओं का एक समग्र दृश्य रचता है। आज भारत में लगभग आठ सौ भाषाएँ दर्ज हैं। बहुतेरे भारतीय कई भाषाएँ बोलते हैं। यह बहुभाषिकता विभिन्न भाषाई समुदायों के बीच न केवल संचार को प्रभावी बनाती है बल्कि साझा पहचान को सबल करती है। बावजूद इसके कि विभिन्न भाषाएँ अलग-अलग लिपियों का उपयोग करती हैं, इनमें से कई लिपियाँ एक ही मूल की हैं, जैसे ब्राह्मी लिपि। यह साझा भाषाई विरासत, धार्मिक और सांस्कृतिक ग्रंथों में संस्कृत भाषा और साहित्य के व्यापक उपयोग के साथ-साथ भारतीय भाषाई क्षेत्र में गहन निरंतरता विकसित करने में योगदान करती है। साझा विषय, पारस्परिक प्रभाव और समान ऐतिहासिक अनुभव इन विविध साहित्यिक परंपराओं को एक साथ बांधते हैं । तमिलझकाशी संगम जैसा मेल-मिलाप संवाद के द्वारा भारतीय साहित्य एकता में विविधता की अवधारणा का प्रबल उदाहरण प्रस्तुत करता है ।

भाषाओं की बहुलता समृद्धि का स्रोत है जो हजारों वर्षों के प्रवास, परस्पर क्रिया और विभिन्न समूहों के बीच एकीकरण से पली बढी है। भाषिक विविधता की दृष्टि से भारत आज विश्व में दूसरे नम्बर पर है। भारत के संविधान की वर्तमान व्यवस्था में 22 मुख्य भाषाएँ तथा 6 क्लासिकल भाषाएँ (तमिल, संस्कृत, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और ओडिया) सम्मिलित हैं। देवनागरी में लिखी जाने वाली हिंदी आधिकारिक रूप से राज-भाषा है हालाँकि इसके भी लगभग पचास रूप हैं । संविधान में यह विशेष प्राविधान है कि अल्पसंख्यक समुदाय अपनी भाषा लिपि और संस्कृति को सुरक्षित रख सकेंगे। इन सबके बीच हमें यह भी स्मरण करना होगा कि मातृभाषा अस्मिता और संस्कृति को गढ़ने का कार्य करती है। इसी दृष्टि से नई शिक्षा नीति में बहुभाषिकता, लुप्तप्राय भाषाओं का संरक्षण, और स्थानीय भाषा में समावेशी शिक्षा जैसे सरोकारों पर खास जोर दिया जा रहा है। औपनिवेशिक विरासत के तहत अंग्रेजी के वर्चस्व का सामाजिक जीवन पर विभाजनकारी असर रहा है। साथ ही इसने भाषाई हीनता को भी जन्म दिया। हिंदी या अन्य भारतीय भाषा जब घर की भाषा हो तब शिक्षा में अंग्रेजी माध्यम कई जटिलताएँ पैदा करता है। मौलिक सोच और सर्जनात्मकता में ऐसे विद्यार्थी पिछड़ जाते हैं। शोध और अनुसंधान की दृष्टि से यह परोपजीवी भाषाई संस्कार घातक सिद्ध हो रहा है।

आज भाषा की दुनिया में हो रही क्रांति में कृत्रिम बुद्धि एक महत्वपूर्ण घटक साबित हो रहा है। पिछले कुछ वर्षों में वैश्वीकरण तथा कृत्रिम बुद्धि की बढ़त से सभ्यताओं के अस्तित्व की चुनौती उभर रही हैं। भविष्य का नजरिया कुछ ऐसा होने जा रहा है लोग विभिन्न गैजेटों की सहायता से वह सब कुछ देखेंगे, सुनेंगे और बात करेंगे जो वैश्विक केंद्र द्वारा मुहैया कराया जाएगा। कुछ सलाह की जरूरत हुई तो बच्चे अब माता-पिता की जगह एलेक्सा या सीरी से पूछेंगे। उनकी माँ भी रोबोट से पूछेगी। भाषा और संचार की प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में माइक्रोसाफ्ट और गूगल जैसे कई दिग्गज किरदार दुनिया की विविधता को मिटाते जा रहे हैं। इस तरह की पहल के चलते बच्चे की सर्जनात्मक क्षमता, अध्यापकों की श्रेष्ठता आदि सब दांव पर है । इस मनुष्यताविहीन तकनीक में कोई सामान्य बुद्धि या कामनसेंस नहीं होता। उसे मानवीय भावनाओं की भी कोई समझ नहीं होती न गलतियों को सुधारने की गुंजाइश होती है। वस्तुतः उसमें कोई अपवाद संभव ही नहीं होता। मनुष्य की तरह यह सचेतन और संवेदनशील भी नहीं है। इस तकनीक को बहुलता की कोई समझ भी नहीं होती। साथ ही उसमें घटनाओं और परिस्थितियों के संदर्भ को ग्रहण करने सुविधा नहीं होती । वस्तुतः कृत्रिम बुद्धि मानव सभ्यता की अगली गुत्थी बन रही है। यह भरोसा किया जा रहा है कि सारा का सारा ज्ञान मानव मस्तिष्क के बाहर डाटा के रूप में भंडारित किया जा सकता है । ऐसे में प्रश्न उठेगा कि मनुष्य की जरूरत ही क्या है ? मनुष्य को विस्थापित कर जीवन का अर्थ पाना असंभव है। गनीमत है मानव मस्तिष्क स्वयं को खुद संचालित और नियमित करता है । इस तकनीक को धारण करने वाले मनुष्य को मनुष्य बना रहना होगा और ऐसा करने में भाषा-साहित्य की इसमें अहं भूमिका होगी । नई शिक्षा नीति ने बहुभाषिकता की ओर ध्यान दिया है और आधारभूत भाषा तथा गणित के कौशल के विकास पर आरंभिक वर्षों में खास तौर पर जोर दिया जा रहा है। एक दुबिधा की स्थिति यह जरूर है कि आनलाइन/ डिजिटल और इंटर्नेट का कितना और कब उपयोग हो । आठ वर्ष की आयु के नीचे के बच्चों के लिए इंटरनेट की सहायता से शिक्षा में हस्तक्षेप ठीक नहीं प्रतीत होती है । बच्चे तो नैसर्गिक रूप से भाषाविद् होते हैं। वे अपनी मातृभाषा और क्षेत्रीय भाषाओं की तरह कई भाषाएँ सरलता से आत्मसात कर सकते हैं, अगर उनको बिना किसी दबाव के आसानी से सीखने का अवसर मिले। साथ ही भाषा सिर्फ.विचारों को प्रकट करने का तरीका भर नहीं होती है। वह संस्कृति का संवहन करती है। बच्चे की मातृभाषा और क्षेत्रीय भाषाएँ स्थानीय अर्थ व्यवस्था का आधार होती हैं। अतः स्कूली व्यवस्था को भाषाओं और संस्कृतियों के संरक्षण में विकसित किया जाना चाहिए। इक्कीसवीं सदी के भारत में बहु भाषिकता एक विशिष्टता है। बहुभाषिक शिक्षा अल्पसंख्यक वर्गों और आदिवासियों के लिए खास तौर पर लाभप्रद होगी । आज आवश्यकता है कि फौरी राजनैतिक हित-अहित को किनारे रख भारत के भविष्य को सुरक्षित करते हुए संतुलित भाषा नीति का कार्यान्वयन किया जाए। भाषा हमारे अस्तित्व का साधन भी है और साध्य भी।

**( लेखक वर्धा विश्वविद्यालय के कुलपति रहे हैं, संपर्क 9922399666)**

# नरेन्द्र मोदी और डोनाल्ड ट्रम्प

**समय-संदर्भ**

**रविभूषण**



सोलहवाँ लोकसभा चुनाव (2014) कुल नौ चरणों में 7 अप्रैल 2014 से 12 मई 2014 तक सम्पन्न हुआ था। चुनाव-परिणाम 16 मई को आया था और 26 मई को नरेन्द्र मोदी ने, जो गुजरात में 7 अक्टूबर 2001 से 22 मई 2014 तक मुख्यमंत्री रहे थे, प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। इस चुनाव के दौरान अप्रैल (2014) महीने में ही ऑन लाइन अमेरिकी समाचार-पत्र 'द डेली कॉलर' मे डेविड कोहेन का लेख 'इज इंडिया अबाउट टू इलेक्ट इट्स रीगन' शीर्षक से प्रकाशित हुआ था। भारत से पहले सोशल मीडिया के कारण इस लेख ने भारतीय डायसपोरा और बुद्धिजीवियों का ध्यान खींचा था। इस लेख के एक सप्ताह बाद 'द हिंदू' में इसी शीर्षक से यह लेख फिर छपा, जिसमें नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के 40वें राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के बीच कई समानताओं का उल्लेख था। उस समय 'इकॉनॉमिस्ट' 'गार्जियन' और 'इंडिपेंडेंट' में भावी प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना की गयी थी, जिसकी प्रतिक्रिया में एक विदेशी डेविड कोहेन ने अपने लेख में मोदी की प्रशंसा की थी और अंत में प्रश्न किया था झ्र 'अमेरिका को अपना 'मोदी' कब मिलेगा?' डेविड कोहेन के इस लेख को पढ़कर मैंने उसी समय एक लेख लिखा था - 'नरेन्द्र मोदी और रोनाल्ड रीगन'। (प्रभात खबर, 28.4.2014) लगभग 11 वर्ष पहले लिखे गये इस लेख की अंतिम पंक्ति थी - ''हकीकत यही है कि रीगन ने अमेरिका में लोकतंत्र की हत्या की। भारत में लोकतंत्र का हत्यारा कोई नहीं बनना चाहेगा। रीगन बन कर मोदी अपना, देश और लोकतंत्र का नुकसान ही करेंगे।'' इस स्तंभ-लेख के और सोलहवें लोकसभा चुनाव के लगभग एक वर्ष पहले लिखे अपने लेख 'सबको है नरेन्द्र मोदी से खतरा' (प्रभात खबर, 17.6.2013) के अंत में मैने कहा था - ''खतरा केवल भाजपा के नेताओं को, कुछ सहयोगी दलों को, अनेक क्षेत्रीय दलों को ही नहीं, भारतीय लोकतंत्र, देश के धर्म निरपेक्ष ढाँचे और पूरे देश को भी है, क्योंकि जो दल में अंदर से सर्वस्वीकार्य नहीं है, विरोधी स्वरों को ठिकाने लगाने में निपुण है, क्या वह सचमुच देश का भला करेगा।''

क्या नरेन्द्र मोदी भारत के डोनाल्ड ट्रम्प और डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिका के नरेन्द्र मोदी हैं? इन दोनों ने एक दूसरे को कई बार अपना मित्र कहा है। जिस प्रकार नरेन्द्र मोदी और रोनाल्ड रीगन में कई समानताएँ लक्षित की गयी थीं, क्या उसी प्रकार नरेन्द्र मोदी और डोनाल्ड ट्रम्प में भी कुछ समानताएँ नहीं हैं? अपने एक लेख में प्रभु चावला ने इन दोनों में पांच आश्चर्यजनक समानताएं देखी हैं। 2001 के पहले डोनाल्ड ट्रम्प की अधिक राजनीतिक सक्रियता नहीं थी। वे 2001 से 2008 तक डेमोक्रेटिक पार्टी में थे। रिपब्लिक पार्टी में उनका शुभागमन 2009 में हुआ। 2001 के पहले नरेन्द्र मोदी को देश नहीं जानता था। वे 1971 में आरएसएस के पूर्णकालिक सदस्य बने थे। फिर प्रचारक। 1985 में आरएसएस ने इन्हें भाजपा में भेजा। 2001 में वे भाजपा के महावचिव बने और इसी वर्ष 7 अक्टूबर को उन्होंने गुजरात का मुख्यमंत्री पद संभाला। डोनाल्ड ट्रम्प ने पार्टी बदली। मोदी आरएसएस और भाजपा के प्रति एकनिष्ठ रहे हैं। नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के लगभग ढाई वर्ष बाद ट्रम्प 2017 में अमेरिका के राष्ट्रपति बने। इस पद पर वे 20 जनवरी 2017 से 20 जनवरी 2021 तक विराजमान रहे और अब 20 जनवरी 2025 से दूसरी बार वे अमेरिका के राष्ट्रपति हैं। नरेन्द्र मोदी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने हैं। इस पद पर वे 26 मई 2014 से आसीन हैं। इस अवधि में अमेरिका में तीन राष्ट्रपति बने - बराक ओबामा (20 जनवरी 2009-20 जनवरी 2017), डोनाल्ड ट्रम्प (20 जनवरी, 2017-20 जनवरी 2021), जो बाइडन (20 जनवरी 2021-20 जनवरी 2025) और अब पुनः डोनाल्ड ट्रम्प। मोदी तथा ट्रम्प की मैत्री को समझने के लिए 'हाउडी मोदी' और 'नमस्ते ट्रम्प इवेंट्स' को जानना जरूरी है। 'हाउडी मोदी' अमेरिका के टेक्सास के 'ूस्टन में 22 सितम्बर 2019 को टेक्सास इंडिया फोरम द्वारा एन आर जी एटेडियम में आयोजित एक सामुदायिक शिखर सम्मेलन और मेगा इवेंट था, जिसमें 50 हजार प्रतिभागियों की मौजूदगी थी। नरेन्द्र मोदी और डोनाल्ड ट्रम्प ने संयुक्त रूप से प्रतिभागियों को सम्बोधित किया था। इस कार्यक्रम में अमेरिकी समाज में भारतीय अमेरिकियों के योगदान के साथ ही भारत और अमेरिका के बीच के सांस्कृतिक-आर्थिक संबंधों पर प्रकाश डाला गया था। अमेरिका में किसी विदेशी नेता का यह सबसे बड़ा स्वागत समारोह था। एक सत्र 'साझा सपने उज्जवल भविष्य' का था। मोदी ने भारत-अमेरिका संबंधों की दृढ़ता और प्रवासी भारतीयों के योगदान के साथ तब साझा लोकतांत्रिक मूल्यों की भी बात की थी और डोनाल्ड ट्रम्प ने रणनीतिक साझेदारी के साथ, आर्थिक संबंधों की बात कही थी। रक्षा, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग पर बल दिया था। 'हाउडी कार्यक्रम' का प्रचार-प्रसार काफी हुआ। इसी आयोजन में 'अबकी बार मोदी सरकार' की तर्ज पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था - 'अबकी बार ट्रम्प सरकार'। ट्रम्प के लिए इससे बड़ी बात और क्या हो सकती थी। इस आयोजन के लगभग पाँच महीने बाद 24 फरवरी 2020 को अहमदाबाद के सरदार पटेल स्टेडियम में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मेजबानी की गयी। यह एक तरह से 'हाउडी मोदी' का जवाब था। इस इवेंट में स्टेडियम में 1 लाख से अधिक लोग उपस्थित थे। नमस्ते ट्रम्प रैली में डोनाल्ड ट्रम्प और नरेन्द्र मोदी एक साथ थे।

20 जनवरी 2025 को दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद शपथ-ग्रहण-समारोह में ट्रम्प ने मोदी को आमंत्रित नहीं किया था। कारण संभवतः यह था कि अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडन से होने वाली मुलाकात के समय ट्रम्प ने मोदी से मिलना की इच्छा प्रकट की थी। पर उस समय मोदी ट्रम्प से नहीं मिले थे। पिछले ग्यारह वर्ष में मोदी ने 86 बार विदेश-यात्रा की है। 20 जनवरी को राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प ने उन्हें अमेरिका आने का निमंत्रण दिया। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिका में इस बार उनसे मिलने वाले पहले व्यक्ति थे। उसके बाद 11 फरवरी को व्हाईट हाउस में जार्डन के किंग अब्दुल्ला ने ट्रम्प से भेंट की और 13 फरवरी को ट्रम्प-मोदी मिले। मोदी को ट्रम्प का 'आदर्श जुड़वाँ' (परफेक्ट ट्वीन्स) कहा गया है। दोनों राष्ट्रवाद, परम्परावाद और राष्ट्रीय अस्मिता में विश्वास करते हैं। ट्रम्प और मोदी के अमेरिका और भारत में प्रशंसक एवं निंदक दोनों हैं। इन दोनों ने अपने-अपने देश को अपने पक्ष और विपक्ष में बाँट डाला है। ट्रम्प से यूरोप के उदारवादी और हॉलीवुड सहित अनेक अमेरिकी नागरिक घृणा करते हैं। भारत में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उनके आलोचकों और विरोधियों की संख्या निरंतर बढ़ती गई है। ट्रम्प और मोदी दोनों 'लोकतांत्रिक' न होकर अधिनायकवादी हैं। दुनिया के लोकतांत्रिक देशों में भारत और अमेरिका का अधिक महत्व है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और अमेरिका सबसे पुराना लोकतांत्रिक देश। ट्रम्प और मोदी, दोनों सत्तावादी हैं। दोनों अपनी-अपनी पार्टियों से अधिक बड़े हैं। आज रिपब्लिकन पार्टी का अर्थ डोनाल्ड ट्रम्प है और भाजपा का अर्थ है नरेन्द्र मोदी। दोनों लोकप्रिय हैं। भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच की भौगोलिक दूरी लगभग 12 हजार 53 किलोमीटर की है, पर मोदी-ट्रम्प के बीच में दूरी नहीं है। दोनों एक दूसरे के 'दोस्त' हैं।

45वें राष्ट्रपति के रूप में कार्यरत डोनाल्ड ट्रम्प पर दो बार महाभियोग लगा है - दिसम्बर 2019 और 13 फरवरी 2001 को। 18 दिसम्बर 2019 को अमेरिकी प्रतिनिधि सभा द्वारा लगाये गये महाभियोग का मुख्य कारण अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनाव को प्रभावित करना और सत्ता का दुरुपयोग था। दूसरी बार उन पर महाभियोग 13 जनवरी 2021 को प्रतिनिधि सभा ने 6 जनवरी को यूनाइटेड स्टेट्स कैपिटल पर हुए हमले को लेकर लगाया था। ट्रम्प पर विद्रोह को उकसाने का आरोप था। यह महाभियोग उनके कार्यकाल की समाप्ति के एक सप्ताह पूर्व लगा था। सीनेटरों के दो तिहाई बहुमत का समर्थन प्राप्त न होने के कारण ट्रम्प 5 फरवरी को बरी किये गए। अठारहवीं लोकसभा चुनाव के पहले 'अबकी बार चार सौ पार' का स्लोगन भारतीय संविधान को बदलने के लिए दिया गया था। अमेरिका में कानून का पालन होता है, भारत में कानून की धज्जियाँ उड़ती हैं।

ट्रम्प व्यापारी राष्ट्रपति हैं। वे अमेरिका के धनाढ्य नेताओं में हैं। उनका व्यापार 'रियल स्टेट' से लेकर 'मीडिया टेक्नोलॉजी' तक फैला हुआ है। उन्होंने भारत में भी निवेश किया है। 2016 में उनकी कुल सम्पत्ति 4.5 बिलियन डॉलर थी। फोर्ब्स के एक आकलन के अनुसार जनवरी 2025 के मध्य तक उनकी सम्पत्ति के 6.8 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है। ट्रम्प ऑर्गनाइजेशन की संस्थाएँ विभिन्न देशों में आवासीय अचल सम्पत्ति, होटल, रिसॉर्ट, आवासीय टावर और गोल्फ कोर्स का स्वामित्व, संचालन, निवेश और विकास करती हैं। ट्रम्प को विरासत में बचपन में ही व्यापार मिला था। सात-आठ वर्ष की उम्र में ही उनके पिता ने उनके नाम पर करोड़ों रुपये दिए थे। पिता धनी थे। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक जाँच में उनके खिलाफ 'संदिग्ध रणनीतियों के साथ लाखों डॉलर के करों की चोरी' के सबूत मिले थे। डोनाल्ड ट्रम्प अपनी पिता की पांच संतानों में से चौथी संतान हैं। राष्ट्रपति बनने से पहले भी वे अमेरिकी जीवन में एक प्रसिद्ध सार्वजनिक व्यक्ति रहे हैं। नरेन्द्र मोदी की पारिवारिक पृष्ठभूमि एकदम भिन्न रही है। प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने कहा था - ''मैं एक गुजराती हूँ, जो यह जानता है कि व्यापार कैसे होता है।'' नरेन्द्र मोदी के पिता दामोदर दास मूलचंद मोदी की चाय की दुकान वडनगर रेलवे स्टेशन पर थी। बाद में उन्होंने और उनके भाई ने बस टर्मिनल पर चाय की दुकान खोली। मोदी बार-बार चाय बेचने की बात करते हैं। पारिवारिक पृष्ठभूमि एवं शिक्षा-दीक्षा आदि किसी भी दृष्टि से ट्रम्प और मोदी में कोई समानता नहीं है, पर नेता और शासक के रूप में दोनों में अद्भुत रूप से कई समानताएँ हैं। दोनों माहौल बनाने में प्रवीण हैं। दोनों की विचारधारा एक है। दोनों साफ-साफ बोलते हैं। दोनों प्रबल आत्मविश्वास है। सत्ता दोनों को प्यारी है। जनता को विभाजित कर सत्ता प्राप्त करने में कोई किसी से कम नहीं है। ट्रम्प के समय अमेरिका में गोरे-काले का भेद बढ़ा है। नरेन्द्र मोदी ने मुसलमानों को दूसरे दर्जे का नागरिक बना दिया है। ट्रम्प नस्लवादी हैं और मोदी 'हिन्दुत्ववादी'। इजरायल दोनों की पसंद हैं। नरेन्द्र मोदी इजरायल जाने वाले भारत के अकेले प्रधानमंत्री हैं। अमेरिका में ट्रम्प और भारत में नरेन्द्र मोदी, जो नया इतिहास रच रहे हैं, वह इन दोनों देशों के लिए कहीं अधिक नुकसानदेह है। ट्रम्प और मोदी को लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संस्थाओं में आस्था नहीं है। दोनों छात्र-आन्दोलन के विरोधी हैं। सीएए (नागरिकता कानून संशोधन) के खिलाफ दिल्ली के आन्दोलन में जिन्होंने हिस्सा लिया था, उनमें से अनेक 2020 से जेलों में हैं।

ट्रम्प और मोदी सांस्कृतिक एक रूपता के प्रबल समर्थक हैं। 'पॉलिटिको' पत्रिका ने ट्रम्प को 'प्रेसिडेंट ऑफ द कल्चरल वार' कहा है। झूठ दोनों बोलते हैं, पर ट्रम्प इस मामले में मोदी से बहुत आगे हैं। लोकतंत्र के प्रति इन दोनों में सम्मान-भाव का अभाव है। टेड लेवी की पुस्तक है - 'डोनाल्ड ट्रम्प इज द वर्स्ट पर्सन इन द वर्ल्ड' (2020) मोदी पर लिखी गयी कई ऐसी काताबें हैं, जिनमें उनकी गंभीर और कटु आलोचना है। शशि थरूर ने अपनी पुस्तक 'द पैराडोक्सिकल प्राइम मिनिस्टर नरेन्द्र मोदी एंडहिज इंडिया' (2018) में उनके विरोधाभासी रूप आदि पर विचार किया है। मोदी को भारतीय या हिन्दू मानस की अच्छी समझ और पकड़ है। ट्रम्प को गोरे मानस और उसके श्रेष्ठत्व की समझ है। ट्रम्प ने राष्ट्रपति का चुनाव 'मागा' स्लोगन (मेकिंग अमेरिका ग्रेट अगेन') का निर्माण कर जीता। उन्होंने मतदाताओं को सावधान किया था, चेतावनी दी थी कि सत्ता में डेमोक्रेट्स के आने के बाद अमेरिका का वैश्विक रूतबा समाप्त हो जाएगा। ट्रम्प ने 'नाटो' की फंडिंग भी समाप्त करने की बात कही है। मोदी ने 'कांग्रेस-मुक्त भारत' और 'सुरक्षित भारत' की बात कही है। अमेरिकी राष्ट्रपति के इस चुनाव में ट्रम्प की जीत का बड़ा कारण अवैध आप्रवासियों पर सख्त निर्णय लेना है। ट्रम्प ने कहा था कि कमला हैरिस के पक्ष में एक वोट देने का अर्थ दूसरे 40-50 मिलियन अवैध आप्रवासियों को बोर्डर (सीमा) पर आने देना है। 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अवैध आप्रवासियों (बांग्लादेशियों) का सवाल उठाया। ट्रम्प को अमेरिका में और मोदी को भारत में 'तानाशाह (डिक्टेटर) कहने वालों की एक अच्छी-खासी संख्या है। कुछ दिन पहले राष्ट्रपति दिवस (फरवरी का तीसरा सोमवार) पर ट्रम्प के विरोध में शून्य डिग्री से भी कम तापमान में हजारों लोगों ने वाशिंगटन सहित कई अन्य शहरों में प्रदर्शन किया है। (17 फरवरी को) संविधान बचाने की चिंता प्रकट की है, नारे लगाये हैं - 'नो मोनार्की इन अमेरिका'। ट्रम्प और मोदी की नीतियों का विरोध जारी है।

ट्रम्प और मोदी दोनों कॉरपोरेटों के साथ हैं। ट्रम्प-मस्क और मोदी-अडानी-संबंध से हम सब अब परिचित हैं। दोनों का ध्यान बिजनेस पर है। ट्रम्प ने टैक्स रेट कम किया है, सरकार का आकार घटाया है। मोदी अकेले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने भारतीय कम्पनियों के लिए कॉरपोरेट टैक्स में 25 प्रतिशत की कमी की। नरेन्द्र मोदी उद्यमियों को 'सम्पत्ति निमार्ता' (वेल्थ क्रिएटर) कहते हैं। ट्रम्प और मोदी की चिंता में लोकतंत्र प्रमुख नहीं है। प्रमुख है व्यापार। 13 फरवरी की बैठक केवल व्यापार संबंधी थी। भारत अमेरिका से जितना आयात करता है, उससे कहीं अधिक निर्यात करता है। निर्यात 45 बिलियन डॉलर है। ट्रम्प आयात-निर्यात का अंतर कम करना चाहते हैं। ट्रम्प ने भारत को 'बीगेस्ट टैरिफ एब्यूजर' कहा है। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प ने मोदी को आमंत्रित किया। राष्ट्रपति के शपथ-ग्रहण में उन्होंने मोदी को नहीं पूछा। इस बार की भेंट में ट्रम्प ने मोदी से कहा - 'वी मिस्ड यू, वी मिस्ड यू अलाट'। इस मुलाकात के बाद ट्रम्प ने कहा - ''मोदी भारत में शानदार काम कर रहे हैं। वह एक महान नेता हैं। भारत-अमेरिका हमेशा दोस्त बने रहेंगे.... पी एम मोदी का यहाँ होना बड़े सम्मान की बात है। वह मेरे बहुत पुराने दोस्त हैं। हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध रहे हैं और हमने चार साल की अवधि के दौरान इसे बनाये रखा। हमने अभी फिर से शुरूआत की है। मुझे लगता है कि हमारे पास बात करने के लिए बहुत बड़ी चीजें हैं।'' 2021 में विनींग टीम पब्लिशिंग से प्रकाशित 320 पृष्ठों की पुस्तक 'अवर जर्नी टूगेदर (लेखक-सम्पादक डोनाल्ड ट्रम्प) ट्रम्प के बिताये गये समय से जुड़ी फोटो पुस्तक है, जिसके फोटो और कैप्शन स्व्यं ट्रम्प ने चुने हैं। इस 'फोटो में 'हाउडी मोदी' और 'नमस्ते ट्रम्प इवेंट्स' के 'स्नैपशॉट' हैं। ट्रम्प ने मोदी को 'मिस्टर प्राइम मिनिस्टर, यू आर ग्रेट' लिखकर फोटो बुक भेंट की। मोदी ने कहा - ''ट्रम्प ने एक पुराने दोस्त की तरह मेरा स्वागत किया। उन्होंने मुझे 'नमस्ते ट्रम्प' और 'हाउडी मोदी' कार्यक्रमों की याद दिलाई।''

ट्रम्प से भेंट के पहले मोदी की भेंट इलॉन मस्क से हुई। इलॉन मस्क की कुल सम्पत्ति 394.2 बिलियन डॉलर की है। मस्क पर आरोप है कि वे पूरी दुनिया में दक्षिणपंथ को बढ़ावा दे रहे हैं। अब वे ट्रम्प के वरिष्ठ सलाहकार हैं। नये मेक्सिको कोर्ट में मस्क के खिलाफ एक केस भी है। मोदी-मस्क भेंट में मस्क की पत्नी और उसके तीन बच्चे एक ओर थे, दूसरी ओर वार्ता के लिए गए भारत की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और विदेश मंत्री के साथ विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी बैठे हुए थे। ट्रम्प ने इस बार की भेंट में मोदी को 'अपने से अच्छा' (बेटर दैन मी) कहा, 'लम्बे समय का अपना मित्र' बताया। ('ग्रेट फ्रेंड फॉर ए लांग टाइम') ट्रम्प-मोदी की इस भेंट के तुरत बाद मस्क की 'टेस्ला' का भारत में प्रवेश हो रहा है। टेस्ला ने भारत में विभिन्न पदों के लिए भर्तियाँ शुरू कर दी हैं। ट्रम्प के जितने करीबी मस्क हैं, अडानी मोदी के उससे कम नहीं है। कइ देशों-श्रीलंका, बांग्ला देश, केन्या और आस्ट्रेलिया में अडानी पर जाँच चल रही है। सड़कों पर प्रदर्शन भी हो रहे हैं। अमेरिका में भ्रष्टाचार के मामले में अडानी पर वारंट भी हुआ था। अमेरिका में एक पत्रकार के अडानी से जुड़े सवाल का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह जवाब दिया - ''भारत एक लोकतांत्रिक देश है। हमारी संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम' की है। ऐसे व्यक्तिगत मामलों पर दो देशों के प्रमुख आपस में बात नहीं करते।'

ट्रम्प-मोदी की मैत्री दो 'बिजनेसमैन' की है। राजनीति में दोस्ती नहीं लेन-देन और मौकापरस्ती होती है। इस भेंट के तुरत बाद अमेरिका ने अवैध आप्रवासी भारतीयों को फिर हथकड़ी लगाकर, बेड़ियाँ पहना कर अपने सैन्य विमान से भेजा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 'दोस्त' डोनाल्ड ट्रम्प को यह नहीं कहा कि अपने सैन्य विमान से इन्हें नहीं भेजें और हथकड़ियाँ और बेड़ियाँ नहीं पहनाएं। उन्होंने अवैध आप्रवासी भारतीयों को लाने के लिए भारतीय विमान भेजने की भी बात नहीं कही। क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने 'दोस्त' अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को यह नहीं कह सकते थे?

**( लेखक वरिष्ठ आलोचक एवं सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 94311 03960)**

# मोक्ष के दरवाजे पर आपका स्वागत है

**प्रमोद ताम्बट**



कुंभ यात्रियों की भीड़ से खचाखच से भी ज़्यादा भरे दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मचने से कई लोग मारे गए। इससे पहले कि कोई परम ज्ञानी संत घोषणा करे कि चूँकि मरने वाले कुंभ यात्री थे इसलिए भले ही लोग कुंभ की भगदड़ की बजाय स्टेशन की भगदड़ में मरें हों टिकट उनकी भी मोक्ष की ही कटेगी, मैं संतों से अपील करना चाहता हूँ कि मृतकों को भले ही मोक्ष मिले लेकिन भगदड़ के दोषियों को भी तो कुछ न कुछ मिलना चाहिए। मोक्ष के एजेंटों को यह साफ करना चाहिए कि भगदड़ के असली दोषी हैं कौन और मोक्षधाम में उनके लिए क्या सजा मुकर्रर की जाएगी की भी जाएगी या वे वहाँ भी ले दे के छूट जाएँगे।

इधर अर्बन नक्सल लोग सवाल दाग रहे हैं कि गलती किसकी है, गलती किसकी है। हमको मालूम है कि सबको मालूम है गलती किसकी है, फिर भी गलती किसी की नहीं निकलने वाली और आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला हमेशा की तरह यूँ ही चलता रहेगा। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार दक्षिण पंथियों द्वारा इस मामले में पश्चिमी वैज्ञानिक जेम्स वाट को फँसाया जा सकता है जिसने भाप के इंजिन का आविष्कार किया था। न वो यह वाहियात आविष्कार करता, न ट्रेन बनती, न रेलवे स्टेशन बनाना पड़ता, न स्टेशन पर भगदड़ मचती, न लोग मरते।

उधर वामपंथी सारा दोष वेदव्यास पर थोप सकते हैं। न वे विष्णु पुराण लिखते, न समुद्र मंथन होता, न अमृत निकलता, न इंद्रपुत्र अमृत कलश लेकर भागते, न प्रयागराज में कलश से अमृत टपकता, न प्रयागराज कुंभ का आयोजन होता, न लोग घर का बाल्टी मग्गा छोड़कर कुंभ स्नान के लिए पगलाते, न स्टेशन पर भीड़ लगाते, न भगदड़ मचती न लोग मरते।

कोई चाहे तो वास्कोडिगामा पर आरोप थोप सकता है उसने भारत की खोज क्यों कर दी जहाँ पौराणिक गपोड़ियों की बातों में आकर हर बारह साल में कुंभ का मेला भरता है। नदी में नहाने के लिए भीड़ लगती है, भगदड़ मचती है और लोग मरते हैं । किसी की इच्छा हो तो उसको दोष दे ले जिसने दिल्ली बसाई और उसे भी जिसने दिल्ली को राजधानी बनाया। फिर जिस किसी ने दिल्ली तक रेलवे लाइन और रेलवे स्टेशन का प्रस्ताव बनाया है उसकी भी लगे हाथ ऐसी तैसी कर ली जाए । न भारत की खोज होती न दिल्ली बसती न स्टेशन बनता न ट्रेनें चलती न लोग इकट्ठे होते न भगदड़ मचती न लोग मरते। किसी की इच्छा हो तो दूरसंचार विज्ञान और टेक्नोलॉजी को कोस ले, न ये बलाएँ होतीं न संचार माध्यम होते न टी वी, मोबाइल होता न इंटरनेट होता, न फेसबुक वाट्सअप यूनिवर्सिटी होती न घर-घर में कुम्भ स्नान की महिमा का बखान पहुँचता न अंधविश्वासु लोग काम-धाम छोड़कर जत्थे के जत्थे बनाकर अपने पाप धोने के लिए प्रयागराज की और दौड़ पड़ते, न भगदड़ होती न लोग मरते। वैसे पापी, पाप और उसकी पानी में धुलनशीलता की अंध-अवधारणा का भी कम दोष नहीं लोगों को मौत की और दौड़ लगाने को मजबूर करने के लिए। लोग पापों से दूर रहकर धुले-पुछे नहीं रहना चाहते

**व्यंग्य**

पाप करके मटमैली गंगा में डुबकी लगाकर पापों से मुक्ति चाहते हैं। उन्हें पता नहीं है लाखों की तादात में प्रदूषित पानी में उतरकर उन्हें पुण्य तो नहीं छूत के रोग अवश्य मिल सकते हैं।

किसी और को किसी और पर दोष थोपना हो तो थोप लो। किसी पर कुछ थोपने में कोई खर्चा थोड़ी न आता है। सब के ऊपर दोषारोपण आरोप प्रत्यारोप कर लो लेकिन भूल कर भी असली मुजरिम को कुछ भी न कहना। क्योंकि जानते सब हैं लेकिन पहचानता कोई नहीं है कि आखिर कौन है असली मुजरिम जो बार-बार ऐसे धार्मिक सामाजिक जमावड़ों में भगदड़ का सूत्रपात करता है? कौन भगदड़ की वस्तुस्थिति पैदा करता है। आपको शायद अचानक याद नहीं आयेगा लेकिन मैं याद दिला देता हूँ। पागलपन की हद तक अंधश्रद्धा, अंधआस्था, अंधविश्वास, अंधाचरण, अंधानुकरण, अंधभक्ति, अंधासक्ति आदि-आदि न हो तो न फालतू का जमावड़ा हो, न भगदड़ मचे, न लोग कुचले जाएँ, न मौत का तांडव हो। याद आया कुछ, नहीं तो तुम्हारा कुछ नहीं हो सकता। तुम जरूर अगली भगदड़ और मौत के तांडव के साक्षी बनने के लिए पूरी तौर पर तैयार हो। मोक्ष के दरवाजे पर अवश्य ही तुम्हारे जोर-शोर से स्वागत के लिए पूरी तैयारियाँ हैं।

**( लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9893479106)**

# औकात की बात

**डा. मुकेश असीमित**



आज फिर उनकी औकात उन्हें दिखने लगी है। दुखी हैं बहुत। एक बार हो जाए, दो बार हो जाए, लेकिन बार-बार कोई औकात दिखा दे तो भला किसे बर्दाश्त होगा? इस बार तो हद ही कर दी। संस्था वाले भी पीछे ही पड़े हैं... क्या यार, इस बार तो मात्र दस रुपये की माला को मोहरा बना दिया, औकात दिखाने के लिए!

उन्हें पता चला कि सम्मान करने के लिए जो माला उनके गले में डाली गई थी, उसकी बाजार कीमत दस रुपये थी, और संस्था द्वारा थोक में मंगवाने के कारण वह महज आठ रुपये में पड़ी थी। बस, तभी से अपसेट हैं। कार्यक्रम संस्था द्वारा उनकी शादी की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित था। संस्था वालों ने उनकी वर्षगांठ पर उन्हें दस रुपये की माला पहनाकर उनकी औकात दिखा दी!

पिछली बार भी एक कार्यक्रम हुआ था। तब इसी संस्था के एक अन्य सदस्य को बीस रुपये की माला पहनाई गई थी। यह तथ्य उन्हें तब पता चला, जब संस्था द्वारा पिछले कार्यक्रम का बजट प्रस्तुत किया गया।

संस्था वाले किसी न किसी बहाने बस उन्हें औकात दिखाने के लिए तत्पर रहते हैं। बताइए, ये भी कोई बात हुई?

कभी नाम का उच्चारण 'कबीर दास' से 'कबर दास' कर देते हैं, कभी मंच पर बुलाना भूल जाते हैं। कई बार ये नमस्कार करते हैं और संस्था के पदाधिकारी मंच पर व्यस्त होने का बहाना बनाकर उनके नमस्कार का उत्तर भी नहीं देते। अब यह भी कोई बात हुई भला? माना कि आप व्यस्त हैं, लेकिन वे कब से खड़े इंतजार कर रहे थे–आधा घंटा बीत गया, किसी ने हाय-हेलो तक नहीं की! सब अपने-अपने में मशगूल रहे। उनकी कातर निगाहें बस किसी का अभिवादन पाने को भटकती रहीं। कुछ सिर हिले, तो उन्हें लगा शायद नमस्कार किया जा रहा है। उन्होंने भी सिर हिला दिया, लेकिन बेकार गया। मंच पर मौजूद लोग मुख्य अतिथि महोदय के स्वागत में व्यस्त थे।

उनका नमस्कार इस तरह उपेक्षित चला जाना–उन्हें ऐसा लगा मानो धरती फट जाए और वे उसमें समा जाएँ, या आकाश निगल ले। आखिरकार, वे कार्यक्रम छोड़कर चले गए–अपनी औकात को साथ लेकर।

वे कभी अपनी औकात को देखना नहीं चाहते, उन्हें अपनी औकात से नफरत है। लेकिन ये औकात है कि बार-बार उनके सामने आ खड़ी होती है, उन्हें चिढ़ाती है–

'देख लो, मैं फिर तुम्हारे सामने हाजिर हूँ! कब तक मुझसे बचोगे?'

जब वे कार्यक्रम से लौट रहे थे, तो उनके कदम भारी थे। विवश थे वे। उनका विरोध बहुत मासूम होता है–वे शोर नहीं मचा सकते, लड़ नहीं सकते, झगड़ नहीं सकते। उनका स्वभाव ही ऐसा नहीं। वे बस दुखी हो सकते हैं, विलाप कर सकते हैं और संस्था से चुपचाप खिसक सकते हैं।

वे मीटिंग से इस तरह बाहर निकलते हैं कि कोई उन्हें रोकने के लिए अपना 'कीमती समय' बर्बाद न करे। वे ऐसे चुपचाप निकलते हैं, जैसे किसी ने उनकी औकात के साथ उन्हें देख लिया तो वे बदनाम हो जाएँगे। लोग हँसेंगे–

'देखो भाई, ये जा रहे हैं... अपनी छोटी-सी औकात को साथ लेकर!'

उनकी औकात भी अजीब चीज है–आवारा किस्म की! हर किसी के मुँह लगती रहती है। कोई भी उसे पकड़कर उनके पास ला सकता है–

'ले भाई कबीर दास, ये तुम्हारी पिद्दी-सी औकात! संभालो इसे, हमारे मुँह लग रही थी!'

अरे, इसे अपने पास रखा करो न! ध्यान रखा करो!

अगर ये ऐसे ही गली-गली घूमेगी, तो ऊँची औकात वाले लोग इसे देखकर सीटी बजाने को मजबूर हो जाएँगे, ताने कसने को मजबूर हो जाएँगे।

हर कोई अपनी औकात को पिंजरे में बंद करके रखता है। उसे पालता-पोसता है, बड़ा करता है। लेकिन दूसरों की औकात को? जब भी मौका मिलता है, गली के कुत्ते की तरह दुत्कारता है, ढूँढ़ता रहता है, और ताने कसता है।

खैर, वे दुखी होकर संस्था से चले आए। किसी को पता भी नहीं चला। इस बात से वे और अधिक दुखी हो गए–

'भाई, किसी को परवाह ही नहीं! छोटी औकात वाले हैं न, कौन ध्यान रखेगा?'

वे औकात की तरफ देख रहे हैं–

'क्या खिलाएँ-पिलाएँ इसे? कौन-सा टॉनिक दें कि यह बड़ी हो जाए? ताकि बड़े लोग इसे खुद देखें, मुझे न दिखाएँ!'

वे दुखी मन से कोसते हैं–

'अरे, मेरी इज्जत को मुझे दिखाकर क्या करोगे?'

तीन दिन बीत गए।

संस्था के व्हाट्सएप ग्रुप में कार्यक्रम की तस्वीरें डाली जा रही हैं, बधाइयाँ दी जा रही हैं, कार्यक्रम की सफलता की चर्चा हो रही है। और ये, जो कार्यक्रम का बहिष्कार करके आए थे–उनकी कोई चर्चा ही नहीं!

हारकर वे व्हाट्सएप ग्रुप छोड़ देते हैं। अब और क्या करें? कोई नोटिस नहीं करता, तो यही उनका आखिरी हथियार है।

तीन दिन बीत गए हैं... वे औकात से कह रहे हैं–

'चिंता मत करो, वे आएँगे... जरूर आएँगे!'

संस्था वाले आते हैं। उनकी छोटी-सी औकात को अहंकार की खुराक मिल जाती है। संस्था वाले उन्हें मनाने आए हैं–

'अरे कबीर दास जी, हम तो चाय पीने के लिए आए हैं! भाभी जी के हाथ की चाय पिए हुए बहुत दिन हो गए, इसलिए!'

वे भीतर से खुश होते हैं, लेकिन ऊपर से दुखी मन से कहते हैं–

'मैंने आपको नाहक ही परेशान कर दिया, बताइए! रिग्रेट करता हूँ, ऐसा नहीं करना चाहिए था। आप आदेश देते तो मैं खुद हाजिर हो जाता। लेकिन चलो, अच्छा हुआ, इस बहाने आपने हमारा 'गरीब खाना' देख लिया!'

उनकी औकात छोटी है... क्या करें? संस्था में सभी की औकात से छोटी!

इसलिए सारा इल्जाम वो अपनी छोटी औकात पर डाल देते हैं –

'भाई, उसी की बदमाशी है! इसने नाहक ही आपको परेशान किया!'

संस्था वालों को भी पता है–ऐसा पहले भी कई बार हो चुका है। वे जानते हैं कि वे दुखी रहेंगे, लेकिन संस्था छोड़ना नहीं चाहते। बस, कोई उन्हें बुला ले, थोड़ा-सा उनकी औकात को खींचकर बड़ा कर दे!

चार दिन हो जाते हैं... बेचैन हो उठते हैं।

वे विश्वसनीय स्रोतों से पता भी करते हैं कि ग्रुप में क्या चल रहा है?

क्या कोई उन्हें वापस बुलाने के बारे में विचार भी कर रहा है?

वे खुद ही फोन करके नमस्कार कर लेते हैं–

'क्या हाल हैं, भाई? संस्था में आजकल क्या चल रहा है?'

उन्हें लगता है, संस्था उनके बिना अनाथ हो गई होगी!

जितनी चिंता उन्हें संस्था में रहकर नहीं होती, उतनी संस्था से बाहर आकर हो जाती है।

संस्था में रहते हुए उन्हें बस अपनी औकात की चिंता रहती है–

'कहीं यह इधर-उधर मुँह न मार रही हो! फिर कोई पकड़कर लाकर पकड़ा देगा मुझे–'क्या यार कबीर दास, संभाल के नहीं रखते?''

अब तो उनका जी चाहता है कि कब्र में लेट जाएँ–अपनी औकात के साथ!

आज भी वही हाल है।

वे देख रहे हैं, उनकी औकात इठला रही है... बस, संस्था के पदाधिकारी आ जाएँ, उनके 'गरीब' खाने पर एक बार नजर फेर लें।

संस्था वाले आ ही गए हैं।

वे नाश्ता-वाश्ता करके जा रहे हैं।

और वे?

खुश हैं... क्योंकि संस्था वालों ने आकर उनकी औकात के दर्शन कर लिए!

**( लेखक व्यंग्यकार हैं)**

# मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली, बाल-बाल बचे दरोगा

**एनकाउंटर**

### तमंचा, कारतूस बरामद

जनसंदेश न्यूज

**पवई (आजमगढ़)।** पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ में एक बदमाश पुलिस की गोली से घायल हो गया। जबकि बदमाशों द्वारा चलायी गयी गोली से एक दरोगा बाल-बाल बच गया।

स्थानीय थाना अंतर्गत बुधवार की रात जानवरों से भरी एक ट्रक पकड़ी गई थी जिसमें एक तस्कर पकड़ा गया था शेष चार भाग गए थे। उसी को लेकर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई थी। मुखबिर से सूचना मिली कि भागे हुए में से एक आरोपी मित्तुपुर की तरफ से मिल्कीपुर की तरफ आ रहा है। इस सूचना पर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र मय हमराही के पूर्वांचल एक्सप्रेस के अंडरपास पर घेराबंदी कर दी। कुछ ही समय बाद मित्तुपुर की तरफ से एक बाइक आती हुई दिखाई दी। जब पुलिस ने रोकना चाहा तो वह सर्विस लेन पकड़ कर अहिरौला की तरफ भागने लगा। गोखवल अंडरपास के पास पहुंचा था कि आगे से थानाध्यक्ष अहिरौला अनिल कुमार सिंह भी मय हमराही आ गए। आगे से भी पुलिस देख कर वह मनेर कला जाने वाले रास्ते पर मुड़ा मगर गिर गया। अपने को घिरा देख उसने तमंचा से फायर किया जो थानाध्यक्ष पवई के दाहिने कान के बगल से होती हुई निकल गई। आत्मरक्षा हेतु जवाबी कार्रवाई में बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी जिससे वह जमीन पर गिर गया। कड़ाई से पूछताछ में उसने अपना नाम दिनेश कुमार निषाद पुत्र संजय निषाद निवासी उच्चयना थाना खुटहन, जौनपुर बताया। उसने यह भी बताया कि रात में गोवंश से भरी ट्रक को मैं ही चला रहा था और ट्रक छोड़कर भाग गया था। बाइक के बारे में बताया कि यह मेरे साथी तैयब पुत्र जुरार निवासी जागापुर, थाना अहिरौला की है। उसके पास से एक अदद 315 बोर का तमंचा एक जिंदा कारतूस, एक खोखा और एक मिस कारतूस बरामद हुआ।


घायल बदमाश को ले जाती पुलिस।

# दुर्घटना में सगे भाई घायल, एक की मौत

जनसंदेश न्यूज

**पटवध (आजमगढ़)।** बिलरियागंज-महराजगंज रोड पर स्थित पेट्रोल पम्प के सामने हुई बाइक और ट्रैक्टर की टक्कर में बाइक सवार दो सगे भाइयों में एक की मौत हो गयी जबकि दूसरा घायल बताया जा रहा है।

बिलरियागंज से महाराजगंज वाले रोड पर स्थित पेट्रोल पंप के सामने बृहस्पतिवार को ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर होने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। मौके पर पहुंचे पुलिस ने मृतक केशव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। दूसरे घायल भाई का इलाज चल रहा है।

चंदन साहनी 25 वर्ष पुत्र राम अवध साहनी निवासी चौकन्ना रामचंद्र थाना महाराजगंज अपनी बाइक से बड़े भाई अशोक के साथ दवा लेने आजमगढ़ जा रहा था। बिलरियागंज स्थित पेट्रोल पंप के सामने पहुंचा ही था कि तभी ट्रैक्टर से बाइक की टक्कर हो गई। बाइक पर सवार दोनों भाइयों में चंदन की मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। बाइक और ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेकर थाने चली आई। घायल अशोक का इलाज चल रहा है।


पोस्टमार्टम हाऊस पर जुटी शुभचिंतकों की भीड़।

## संक्षेप

### हाइवे पर खड़े वाहनों से होती है दुर्घटनाः एमएलसी



**निजामाबाद (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के भड़सरा खालसा गांव निवासी विधान परिषद सदस्य व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक ने गुरुवार को विधान परिषद में सड़कों के किनारे अवैध रूप से खड़े होने वाले वाहनों से होने वाली दुर्घटना का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हाईवे पर अवैध रूप से खड़े होने वाले वाहनों की वजह से हो रही मार्ग दुर्घटना से होने वाली मौतों को रोकने के लिए परिवहन विभाग की जिम्मेदारी निर्धारित की जाय। अक्सर गाड़ियों के खड़े होने से बड़ी दुर्घटना होती है। अवैध पार्किंग कि वजह से अक्सर गाड़ियों की दुर्घटना होती है जिसमें जन धन संपत्ति सबका नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ लखनऊ मार्ग या गाजियाबाद दिल्ली मार्ग या झांसी कानपुर मार्ग आदि हाईवे पर अक्सर बड़े वाहन अनाधिकृत रूप से ट्रक डंफर आदि बड़े वाहन खड़े रहते हैं जिसके कारण प्रतिदिन कहीं न कहीं गाड़ियों से दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ कठोर कदम उठाने के लिए हाइवे पुलिस यातायात पुलिस के साथ परिवहन विभाग की जिम्मेदारी निर्धारित करने की आवश्यकता है जिससे होने वाली दुर्घटना से बचा जा सके।

### सेवानिवृत्त पीआरडी जवान को दी गयी भावभीनी विदाई



**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** विकासखंड कोयलसा में क्षेत्रीय युवा कल्याण प्रादेशिक विकास दल अधिकारी अनीश मौर्य के नेतृत्व में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सेवानिवृत्त पीआरडी जवान भानु प्रताप सिंह को स्मृति चिह्न अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने लंबे समय से पीआरडी में अपनी सेवा दी। उनकी सेवानिवृत्ति के बाद विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सभी पीआरडी जवानों की आंखें नम रही। अनीश मौर्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारे लिए बड़े ही गौरव की बात है कि भानु प्रताप सिंह पीआरडी में अपनी सेवा दी और अनुशासन का परिचय दिया। हम सभी को उनसे सीखने की जरूरत है। समय का पालन समय से ड्यूटी करना और अधिकारियों के निर्देश का पालन करना उनकी आदत में शुमार था। उनका अभाव हम सभी को खटकेगा लेकिन सकुशल सेवानिवृत्ति के बाद वह अपने परिवार में सम्मान के साथ चले गए। इस मौके पर अरविंद कुमार, अखिलेश चंद्र वर्मा, मनोज कुमार, कन्हैया, रामकिशन, घनश्याम, विजय प्रताप चौबे, सोहराब अली, सरोज, अरविंद, कर्मवीर, राजेश, लालचंद्र, सुभाष, नारायण, बालचंद, जितेंद्र, राम विनय, धर्मेंद्र, सीताराम, चंद्रशेखर, कृष्णदेव श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### चिकित्सकों से लें निजी प्रैक्टिस न करने का शपथ पत्रः डीएम



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में गठित विशेष निगरानी समिति (राजकीय चिकित्सक निजी प्रैक्टिस निषेध) की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्या, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक मंडलीय जिला चिकित्सालय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, महिला चिकित्सालय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, 100 बेड अतरौलिया, लालगंज, तरवां, उप पुलिस अधीक्षक, एलआईयूएवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि अपने संस्थान में कार्यरत सभी चिकित्सकों से निजी प्रैक्टिस न करने के संबंध में शपथ पत्र लिया जाय। जिलाधिकारी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं उप पुलिस अधीक्षक, एलआईयूको जिले में निजी प्रैक्टिस में संलिप्त सरकारी चिकित्सकों की गोपनीय तरीके से जांच कराकर जांच रिपार्ट समिति के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि सरकारी चिकित्सकों के विरुद्ध आने वाली निजी प्रैक्टिस की शिकायत की जांच कराकर समिति के समक्ष जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाय और उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाय। शासन के निदेर्शानुसार समिति की बैठक प्रत्येक तीन माह में एक बार सीएमओ को कराने हेतु निर्देशित किया गया।

### दसवें दिन 202 अभ्यर्थी दौड़ में रहे विफल



**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती-2023 की शारीरिक दक्षता परीक्षण बीते 10 फरवरी से आगामी 27 फरवरी तक 20वीं वाहिनी पीएसी में होना प्रस्तावित है। गुरुवार को 20वीं वाहिनी पीएसी में मुख्य समन्वयन अधिकारी सुशील कुमार शुक्ला सेनानायक 20वीं वाहिनी पीएसी आजमगढ़, नोडल एसपीआरए चिराग जैन एवं परीक्षा बोर्ड में नामित सदस्यों की उपस्थिति में दसवें दिवस नामित 1052 पुरुष अभ्यर्थी में 954 उपस्थित हुए। उपस्थित अभ्यर्थियों की दौड़ कराई गईं जिसमें 752 अभ्यर्थी सफल एवं 202 अभ्यर्थी असफल रहे। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक किरण पाल सिंह, शिविरपाल विजय कुमार यादव, सूबेदार मेजर बीजेन्द्र सिंह एवं ड्यूटी में लगाए गए अधिकारी व जवान उपस्थित रहे।

### गेहूं की फसल पर पड़ रही मौसम की मार, किसान परेशान

**मार्टिनगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के लगभग सभी गांव में इस बार फरवरी माह से ही तापमान का उतार-चढ़ाव लगा है जिसका सीधा असर किसान की फसल गेहूं पर पड़ रहा है। तापमान बढ़ने से गेहूं की पैदावार तो प्रभावित हो ही रही है पौधों की लंबाई भी कम हो रही है। साथ ही फोन में पड़ने वाले दाने भी कमजोर और हल्के हो सकते हैं जिसके चलते क्षेत्र के किसानों के माथे पर चिंता की लकीर दिखाई पड़ रही है। इतना ही नहीं जिन किसानों ने दिसंबर माह में गेहूं के खेत की बुआई की है यदि अगले हफ्ते तक तापमान की स्थिति ऐसी ही बनी रही तो उत्पादन का गिरना स्वाभाविक है जिससे क्षेत्र के किसान परेशान हैं। शारदा सहायक खंड की रजवाहा जिससे किसान सिंचाई करते हैं उसमें भी पानी नहीं है। जो पानी आ भी रहा है वह खेत तक नहीं पहुंच रहा है। करण की मात्र पानी देखने के लिए है खेत तक पहुंचाने के लिए नहीं, इससे किसान चिंतित हैं।

### कांग्रेस सचिव को पितृ शोक

**आजमगढ़।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर आकस्मिक बैठक उपाध्यक्ष तेज बहादुर यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव अजीज इमाम के पिता शेख मुतुर्जा बेग की 85 वर्ष की अवस्था में 19 फरवरी को देहांत होने पर शोक मनाया गया। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि स्व.बेग जीवन पर्यंत कांग्रेसी रहे और पार्टी के विभिन्न पदों पर रहकर देश की सेवा करते रहे। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी प्रशंसकों में इनकी गिनती हुआ करती थी। पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी से उनकी काफी नजदीकी रही। वे अपने पीछे 6 पुत्रों पुत्रवधू का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। बैठक में मुन्नू यादव, मन्तराज यादव, मुन्नू मौर्य, शंभू शास्त्री, बृजेश पांडेय, धर्मेंद्र यादव, चंद्रपाल यादव, प्रेमा चौहान, शीला भारती, विश्व देव उपाध्याय, खुर्शीद आलम, हरिहर राम, वीरेंद्र चैहान आदि लोग उपस्थित थे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

**पटवध (आजमगढ)।** जीयनपुर थाना कोतवाली अंतर्गत जमीन नरहन निवासिनी अंजलि चौहान 17 वर्ष पुत्री लक्ष्मण चौहान ने संदिग्ध परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थ खा लिया जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने इस मामले में गांव के ही एक युवक शिवम चौहान पुत्र विजय चौहान के खिलाफ थाना कोतवाली में तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शिवम चौहान को गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ कर रही है। अंजलि दो बहन और एक भाई में छोटी थी अंजलि की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सौ शैया संयुक्त अस्पताल को मिला कायाकल्प अवार्ड

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** क्षेत्र के सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय को कायाकल्प अवार्ड के अंतर्गत स्वास्थ्य यूनिट को जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिसे लेकर स्वास्थ्य कर्मियों में खुशी का माहौल व्याप्त है। स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डा.एसके ध्रुव ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कायाकल्प अवार्ड के अंतर्गत स्वास्थ्य यूनिट को सम्मानित किया गया है। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र भी दिया। सफाई व्यवस्था इनफेक्शन प्रीवेंशन कंट्रोल इन तीनों में परीक्षण के दौरान हम सफल रहे। वर्तमान सत्र में चिकित्सालय को प्रथम स्थान लाना है, इसके लिए मेरे द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। 2022-23 में कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत चिकित्सकों द्वारा कुछ कमियां थी जिसकी वजह से हमारी रैंकिंग नहीं सुधर पाई। इस दौरान लोगों को स्किल्ड किया गया, स्टाफ नर्स को भी मैनेजमेंट ट्रेनिंग के लिए स्टेट टीम द्वारा ट्रेनिंग दी गई, इनफेक्शन प्रीवेंशन कंट्रोल में कमियां थी जिसे हम लोगों ने सही किया और इसी वजह से कायाकल्प अवार्ड के अंतर्गत हमारी पूरी स्वास्थ्य यूनिट को सम्मानित किया गया।

# ऑटो से टकरायी बेकाबू कार, एक की मौत

### दवा लेकर घर वापस जा रहा था युवक

जनसंदेश न्यूज

**संजरपुर (आजमगढ़)।** निजामाबाद थाना क्षेत्र के निकामुद्दीनपुर में अनियंत्रित कार ने आटो में टक्कर मार दी जिससेआटो पलट गया और पांच लोग घायल हो गए। इस घटना में घायल एक युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

सरायमीर थाना क्षेत्र के पवईलाडपुर गांव निवासी नवनीत दुबे 34 वर्ष अपनी पत्नी नेहा दुबे 32 वर्ष व भांजी उजाला पाठक 23 वर्ष के साथ जिला मुख्यालय दवा लेने आया था। दवा लेकर वह घर वापस जा रहा था। जैसे ही निजामाबाद थाना क्षेत्र के निकामुद्दीनपुर के पास पहुंचा कि अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने ऑटो में साइड से टक्कर मार दी जिससे आटो पलट गया। हादसे में नवनीत दुबे, नेहा दुबे, उजाला सहित पारा गांव के दो अन्य लोग घायल हो गए। सभी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरायमीर ले गए। जहां पर नवनीत की हालत गंभीर देख उसे रेफर कर दिया गया। परिजन उसे लेकर फूलपुर स्थित एक निजी अस्पताल में गए, जहां तैनात चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए जहां उसकी मौत हो गई। नवनीत की शादी दो वर्ष पूर्व हुई थी। घटना से पूरे परिवार में मातम पसरा है।


नवनीत दुबे (फाइल फोटो)।

### वसूली करने गए लाइनमैन को मारपीट कर किया घायल

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय कोतवाली के विद्युत उपकेन्द्र खुटौली पर तैनात लाइनमैन अपने साथियों के साथ लाहीडीह तेलियाना मुस्लिम बस्ती में बकाया विद्युत वसूली के उद्देश्य से गया था। गांव के ही एक व्यक्ति ने लाइनमैन को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित लाइनमैन ने फूलपुर कोतवाली में तहरीर दिया है। पीड़ित लाइनमैन अरशद पुत्र स्व. बदरे आलम निवासी नियाउज, कोतवाली फूलपुर ने तहरीर में उल्लेख किया है किवह विद्युत उपकेन्द्र खुटौली पर कार्यरत है। विभागीय आदेशानुसार उच्चाधिकारियों के आदेश पर विद्युत बकाया और विद्युत विच्छेदन हेतु अपने लाइनमैन साथी प्रभुदीन और सुशील यादव के साथ लाहीडीह तेलियाना मुस्लिम बस्ती में गया था। गांव के मंजूर अहमद पुत्र लइक अहमद ने पकड़ कर दीवाल में लड़ा दिया और मारपीट कर घायल कर दिया। साथियों के सहयोग मैं किसी तरह से बच पाया। पीड़ित ने इस बाबत फूलपुर कोतवाली में तहरीर दिया है। इस संबंध में फूलपुर कोतवाल सच्चिदानंद का कहना है कि लाइनमैन से हाथापाई हुई थी। तहरीर मिली है,तहरीर के अनुसार मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# मृतक संघ ने मीडिया कर्मियों को किया सम्मानित

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** मृतक संघ जन कल्याण ट्रस्ट और मृतक संघ ने गुरूवार को सिधारी स्थित एक होटल के सभागार में मीडिया कर्मियों को अंगवस्त्रम एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल बिहारी मृतक दागी ने बताया कि इस दौरान 30 मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक स्व.श्याम लाल कन्नौजिया की धर्मपत्नी सुन्दरी देवी मौजूद रहीं।

सम्मान से अभिभूत मीडिया कर्मियों ने लालबिहारी मृतक के संघर्षो का विस्तार से वर्णन किया और हर संघर्ष को शासन-प्रशासन के मध्य उठाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार राम अवध यादव ने कहा कि जिले का यह पहला आयोजन है जिसमें किसी संस्था द्वारा चौथे स्तम्भ के साथियों को सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब लालबिहारी अपने आप को खसरा-खतौनी में जीवित साबित करने के लिए संघर्ष कर रहे थे उस दौरान पत्रकारों ने उनका खुलकर साथ दिया।

अंत में लाल बिहारी मृतक एवं संस्थापक ने समस्त पत्रकारों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि मेरे संघर्षो के समय में मेरे पत्रकार भाईयों ने जिस प्रकार अपनी लेखनी से मेरे साथ और हजारों जीवित मृतकों एवं धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार से पीड़ितों के साथ हुए अन्याय को उजागर कर मुझे साहस प्रदान करने का काम किया, मैं उनका आजीवन ऋणी रहूंगा। सम्मानित होने वालो में अम्बुज राय, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, शक्तिशरण पंत, बद्री प्रसाद गुप्ता, सुबाष सिंह, नर्देश्वर मिश्रा, शाहनेवाज अहमद, श्याम नरायन मौर्या, अमित खरवार, अजय सिंह, धीरज वर्मा, ज्ञानेंद्र कुमार, ज्ञानेंद्र चतुवेर्दी, प्रवीण सिंह, विशाल यादव आदि शामिल हैं।

इस अवसर पर शंकरदेव, राधेश्याम चौरसिया, कलीम अहमद, शकील अहमद, रामचन्दर, पप्पू, साधू, दिनेश आदि मौजूद रहे। संचालन कमला सिंह तरकश ने किया।


मृतक के साथ सम्मानित पत्रकार।

# नकदी सहित लाखों का सामान चोरी

**व्यापारियों में आक्रोश**

### अंबारी में पुलिस चौकी होने के बाद भी चोरों के हौसले बुलंद

जनसंदेश न्यूज

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंबारी में बुधवार की रात चोरमकान का ताला तोड़कर एक लाख नकदी सहित लाखों केजेवर उठा ले गए। पीड़ित द्वारा डायल 112 पर इसकी सूचना दी गयी। रात में ही अंबारी और फूलपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। पीड़ित द्वारा लिखित तहरीर दी गयी है।

अजय गुप्ता पुत्र स्व.राम ललित गुप्ता निवासी रूपधर पट्टी ओरिल थाना अहरौला की अंबारी के माहुल रोड पर किराना की दुकान है। वहीं अंबारी-आंधीपुर रोड पर मकान है। उसी मकान में गोदाम भी है। महिलाएं पहले से ही किसी शादी समाहरोह में गयी थीं। रात 9 बजे गोदाम बन्द कर दी गयी। रात में 11 बजे वापस आने पर देखा तो गेट के अंदर का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाने पर कमरे का ताला भी टूटा था। चोरों द्वारा 4 आलमारी और उसमें लगे तीन लाकर तोड़ा गया था। जिसमें रखा हुआ एक लाख नकदी और लाखों का जेवर गायब था। जेवर में हार, झुमका, दो मंगलसूत्र, 10 अंगूठी, 4 चैन, 10 पायल, 2 छागल आदि शामिल है। पीड़ित द्वारा इसकी सूचना रात में ही डायल 112 को दी गयी। मौके पर डायल 112, फूलपुर कोतवाली प्रभारी सच्चिदानंद, अंबारी चौकी प्रभारी रज्जन द्विवेदी पहुंचे।

कोतवाली प्रभारी सच्चिदानंद यादव ने बताया कि चोरी हुई है, लेकिन मामला संदिग्ध लग रहा है।


मौके पर जुटी स्थानीय लोगों की भीड़।

### रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री बनने पर भाजपाइयों में हर्ष

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर पंचायत स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता श्रम प्रकोष्ठ रमाकांत मिश्र के आवास पर दिल्ली बीजेपी में पहली बार महिला मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बनाए जाने पर जश्न मनाया गया। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। रमाकांत मिश्र ने कहा कि रेखा गुप्ता का लगाव आजमगढ़ से विशेष रहा है। लोकसभा चुनाव में वह आजमगढ़ में आयी थी। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व में महिलाओं की सशक्त भागीदारी सुनिश्चित हुई है। रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में दिल्ली की भाग्य रेखा बदलेगी। उन्होंने कहा कि बजट में भी आजमगढ़ को बहुत कुछ मिला है। हरिहरपुर घराने को 3 करोड़, एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए पैसा मिला है, विज्ञान प्रयोगशाला बनाने के लिए भी भाजपा ने आजमगढ़ को बजट से आच्छादित किया है। भाजपा की 21 राज्यों में सरकार है। मगर कहीं भी महिला मुख्यमंत्री नहीं है। नए सीएम की शपथ लेते ही रेखा गुप्ता भाजपा की पहली महिला मुख्यमंत्री बन जाएंगी। रेखा ने इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में शालीमार बाग सीट से जीत हासिल की।

# योगी सरकार ने पेश किया ऐतिहासिक बजटः सूरज प्रकाश

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** भाजपा जिलाध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि आम बजट योगी सरकार का 9वां बजट पेश किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 6 लाख रुपये का ऐतिहासिक बजट विधानसभा में पेश किया। यह उत्तर प्रदेश के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा बजट है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने इसे प्रदेश के आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि यह बजट वर्ष 2024-2025 के बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है, जिससे राज्य की आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। यह बजट प्रदेश की आर्थिक मजबूती, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना है। योगी सरकार के इस मेगा बजट में अवस्थापना विकास के लिए 22 प्रतिशत, शिक्षा के लिए 13 प्रतिशत, कृषि और सम्बद्ध सेवाओं के लिए 11 प्रतिशत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में 6 प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए 4 प्रतिशत एवं संसाधन आवंटित किये गये हैं। बजट में पूँजीगत परिव्यय कुल बजट का लगभग 20.5 प्रतिशत है।



सूरज प्रकाश श्रीवास्तव।

# बेहतर प्रदर्शन करने पर चिकित्सकों को किया गया सम्मानित

### कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में बुधवार की देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में 24 आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेंद्र के क्वालिटी के पैमाने पर बेहतर प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया। साथ ही जिला मंडलीय चिकित्सालय के प्रमुख अधीक्षक, जिला महिला चिकित्सालय के अधीक्षक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षक को बेहतर कार्य हेतु सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गई। गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, संस्थागत प्रसव एवं नियमित टीकाकरण के कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा में ब्लॉक कोयलसा, मार्टिनगंज एवं मुबारकपुर शहरी क्षेत्र की प्रगति कम होने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त किया गया। जिलाधिकारी द्वारा जनहित से जुड़े सेवाओं की नियमित निगरानी हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में जीरो डोज एवं पूर्ण टीकाकरण की प्रगति को बढ़ाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने आशा के औसत भुगतान में जनपद की प्रगति खराब होने पर ब्लॉक जहानागंज एवं कोयलसा को कार्य में सुधार हेतु निर्देशित किया। उन्होने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा किए गए कार्यों को नियमित निगरानी हेतु निर्देशित किया।

बैठक में सीडीओपरीक्षित खटाना, सीएमओ डॉ.अशोक कुमार, जिला पंचायती राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित समस्त संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।


सम्मान पत्र के साथ चिकित्सा क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले कर्मी।

# आंगनबाड़ी एवं नोडल शिक्षकों को किया गया प्रशिक्षित

**ट्रेनिंग**

### बाल वाटिका के बच्चों को सुदृढ़ बनाने पर हुई चर्चा

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय बीआरसी परिसर में ब्लाक स्तरीय हमारे आंगन, हमारे बच्चे के तहत बुनियादी शिक्षा, प्राथमिक दक्षता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशा निर्देशों को धरातल पर उतारने के लिए आंगनबाड़ी और नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।

मुख्य अतिथि एसडीएम सुरेंद्र नारायण तिवारी, विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी फूलपुर बिमला चौधरी एवं खंड शिक्षाधिकारी राजीव कुमार यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर धूप, दीप और माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। एसडीएम सुरेंद्र नारायण तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशा निर्देशों को धरातल पर उतारने के लिए आंगनबाड़ी और नोडल शिक्षक अपने-अपने उत्तरदायित्व को समझें और बच्चों के बुनियादी शिक्षा पर ध्यान दें। बाल वाटिका के बच्चों में शिक्षण कार्य इस ढंग से करें जिससे बच्चे स्वयं खुशी से स्कूल आयें। यह तभी संभव है जब आंगनबाड़ी और कक्षा एक के नोडल शिक्षक बच्चों के घर पर भी समय बिताएंगे। खंड शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार यादव ने कहा कि फूलपुर ब्लाक में 254 आंगनबाड़ी है और उनके साथ कक्षा एक के 101 नोडल शिक्षक कार्यरत हैं। दोनों को आपसी सामंजस्य बनाकर हमारे आंगन, हमारे बच्चे के नारे के साथ बच्चों के बीच में समय बिताएं, उनके घरों पर भी जाकर बच्चों के बीच घुल मिलकर बच्चों को स्कूल के लिए प्रेरित करें। तभी सरकार द्वारा संचालित बाल वाटिका के बच्चों के शिक्षण कार्य सम्भव हो सकता है। क्योंकि सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को धरातल पर उतारा जा सकता है। संचालन जितेंद्र मिश्रा ने किया। इस अवसर पर चंद्रभान यादव, वृजनाथ यादव, लक्ष्मी कांत, यशवंत यादव, सुभाष चंद यादव, हरिश्चंद्र यादव, मान बहादुर सिंह, अखिलेश चंद यादव, रामचंद्र, सुरेंद्र यादव, महेंद्र यादव, दीपक यादव, संतोष यादव आदि उपस्थित रहे।


बाल वाटिका के बच्चों को पाठ्य सामग्री देते अतिथिगण।

# आउटसोर्स कर्मियों ने डीआईओएस कार्यालय पर किया धरना-प्रदर्शन

**क्षोभ**

### मानदेय न प्राप्त होने से भुखमरी के कगार पर हैं आउटसोर्स कर्मचारी

जनसंदेश न्यूज



**मीरजापुर।** बालाजी इंटरप्राइजेज से जनपद के विभिन्न सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में नियुक्त आउटसोर्स चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी धोखे के शिकार हो गए हैं। वे विद्यालयों में लगातार सेवाएं तो दे रहे हैं किंतु बदले में उनके मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

विद्यालयों से माह दर माह मानदेय बिल डीआईओएस कार्यालय जाकर डंप पर जा रहा है। हालत यह है कि आउटसोर्स कर्मचारी भुखमरी के कगार पर हैं। आक्रोशित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने गुरुवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर जमकर धरना प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि शासन के स्तर से सभी विभागों में पूर्णकालिक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति बंद कर दी गई है। शासन ने ऐसे विद्यालयों के लिए कार्यदाई संस्था बालाजी इंटरप्राइजेज को आउटसोर्सिंग चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के चयन की जिम्मेदारी सौंपी है। जनपद के लगभग डेढ़ सौ से अधिक आउटसोर्स चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इसी आधार पर नियुक्त होकर काम कर रहे हैं। पूर्व में कई माह तक मानदेय बाधित रहने के बाद वर्तमान मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार के प्रयास से एक बार चार महीने के मानदेय का भुगतान जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से ट्रेजरी के माध्यम से इन कर्मचारियों के खाते में भेजा गया था। उसके बाद से लेकर अब तक मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। मानदेय न प्राप्त होने से आउटसोर्स चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भुखमरी के कगार पर हैं। धरना प्रदर्शन में अमृतलाल, संगीता, विक्रांत, शिव, सुरेश, ज्योति कुमारी पटेल, नीरज, शिवकुमार, संजय ,ओमकार, संजय, राकेश, संजय, गणेश कुमार, नीरज कुमार, सचिन, मनोज कुमार, अखिलेश, अमन शर्मा आदि थे।

**वार्ता में तीन दिन के भीतर भुगतान का मिला आश्वासन**

मीरजापुर। जिला विद्यालय निरीक्षक मायाराम ने धरने के बीच आंदोलनकारियों को वार्ता पर बुलाया। उन्होंने आउटसोर्स चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को तीन दिन के भीतर अवशेष मानदेय भुगतान का आश्वासन दिया है। आंदोलनकारियों ने इसके बाद धरना तीन दिन के लिए धरना स्थगित कर दिया। किन्तु चेतावनी दी कि यदि 24 तक मानदेय भुगतान न किया गया तो आमरण अनशन शुरू कर दिया जाएगा।

# हाईकोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने भेजा था दो करोड़ 46 लाख का नोटिस

**हरियाली खत्म**

### बेशकीमती पेड़ काटकर बिछाया जा रहा सड़क व स्ट्रीट लाईट का जाल

**मड़िहान।** मड़िहान वन रेंज के सिकटही जंगल में हेलीकाप्टर बाबा के सैकड़ों अनुयाई जंगल में लगे खैर, कौहा समेत हजारों बेशकीमती पेड़ काटकर जेसीबी लगाकर सैकड़ों बीघा जंगल समतल कर दिए। सड़क पर आने जाने वालों को जंगल दिखता है लेकिन जैसे ही सड़क से जंगल में घुसेंगे तो अंदर का नजारा ही कुछ और है। सिकटही जंगल में हेलीकाप्टर बाबा का एस0एन0 फ्लैग्स फाउंडेशन के नाम से आश्रम बना है।

कोटवा पाण्डेय निवासी रजिन्दर ने बताया कि सन 2020 में मठ पर 26 सौ बीघा जंगल काटने का आरोप लगाते हुआ हाईकोर्ट में मुकदमा दायर किए थे। जिसके बाद हाईकोर्ट के आदेश पर सन 2021 में तहसील प्रशासन ने मठ को 2 करोड़ 40 लाख रुपए का नोटिस भेजा था। नोटिस भेजने के बाद मठ द्वारा 1 करोड़ 20 लाख रुपए जामा भी किया गया था। याची का आरोप है कि जुर्माने के बाद टीम गठित कर महीनों पैमाइस कर मठ द्वारा जोड़ी गई पत्थर का बाउंड्रीवाल जेसीबी लगाकर गिरवा कर कार्यवाई कि खानापूर्ति की गई थी। उसके बाद मठ के लोग धीरे-धीरे जंगल में लगे बेशकीमती पेड़ काटकर 30 फिट चौड़ी सड़क का निर्माण कर रहे है। सैकड़ों बीघा जंगल साफ कर स्ट्रीट लाईट लगाने के लिए पोल भी गाड़े जा रहे हैं। अगल-बगल के गांव में चर्चा है कि 1 मार्च को आश्रम पर बाबा का आगमन होने वाला है जिनकी अगुआई में दिन रात एक कर जंगल के अंदर 30 फिट चौड़ी सड़क व स्ट्रीट लाईट लगाने का काम किया जा रहा है। पटेहरा के गिरजाशंकर कोल ने बताया कि एक महीने से मठ वाले जंगल काट रहे हैं। हम गांव के लोग कटे हुए जंगल से लकड़ी चुनकर घर ले जाते हैं। मड़िहान रेंजर डी0एस0 नेगी ने बताया कि जंगल काटने कि सूचना थी। वह अपने मठ कि जमीन को काटकर साफ कर रहे थे। जंगल की जमीन पर सड़क स्ट्रीट लाईट लग रहा है तो मठ के खिलाफ कार्यवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### नहर की तली में पहुंचा पानी, किसानों की जगी आस

**मड़िहान।** विकास खंड के मड़िहान ब्रांच मुख्य नहर की तली में पटेहरा तक पानी पहुंच गया है। पानी नहर की तली में दौड़ने से किसी भी माइनर में पानी नही चढ़ पाया है। इस समय तेज धूप और गर्मी बढ़ जाने से गेंहू की फसल मुरझाने लगी है। टेल की सिंचाई के लिए 19 फरवरी से पानी मिलना था लेकिन पानी अपने पंसाल पर नही चलने से केवल तली में दौड़ रहा है। अगर समय रहते टेल की सिंचाई नही कराई गई तो किसानों की फसल भी सूखेगी। साथ ही जल स्तर खिसकने से पेयजल संकट भी गहरा जायेगा। इस संबंध में मीरजापुर नहर प्रखंड के अधिशासी अभियंता प्रमोद कुमार ने बताया कि किसान धैर्य न खोए हर हाल में टेल की सिंचाई कराई जायेगी।

### पैसे मांगने को लेकर हुई मारपीट, एक घायल, दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया।** थाना क्षेत्र के कस्बा में दो पक्षों में पैसे मागने के विवाद में कहा सुनी के बाद मारपीट हो गई जिससे एक व्यक्ति का सिर फट गया। घायल की तहरीर पर पुलिस मारपीट करने वाले दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गयी है। थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा निवासी अविनाश भूज ने गुरुवार को थाने में दी गई तहरीर में कहा है कि बकाया पैसा मांगने पर कस्बा निवासी कमलेश भुज व शिवम भूज गाली देने लगे। मना करने पर लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। जाते वक्त जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मारपीट करने वाले दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घायल को उपचार के लिये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।

### धर्म ही शाश्वत है उसके अनुपालन में ही सम्भव है कल्याणः नारायणानन्द महाराज

**मीरजापुर।** सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं श्री विष्णु यज्ञ के पंचम दिवस में मनमोहन की मन को मोहित करने वाली लीलाओं का कथन हुआ। काशी धर्मपीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी नारायणानन्द तीर्थ महाराज द्वारा सागर खटकर की धरा पर विभिन्न स्थानों से आए भक्तों का निःश्रेयस एवं कल्याण की अबाध्यगति रही। पूज्य महाराज जी ने बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कृष्ण द्वारा अधर्म, पाप, दुष्कृत एवं सहज जनों को कष्ट प्रदान करने वाले असुरों का दमन किया। बाल लीलाओं को सुनकर कथा पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। महाराज जी ने कथा में कृष्ण के जन्म उत्सव, नामकरण संस्कार, पूतना वध, अघासुर-बकासुर, तृणावर्त राक्षसों के वध एवं भगवान शिव के द्वारा बालकृष्ण दर्शन आदि अनेक रसमयी, अमृतमयी कथाओं का वर्णन कर भक्तों का मन लुभाए। कार्यक्रम के मुख्य यजमान हृदय नारायण पांडेय, राम आशीष दुबे मुख्य आयोजक , टीम शिवाय फाउंडेशन, टीम विंध्यसार्थक, टीम अन्नपूर्णा प्रसादं, टीम बंशावित्री, उदय गुप्ता, विनोद तिवारी, मनोज श्रीवास्तव आदि रहे।

### ट्रेन से गिरकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

**अदलहाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत कोलउन गांव के सामने पोल संख्या 688/13 एवं 688/15 के मध्य में डाउन रेल लाइन पर किसी ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। बीती रात्रि रेलवे कर्मचारी द्वारा पुलिस चौकी नरायनपुर को सूचित किया गया। घटना की सूचना पर नरायनपुर पुलिस चौकी इंचार्ज जयदीप सिंह एवं हेड कांस्टेबल धनंजय सिंह मय फोर्स घटना स्थल पर पहुंच गए। आसपास के लोगों से मृतक का पहचान कराने की कोशिश की गई लेकिन पता नहीं चल पाया। मृतक सफेद रंग का फूल शर्ट तथा काला जैकेट व स्लेटी कलर का पैन्ट पहना था। मृतक की उम्र लगभग 25 वर्ष बताई गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया है।

महाशिवरात्रि पर्व पर होगा श्रृंगार व भंडारा

### दो गरीब कन्याओं का कराया जाएगा विवाह

**मीरजापुर।** स्थानीय सिटी ब्लॉक स्थित चंदईपुर ग्राम में प्यारेलाल के पोखरा पर स्थित भगवान भोलेनाथ के प्राचीन मंदिर में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार व भंडरा का आयोजन किया जाएगा। व्यवस्थापक व कार्यक्रम आयोजक एड0 दिलीप कुमार सिंह गहरवार एवं प्रदीप सिंह गहरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दो निर्धन जोड़ों का विवाह कराया जाएगा। आयोजक दिलीप सिंह गहरवार ने बताया कि यह प्रेरणा हमारे पिता हाकिम सिह से मिला और उन्ही के मार्गदर्शन में सभी कार्यक्रम होते हैं। इस बार 26 फरवरी को भी भगवान का प्रसाद व विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी दिलीप सिंह गहरवार ने दी है।

### परिवारिक कलह से क्षुब्ध युवक ने लगाई फांसी

**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के ददरी राजा गांव में बुधवार देर शाम परिवारिक कलह से क्षुब्ध होकर एक युवक ने घर के अंदर बड़ेर में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया। थानाध्यक्ष जितेंद्र सरोज ने बताया कि पारिवारिक विवाद के चलते विकास कोल 30 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। विवाद के बाद अंदर से दरवाजा बंद देख परिजनों को अनहोनी की आशंका होने लगी। परिजन दरवाजा पीटने लगे तो अंदर से कोई आवाज नहीं आई, कुछ देर बाद परिजन दरवाजा तोड़कर अंदर देख तो साड़ी के सहारे फांसी के फंदे पर लटका था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना अध्यक्ष जितेंद्र सरोज ने बताया कि पारिवारिक विवाद में एक युवक फांसी लगा लिया। परिजनों की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### वेतन न मिलने से भुखमरी के कगार पर पहुंचे मनरेगा श्रमिक

**मड़िहान।** विकास खंड क्षेत्र में मनरेगा श्रमिकों के साथ रोजगार सेवक, टीए, कंप्यूटर आपरेटर के साथ एपीओ का वेतन छह माह से बाकी है। विकास खंड में मनरेगा श्रमिकों का तीन माह से श्रमिक भुगतान लगभग दो करोड़ से ऊपर की धनराशि, इसके साथ ही एक करोड़ से ऊपर मैटेरियल का भुगतान बाकी है। साथ ही रोजगार सेवक 36, एपीओ, कंप्यूटर आपरेटर एक का छह माह से वेतन नहीं मिल सका है। साथ ही तीन माह से 7 तकनीकी सहायकों का वेतन प्रशासनिक मद की धनराशि उपलब्ध नहीं होने से सभी के सामने भूखमरी जैसी स्थिति पैदा हो गई है। श्रमिकों में इनरी, केवली, मकोधरा, निर्मला, रिंकी, पूजा, गीता आदि ने बताया कि त्यौहार नजदीक आ गया है यदि उससे पहले भुगतान नहीं हुआ तो त्योहार फीका पड़ जायेगा।

### धूल भरी सड़कों पर लोगों का चलना हुआ दुश्वार

**अहरौरा।** क्षेत्र सहित आस-पास के गांवों में लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया है। अहरौरा नगर से दस किलोमीटर की परिधि में स्थित सड़कों पर इतना अधिक धूल उड़ रहा है कि चलना मुस्किल हो गया है। क्षेत्र में स्थित क्रेशर प्लांटों से इतना अधिक मिट्टी एवं पत्थर के कण उड़ रहे हैं कि घरों में धूल की मोटी परत जम जा रही है और लोग खांसी, दमा, के मरीज हो रहे हैं। अहरौरा जमुई रोड पर चुनार चौराहे से लेकर सोनवर्षा गांव के पास तक रोड पर इतना अधिक धूल उड़ रहा है पैदल, साइकिल, बाइक से चलने वालों की हालत खराब हो जा रही है। मार्ग के किनारे जिसका घर स्थित है वह प्रतिदिन घर के सामने स्थित रोड पर पानी डाल रहा है लेकिन कुछ देर में फिर वहीं स्थिति उत्पन्न हो जा रही है। भगवती देई गांव निवासी संजय सिंह ने बताया कि सड़क के किनारे धूल की मोटी परत जम गई है। गाड़ी पास देने या लेने के लिए सड़क के किनारे आती हैं तो धूल से सब भर जाता है और सामने कुछ दिखाई नहीं पड़ता है। रुद्दन सिंह, अजीत सिंह, संजय कुमार सड़क के किनारे जमे धूल को साफ कराने एवं नियमित सोनबरषा से लेकर कलकलिया नदी तक पांच छः बार पानी का छिड़काव कराने की मांग किया है। समाजसेवी गोपाल दास गुप्ता ने बताया कि वाराणसी शक्तिनगर फोर लेन रोड पर भी रोड के किनारे धूल जमा हुआ है जो वाहनों के आवागमन पर उड़ कर चारो तरफ अंधेरा अंधेरा कर देता है। डा0 एस0के0 पांडेय का कहना है कि क्षेत्र में अत्यधिक वायु प्रदूषण से लोग श्वास के मरीज हो रहे हैं।

### ओवरलोड वाहन सहित तीन खनन माफिया गिरफ्तार

**मीरजापुर।** अवैध रुप से खनन कार्य में लिप्त तीन आरोपियों को राजगढ़ थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। खनिज चोरी के आरोपियों के कब्जे से मिले वाहनों को जप्त कर कानूनी कार्रवाई करते हुए इन्हे जेल भेजा गया। राजगढ़ थाना पुलिस टीम ने गुरुवार को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर राजगढ़ क्षेत्र से तीन आरोपी प्रिकेश पुत्र मुन्ना यादव निवासी जय मोहनी समसेरपुर थाना चकरगट्टा जनपद चन्दौली, रंजित पाण्डेय पुत्र शत्रुघ्न पाण्डेय निवासी हिनोती मझली थाना घोरावल सोनभद्र एवं सुनील चौबे पुत्र पारसनाथ चौबे निवासी मुहेठर थाना राबर्टसगंज सोनभद्र को पकड़ा। इनके कब्जे से मिले ट्रक को जप्त किया गया। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना राजगढ़ पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेजा गया। राजगढ़ थाना प्रभारी महेंद्र पटेल ने बताया कि तीन खनन माफियाओं को जेल भेजते हुए वाहन को जब्त कर लिया गया है।

### पुत्री के गायब होने पर पिता ने दर्ज कराई गुमशुदगी

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के दुर्जनीपुर गांव निवासी भाईलाल कोरी ने गुरुवार शाम को थाने में तहरीर देकर लापता बेटी का पता लगाने की गुहार लगाई है। दी गई तहरीर में भाईलाल ने बताया कि 15 वर्षीया बेटी खुशी बीते 16 फरवरी को घर से आधार कार्ड बनवाने के लिए गई लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी बेटी घर नही लौटी। बेटी की काफी खोजबीन की लेकिन कोई पता नही चल सका। पुलिस ने पिता की तहरीर पर गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच में जुट गई है। प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि पिता की तहरीर पर गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

# महाकुम्भ जा रही कार व बस की टक्कर में दो की मौत, तीन घायल

जनसंदेश न्यूज

**हादसा**

### बिहार से महाकुम्भ जा रहे थे सभी स्नानार्थी

**मीरजापुर।** प्रयागराज मार्ग पर विन्ध्याचल थाना क्षेत्र के सेमरी गांव के पास गुरुवार की दोपहर स्कार्पियों वाहन एवं रोडवेज बस की टक्कर हो गई। जिससे दो की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि तीन का प्राथमिक इलाज कराया गया। मोटर मालिक उदयकांत मिश्रा एवं चालक मंजूर आलम बताए गए हैं। बताया गया कि वाहन सवार सहरसा बिहार से प्रयागराज संगम स्नान के लिए को जा रहे थे।

इसी दौरान रोडवेज बस से टक्कर हो गयी। स्कार्पियों वाहन में कुल पांच लोग सवार थे। जिसमें सभी लोग घायल हो गये। सूचना पर पुलिस उच्चाधिकारी व थाना विन्ध्याचल पुलिस बल द्वारा मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजवाया गया। वरिष्ठ पुलिस सोमेन बर्मा जिला चिकित्साल पहुंचे। उन्होंने घायलों से वार्ता कर जानकारी ली। घायलों का उपचार पीएचसी में कराया गया। डा0 पुनीत अग्रवाल ने घायलों का उपचार किया। बताया गया कि स्कार्पियो सवार राजेन्द्र मिश्र 70 वर्ष बिहार के निवासी है। मंतेश्वर मिश्र 50 वर्ष, उदयकांत वर्ष 65 निवासी नाथपुर रूपावली पूर्णिया व चालक राजेश 30 वर्ष, चालक मो0 मुन्ना 45 वर्ष सवार थे। सभी महाकुंभ स्नान करने जा रहे थे। प्रयागराज मार्ग पर सेमरी गांव के सामने ओवरटेक करनेके कारण प्रयागराज से आ रही रोडवेज बस से आमने सामने की टक्कर हो गयी। टक्कर इतना तेज था कि आवाज से आसपास के लोग चौक गये। आनन फानन में सभी को एंबुलेंस से पीएचसी विजयपुर ले जाया गया। गंभीर हालत देख चिकित्सक ने सभी को मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। बस और स्कार्पियो को गैपुरा चौकी में खडा किया गया है। मौके पर ए0आर0एम0 रोडवेज, थाना प्रभारी अमित प्रजापति व अन्य पुलिस उपस्थित रहे। पुलिस ने परिजनों को हादसे से अवगत करा दिया है।

# सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया की तर्ज पर बजट हुआ पास

जनसंदेश न्यूज

**प्रतिक्रिया**

### पेश किये गए बजट की लोगों ने की सराहना

### जनपद के पीतल बर्तन उद्योग को राहत न मिलने से व्यापारियों में मायूसी

**मीरजापुर।** प्रदेश सरकार की अगुवाई में गुरुवार को पेश हुआ बजट हर वर्ग के लिए कल्याण कारी हैं। सबका ध्यान रखते हुए सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया की तर्ज पर पेश किए गए बजट की लोगों ने सराहना की। जिले को गंगा एक्सप्रेस को शुभ बताया। मीरजापुर के पीतल बर्तन उद्योग को कोई राहत न मिलने पर आश्चर्य जताया। कहा कि गंगा एक्सप्रेस पर आवागमन की सुविधा के साथ ही क्षेत्र के विकास और उद्योग का साधन बनेगा। महिला वर्ग ने भी फ्री स्कूटी और बिना ब्याज के युवाओं के लोन पर प्रसन्नता जताया।

विंध्याचल धाम के विकास पर कहा कि धर्म और पर्यटन को अलग रख कर विकास की जरूरत है। युवा व्यापारी पीयूष तिवारी ने कहा कि बिना ब्याज के युवाओं को लोन मिलने से यह योजना उन्हें व्यापार के लिए प्रेरित करेगा। जिससे वह खुद का व्यापार कर सकते हैं। इससे लोगों को रोजगार मिलेगा। कपड़ा व्यापारी सीमा तिवारी ने कहा कि प्रतिभाशाली लड़कियों को फ्री स्कूटी की योजना सराहनीय है। अब लड़कियों के लिए स्कूटी लेने पार उनके परिवार के बजट पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उस बजट का प्रयोग वह घर के अन्य कार्यों में करके उत्थान कर सकते हैं। कहा कि बात केवल मुफ्त स्कूटी की नहीं है। लड़का हो या लड़की बात सबको सफल बनाने की है। छात्रा गीता चौबे ने कहा कि प्रतिभावान छात्राओं को स्कूटी मिलने से अन्य छात्राओं में भी प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न होगी। पढ़ाई में आगे बढ़ाने की होड़ लगेगी। स्कूटी मिलने से छात्राओं को वाहनों का इंतजार नहीं करना। उनका समय और रुपया भी बचेगा। समाजसेवी अरुण मिश्रा ने बजट में बुनियादी सुविधाओं पर जोर दिये जाने को शुभ बताया। कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे विकास के लिए एक अच्छा संकेत है। युवा वर्ग की बेरोजगारी की एक चिंतन का विषय है। बजट में जिले के प्राचीन पीतल बर्तन उद्योग को इस बजट से झटका लगा है। हाथ से निर्माण करके बनने वाले पीतल बर्तन उद्योग को जीएसटी मुक्त किए जाने की जरूरत है।

अच्छा होता पीतल बर्तन उद्योग को जीएसटी से बाहर रखकर लाखों लोगों को रोजगार की दिया जाता। कहा कि मेडिकल कॉलेज चिकित्सा के क्षेत्र में प्रयास किया जा रहा है। लेकिन, मेडिकल कॉलेज में हर विषय के प्रोफेसर और डॉक्टर ना होने से सरकार की मनसा को झटका लग रहा है। व्यापारी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि युवा उद्यमियों को बिना ब्याज लोन दिए जाने से लोगों को रोजगार के लिए आर्थिक समस्या से नही जूझना होगा। लोन की योजना में से बिचौलियों को दरकिनार करने की जरूरत है। प्रांतीय व्यापारी नेता चंद्राशु गोयल ने सरकार के बजट की सराहना की। गंगा एक्सप्रेस वे से कहा आवागमन में लोगों को सुविधा होगी। धार्मिक क्षेत्र का विकास होने से लोगों को सुविधा के साथ ही रोजगार के तमाम अवसर प्राप्त होंगे। व्यापारी चंद्रलोचन गुप्ता ने बजट को अति उत्तम बताया। कहा कि जिले को गंगा एक्सप्रेस वे और आदिशक्ति माता विंध्यवासिनी के धाम में आने वाले भक्तों की सुविधा के लिए उसे विकसित किया जा रहा है। जो अत्यंत सराहनीय हैं। विंध्य कॉरिडोर बनने के बाद विंध्याचल में एक दिन में सबसे अधिक करीब 10 लाख लोगों ने दर्शन कर नया रिकॉर्ड बनाया है। कहा कि छोटा व्यापारी ही बड़ा व्यापारी बनता है। बिना ब्याज के मिल रहे लोन से नए उद्योगों की संख्या में इजाफा जाता होगा। भारी संख्या में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगी।

## संक्षेप

### निजीकरण के विरोध में प्रान्त व्यापी विरोध प्रदर्शन जारी

**मीरजापुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र ने कहा है कि महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के बाद आज बजट में भी जिस प्रकार बिजली व्यवस्था की प्रशंसा की गई है उसे देखते हुए बिजली के निजीकरण की प्रक्रिया तत्काल निरस्त की जानी चाहिए। संघर्ष समिति ने कहा है कि बिजली कर्मियों का माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रति पूरा विश्वास है। संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से अपील की है कि इतनी उपलब्धियों को देखते हुए वे प्रभावी हस्तक्षेप कर निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त कराने की कृपा करें तो उनके नेतृत्व में बिजली कर्मी उप्र को देश में पहले नंबर पर लाकर दिखा देंगे। उधर दूसरी ओर संघर्ष समिति के आवाहन पर आज 85वें दिन भी लगातार बिजली कर्मियों ने सभी जनपदों और परियोजना मुख्यालय पर निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन रखा। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि आज बजट में वित्त मंत्री माननीय सुरेश खन्ना जी ने बिजली व्यवस्था को लेकर कहा आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। लोगों के घरों में रोशनी है। गर्मियों में निर्बाध बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। किसानों को सिंचाई के लिए बिजली उपलब्ध है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मी इससे भी अधिक युगांतरकारी सुधार करने के लिए संकल्प बद्ध है। ऊर्जा मंत्री निजीकरण की जिद छोड दें और निजीकरण की प्रक्रिया तत्काल निरस्त की जाए तो बिजली कर्मी बिजली व्यवस्था के मामले में उत्तर प्रदेश को देश में पहले नंबर पर लाकर खड़ा कर देंगे। सभा में मुख्य अभियंता कार्यालय के सामने इंजीनियर दीपक सिंह, बृजेश कुमार, रामजन्म, सर्वेश दुबे, बृजेश दुबे, पंकज राय, राजकुमार सिंह, अरुण कुमार, संतोष, नीरज श्रीवास्तव, संतोष कुमार, राजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### 25 हजार का इनामिया आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना विन्ध्याचल पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही करते हुए गुरूवार को थानाध्यक्ष अमित कुमार मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से उक्त अभियोग से सम्बन्धित पुरस्कार घोषित 25 हजार का वांछित आरोपी राकेश गुप्ता पुत्र भोलानाथ गुप्ता निवासी रतनगंज थाना कोतवाली कटरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### मोबाइल छीन कर भागा बाइक सवार

**चील्ह।** चील्ह थाना क्षेत्र के मवैया गांव निवासी मुन्नालाल यादव बुधवार की रात चील्ह गोपीगंज मार्ग पर मवैया गांव में अपने घर के पास अपने मोबाईल से किसी से बात करते हुए सड़क किनारे से जा रहे थे कि चील्ह की तरफ से गोपीगंज की तरफ जा रहा राइडर बाईक सवार मोबाईल छीनकर गोपीगंज की तरफ भाग निकला। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर वापस लौट गई। पीड़ित ने चील्ह थाना में प्रार्थना पत्र देकर सर्विलांस की मदद से मोबाईल बरामद कराने की मांग की है।

### श्रीराम कथा के लिए निकाली गई कलश यात्रा

**हलिया।** क्षेत्र के खुटहां व खोदाईपुर गांव में आयोजित होने वाले श्रीराम कथा के लिए गुरुवार गाजे बाजे के साथ जय श्रीराम व हर-हर महादेव का जयघोष करते हुए ग्रामीणों ने कलश शोभायात्रा निकाली। कथावाचक घनश्याम दास महराज की अगुवाई में कलशयात्रा मनकामेश्वर मंदिर खुटहां गांव से प्रारंभ होकर पटेहरा गांव स्थित हनुमान मंदिर पर पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरा गया। कलश यात्रा पटेहरा गांव से होते हुए खुटहां मनकामेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापित करवाया गया। श्रीराम कथा आयोजक भानु तिवारी व पिंकेश सिंह ने बताया कि क्षेत्रवासियों के कल्याण के लिए मनकामेश्वर मंदिर पर सात दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। अयोध्या से पधारे कथावाचक घनश्याम दास महराज भक्तों को श्रीराम कथा का रसपान कराएंगे। वहीं खोदाईपुर गांव में गौरीशंकर मंदिर सेवा समिति व गोरक्षा संस्थान द्वारा नौ दिवसीय श्रीराम कथा के पूर्व गाजे बाजे के साथ कलश शोभायात्रा यात्रा निकाली गई।

# एंड्रॉयड फोन दिलाने के नाम पर युवक ने नाबालिग से ऐंठे 55 हजार

जनसंदेश न्यूज

**ये है हाल**

### पिता ने सीएम पोर्टल पर लगाई न्याय की गुहार

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बरबसा गहरवार गांव निवासी रामपाल ने गांव निवासी युवक पर नाबालिग बेटे को बहला फुसलाकर एंड्रॉयड फोन दिलाने के नाम पर 55 हजार रूपए ठगी करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में रामपाल ने गुरुवार को सीएम पोर्टल पर प्रार्थना पत्र देकर युवक के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है। दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि बेटी की शादी के लिए मेहनत मजदूरी कर 55 हजार रूपए नकद इकट्ठा कर घर में रखा था।

गांव निवासी युवक नाबालिग बेटे अतुल को बहला फुसलाकर एप्पल कंपनी का एंड्रॉयड फोन दिलाने के नाम पर मेरी गैर जानकारी में दो बार में घर में रखा 55 हजार रूपए ले लिया। घर में रखे रूपए गायब होने पर बेटे अतुल से कड़ाई से पूछताछ किया तो उसने बताया कि मैंने गांव निवासी युवक को दो बार में 55 हजार रूपए एप्पल कंपनी का एंड्रॉयड फोन लेने के लिए दिया है।

जब मैंने इस संबंध में फोन करके युवक से पूछा तो उसने बताया कि अतुल ने मुझे 55 हजार रूपए एंड्रॉयड फोन के लिए दिया है लेकिन एंड्रॉयड फोन के लिए 25 हजार रूपए और देना पड़ेगा। मैंने युवक को बताया कि यह रुपए मैंने मेहनत मजदूरी कर बेटी की शादी के लिए इकट्ठा कर घर में रखा था। इसे वापस कर दो मुझे एंड्रॉयड फोन नही चाहिए। उसने कहा कि अभी बाहर हूं घर आऊंगा तो वापस कर दूंगा। लेकिन युवक ने बेटे द्वारा मोबाइल फोन के नाम पर लिए गए 55 हजार रूपए वापस नही किया। इस संबंध में बीते 11 जनवरी को थाने में युवक के विरुद्ध तहरीर देकर बेटे से फोन दिलाने के नाम पर लिए गए 55 हजार रूपए वापस दिलाने की गुहार लगाई थी। तहरीर देने के बाद कई बार थाने पर गया लेकिन पुलिस कहती हैं कि युवक को थाने पर बुलाया है। एक महीने से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा युवक के विरुद्ध कोई कार्रवाई नही की गई। पीड़ित ने नाबालिग बेटे से 55 हजार रूपए ठगी करने वाले युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि तहरीर पर मामले की जांच के लिए हल्का इंचार्ज को निर्देशित किया गया है।

# खनिज चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ व खनिज, खनन माफियाओं, तस्करों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी आपरेशन के नेतृत्व में थाना राजगढ़ पुलिस टीम द्वारा गुरूवार को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना राजगढ़ क्षेत्र से आरोपी प्रिकेश पुत्र मुन्ना यादव निवासी जय मोहनी समसेरपुर थाना चकरगट्टा जनपद चन्दौली, रंजित पाण्डेय पुत्र सत्रुघन पाण्डेय निवासी हिनोती मझली थाना घोरावल जनपद सोनभद्र व सुनिल चौबे पुत्र पारसनाथ चौबे निवासी मुहेठर थाना राबर्टसगंज जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया।

# परीक्षा से पहले विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों के लिए रखी गुड लक पार्टी

**मीरजापुर।** डैफोडिल्स के दोनों ही ब्रांच नारघाट व संकट मोचन कक्षा 8 के छात्रों के लिए लोहिया तालाब ब्रांच में एक प्रभावकारी कार्यक्रम रखा गया, जिसे सभी विद्यार्थियों ने बहुत ही पसंद किया। विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सर्वप्रथम उनका स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश राठौर व उप प्रधानाचार्या सुमिता दत्ता द्वारा किया गया। इसके उपरांत छात्रों ने अनुकूल शैक्षणिक वातावरण बनाने हेतु कक्षाओं का अवलोकन किया। छात्रों ने विद्यालय में मिलकर सद्भावना क्रिकेट भी खेला। इसके बाद एकेडमिक हेड प्रेरणा आशीष तिवारी ने सभी छात्र-छात्राओं को तनाव रहित होकर परीक्षा के लिए तैयारी हेतु महत्वपूर्ण बातों की जानकारी दी। छात्रों के लिए विद्यालय में ही म्यूजिकल बैंड व डीजे आयोजित किया गया ताकि छात्र रिलैक्स होकर नई सिरे से पढ़ाई को लेकर गंभीर हो सके। उच्च गुणवत्ता की शिक्षा व विषय कक्षाओं को लेकर छात्रों में उत्साह था। सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय के डायरेक्टर्स द्वारा आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।



# प्रबंधक कार्यकारणी सदस्यों का चुनाव संपन्न



**मीरजापुर।** विन्ध्य विद्यापीठ इन्टर कालेज के प्रबंधक कार्यकारणी सदस्यों का चुनाव संपन्न हुआ। जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेशानुसार चुनाव नामित अधिकारी हरिगेन्द्र कुशवाहा ने पर्यवेक्षक विजय कुमार मिश्र द्वारा कार्यकारणी व सदस्यों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया तथा सभी सदस्यों का मत वैध पाए गए। सभी सदस्यों को निर्विरोध विजय घोषित किए गए। जिसमें अध्यक्ष राकेश सिंह, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार खत्री, प्रबंधक त्रिपुरारी नारायण त्रिपाठी,उप प्रबंधक राजेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष अनिल कान्त पांडेय, संदीप सिंह राठौर, गोपाल जी मुखर्जी, मनोज कुमार टंडन, विशाल टंडन, उमेश पांडेय, शिवानंद मिश्रा व श्याम जी सोनी सभी निर्विरोध सदस्य चुने गए। इस दौरान विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य जगन्नाथ राम सहित विद्यालय के अध्यापक एवं अध्यापिका सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। चुनाव अधिकारी ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश अनुसार विंध्य विद्यापीठ इंटर कॉलेज प्रबंधक कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। सभी सदस्यों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। जांचोपरांत सभी का मत पत्र वैध पाया गया तथा अध्यक्ष, प्रबंधक सहित सभी सदस्यों को निर्विरोध चुन लिए गए।

# वाटरशेड यात्रा अभियान को डीएम ने हरी झण्डी दिखा किया रवाना

**किया रवाना**

### परियोजनाओं के परिणामपरक कार्यों व लाभ के बारे में ग्रामीणों को दी जायेगी जानकारी



हरी झंडी दिखा वाहन को रवाना करते डीएम बीएन सिंह

**सोनभद्र।** वाटरशेड विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का ब्यापक प्रचार-प्रसार वालराइटिंग, आडियो विडियो, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से परियोजनाओं के परिणामपरक कार्यों के वाटरशेड विकास यात्रा प्रचार वाहन को जिलाधिकारी बीएन सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर वाटरशेड विकास यात्रा को गन्तब्य स्थल के लिए रवाना किया। प्रचार वाहन विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का ब्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से परियोजनाओं के परिणामपरक कार्यों, उसके परिणामों तथा लाभों के बारे में अधिक से अधिक ग्रामीणों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। डीएम ने बताया कि प्रचार वाहन के माध्यम से परियोजनाओं के परिणामपरक कार्यों व लाभों को ग्रामीणों तक पहुंचाने एवं जल की मात्रा को लेकर वाटरशेड यात्रा अभियान के अन्तर्गत भारत सरकार की वाटरशेड यात्रा प्रचार वाहन जनपद में पहुंची। घोरावल के ग्राम तेन्दुआ एवं पेढ़ में भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा वाटरशेड विकास से सम्बन्धित कार्य सम्पन्न किये गये। प्रचार वाहन द्वारा योजना के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए गांव तेन्दुआ पहुंची, जहां पर वाटरशेड विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत किसानों को योजना से होने वाले विकास कार्यों एवं लाभों के बारे में जानकारी दी गयी। वहीं पौधरोपण कराते हुए उसे जीवित रखने का भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा संकल्प दिलाया गया एवं रैली निकालकर योजना के बारे में ग्रामीणों को ब्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से जागरूक किया गया।

माइक्रो वाटरशेड-पेढ़ में वाटरशेड विकास घटक अन्तर्गत चेकडैम निर्माण हेतु ब्लाक प्रमुख घोरावल दीपक सिंह पटेल ने भूमि पूजन कराया। माइक्रोवाटरशेड-पेढ़ में महिलाओं एवं स्वयं सहायता के महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। जिला कृषि अधिकारी डा. हरेकृष्ण मिश्रा, भूमि संरक्षण अधिकारी केके सिंह, अमित कुमार चौबे, वैज्ञानिक डा. महेन्द्र सिंह द्वारा जानकारी दी गयी। धुरकरी में निर्मित चेकडैम का ब्लाक प्रमुख ने लोकार्पण किया।

## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, सनसनी

**डाला।** चोपन थाना क्षेत्र स्थित सलईबनवा पूर्वी जंगल में एक युवक का तेंदू के पेड़ से लटकता हुआ शव मिलने से सनसनी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। बताया कि रामसूरत पुत्र स्व. हरि गोड़ निवासी सलईबनवा पूर्वी ने बताया कि उसका पुत्र बुधवार की सायं घर से निकल गया और वापस नहीं आया। खोजबीन किया तो पता नहीं चल सका। गुरुवार की सुबह शौच करने गए ग्रामीणों ने बताया कि घर से दो किमी दूर एक युवक का शव जंगल में लटका हुआ है। सूचना मिलते ही मौके पर जाकर देखा तो शव उसके पुत्र 35 वर्षीय राजेश गोड़ का था। चोपन थाना के हल्का दरोगा रविन्द्र पाण्डेय ने बताया कि राजेश का शव लटकता हुआ मिला है। मृतक के पिता के मुताबिक राजेश मानसिक रुप से विछिप्त था। शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# महिला बीट सुदृढ़ीकरण को अपर पुलिस अधीक्षक ने की बैठक

**दिये निर्देश**

### महिला बीट आरक्षियों संग पुलिस लाईन चुर्क सभागार में की मासिक समीक्षा बैठक

जनसंदेश न्यूज


बैठक को संबोधित करते एएसपी

**सोनभद्र।** अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह ने महिला बीट सुदृढ़ीकरण करने के लिए गुरुवार को जनपद की समस्त महिला बीट आरक्षियों के साथ पुलिस लाईन चुर्क सभागार में मासिक समीक्षा बैठक की।

इस दौरान एएसपी ने महिला बीट कर्मियों को बीट क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करते हुये कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकारी योजनाओं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, बैंकिंग करेस्पोन्डेन्ट सखी, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सुकन्या समृद्धि योजना, छात्रवृत्ति योजना आदि तथा महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव व रोकथाम, महिला सम्बन्धी कानूनों यथा पोक्सो एक्ट, पोश एक्ट, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम आदि के सम्बन्ध में जानकारी देने का निर्देश दिया। साथ ही बीट क्षेत्र में होने वाले अवैध कार्यों के सम्बन्ध में अभिसूचना संकलन करने, मादक पदार्थो, छेड़खानी, महिला उत्पीड़न में लिप्त अपराधियों व मनचलों के सम्बन्ध में जानकारी एकत्र करने का निर्देश दिया। वहीं महिला बीट कर्मियों से उनके कार्य के सम्बन्ध में प्रश्नोत्तर करते हुये उनसे बीट क्षेत्र के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। महिला बीट में प्रभावी कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारी से प्राप्त निर्देशों से अवगत कराते हुये ब्रीफ किया गया। एएसपी ने महिला बीट कर्मियों से उनकी समस्याएं सुन निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।

## संक्षेप

### जनजाति विश्वविद्यालय खोलने के लिए राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन


राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते एससीएसटी आयोग प्रदेश उपाध्यक्ष व अन्य

**म्योरपुर।** राजभवन लखनऊ में गुरुवार को एससी-एसटी आयोग के प्रदेश उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार ने जनपद में जनजाति विश्वविद्यालय खोलने एवं पंचायत चुनाव में जनजाति के लिए आरक्षण हेतु राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को ज्ञापन दिया। जनजाति विश्वविद्यालय खुलने से जनजाति के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए जनपद से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने जनपद की अन्य समस्याओं पर भी महामहिम राज्यपाल से चर्चा की। इस मौके पर श्रवण सिंह गोड़, उमाशंकर सिंह मरकाम, शनि, दीपक अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

### टीसीडी ग्राउंड मंच पर मिला युवक का शव

**दुद्धी।** स्थानीय नगर के टीसीडी खेल मैदान पर गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी मच गयी। पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दिया। प्रधान रामप्रसाद ने बताया कि रामलाल दूसरी पत्नी के साथ अक्सर बाहर रहकर मजदूरी करता था, गांव में बहुत कम आना होता था। गंभीर बीमारी की वजह से घर आ रहा था, उसी दौरान मौत हो गई। घटना से परिजन सकते में हैं। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि रामलाल 35 पुत्र गंभीरा निवासी धूमा, विंढमगंज का टीसीडी ग्राउंड मंच पर शव मिला है। युवक के पास से बैंक पासबुक व रावर्ट्सगंज के हॉस्पिटल का मेडिकल रिपोर्ट मिला। शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज जांच की जा रही है।

### ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने के मामले में केस दर्ज

**दुद्धी।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक विवाहिता का वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज हो गया। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बीते बुधवार को पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। तहरीर के मुताबिक घर के समीप एक युवक विवाहिता का नहाते समय का अर्धनग्न वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दिया करता था। घटना की जानकारी पीड़िता ने अपने परिजनों को दिया। इस क्रम में गुरुवार को पुलिस केस दर्ज जांच शुरू कर दी।

### शांति भंग में तीन महिलाओं का चालान

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र के कोठा टोला में आपस में विवाद कर रही तीन महिलाओं को शांति भंग में निरुद्ध करके पुलिस ने चालान कर दिया। चौकी प्रभारी आशीष कुमार पटेल ने बताया कि गुरुवार को राबिया बीबी पत्नी इस्तखार व चम्पा पत्नी देवकुमार निवासी गण भलुआ टोला व सपना देवी पत्नी तेजबहादुर निवासी भलुआ टोला, ओबरा के मध्य किसी बात को लेकर आपस में विवाद हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिलाओं का शांति भंग की धारा में चालान कर दिया। टीम में चौकी प्रभारी के अलावा कांस्टेबल सत्यप्रकाश, रोहणी सिंह शामिल रहे।

### नकल करते पांच छात्र निष्कासित

**दुद्धी।** बीआरडी पीजी कालेज में गुरुवार को बीएड की प्रथम सेमेस्टर परीक्षा में कक्ष निरीक्षक द्वारा नकल करते पांच छात्र को पकड़कर रिस्टीकेट कर दिया गया। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य डा. रामसेवक यादव ने कहा कि कॉलेज में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। एक से चार बजे तक के प्रथम चरण के बीएड प्रथम सेमेस्टर के परीक्षार्थी को नकल करते पकड़ा गया। पकड़े जाने के बाद तत्काल सभी छात्रों को रिस्टीकेट कर दिया गया।

# एसपी ने किया घोरावल थाने का निरीक्षण, दिये निर्देश

जनसंदेश न्यूज


घोरावल थाने का निरीक्षण करते एसपी

**घोरावल।** एसपी अशोक कुमार मीणा ने गुरुवार को स्थानीय थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, सीसीटीवी, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, पुलिस बैरक, भोजनालय का निरीक्षण कर सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा कार्यालय के अभिलेखों अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर तथा अन्य अभिलेखों का निरीक्षण कर उन्हें बेहतर व अद्यावधिक करते हुए उनके व्यवस्थित रख-रखाव का निर्देश दिया।

वहीं संबंधितों को थाने पर दाखिल विभिन्न अभियोगों से संबंधित माल, वाहनों के संबंध में न्यायालय के निर्णयोपरांत विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने, आईजीआरएस सन्दर्भों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने, थाने पर आने वाले पीड़ितों की शिकायतों को विनम्रता पूर्वक सुन उसकी शत-प्रतिशत सुनवाई करते हुए विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिये। इसके अलावा मिशन शक्ति कक्ष, महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मी को आने वाली फरियादियों की समस्या सुनकर उनका निस्तारण कराने की ताकीद की। साथ ही एंटी रोमियों टीम को अपने बीट क्षेत्र में जाकर महिलाओं, बालिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए।

## नमकीन समझ मासूम ने निगला कीटनाशक, गंभीर

**रामगढ़।** पन्नूगंज थाना क्षेत्र के बेलगाई गांव में पांच वर्षीय मासूम ने भुजिया नमकीन समझकर कीटनाशक निगल लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया गया कि बेलगाई निवासी अंश पांच पुत्र संतोष सुबह घर में खेल रहा था। खेलते उसके हाथ में कीटनाशक लग गया। कीटनाशक को भुजिया नमकीन समझकर अंश ने मुंह में डाल लिया। कड़वा लगने पर परिजनों को बताया। कुछ देर बाद मासूम की हालत खराब हो गई। उसे अचेत होते देख परिजन आनन-फानन में उसे लेकर पीएचसी चतरा पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के चलते उसे चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि कीटनाशक देखने में भुजिया नमकीन जैसा है, जिसे बच्चे ने नमकीन समझकर निगल लिया था।

# नाली निर्माण में देरी से आवागमन प्रभावित


निर्माणाधीन नाली

**ओबरा।** स्थानीय नगर पंचायत अंतर्गत चोपन रोड पर हो रहे नाली निर्माण में देरी से नागरिकों में आक्रोश की स्थिति है। निर्माण से फैली अव्यवस्था को लेकर नगर पंचायत प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश सिंह यादव ने कहा कि गैस गोदाम रोड के आरंभ बिंदु पर स्व. सुदामा पाठक चौराहे के पास नाले निर्माण हेतु की गई सड़क खुदाई से महीनों से नागरिकों को असुविधा हो रही है।

आवागमन बाधित होने से रोजमर्रा के कार्य, व्यापार, स्कूल-कॉलेज जाने वाले विद्यार्थी एवं आपातकालीन सेवाओं पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसी मार्ग से राम मंदिर कालोनी, सुमन नगर, वन विभाग, स्टेट बैंक, कोतवाली, पीजी कालेज, मैरिज हाल सहित परियोजना कॉलोनी भी जाना होता है। इसी मार्ग से दर्जनों वैवाहिक कार्यक्रम के साथ महाशिवरात्रि यात्रा भी प्रस्तावित हैं। आठ से 10 महीने पुराने टेंडर का भी काम पूरा नहीं हो पा रहा है। निर्माण में देरी की जांच की मांग करते हुए कहा कि निर्माण कार्य की समय अवधि में संवेदना होनी चाहिए। निर्माण में देरी से नगर पंचायत की छवि धूमिल हो रही है। पंचायत प्रशासन से अपील किया कि निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने हेतु आवश्यक कदम उठाएं।

# बजट में सोनभद्र को एक्सप्रेस वे व कनहर सिंचाई परियोजना होगी पूर्ण

**खासा उत्साह**

### सदर विधायक की पहल, सरकार ने आवंटित किया धन

**सोनभद्र।** बजट में सदर विधायक की पहल पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को बजट में विशेष रूप से शामिल करते हुए धन आवंटन कर दिया है। इसे लेकर सोनभद्र के लोगों में खासा उत्साह है। बता दें कि गुरुवार को विधानसभा के सत्र में सीएम व वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट पेश करते हुए सोनभद्र के लिए दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम किया। इसे लेकर सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भूपेश चौबे समेत क्षेत्र के तमाम लोगों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। जनपद में इस बजट में जहां कई नई सड़कों का निर्माण होगा, वहीं महत्वपूर्ण यह है कि गंगा एक्सप्रेसवे का विस्तार करते हुए चंदौली के साथ ही उसे मिर्जापुर होते हुए सोनभद्र से जोड़ा जाएगा। ऐसे में सोनभद्र सीधे गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़ जाएगा और यहां के लिए यह व्यावसायिक दृष्टि के साथ ही कई रूप से जनपद के लिए लाभकारी होगा। इसके अलावा लंबे समय से अपूर्ण चल रही कनहर परियोजना के लिए भी धन का आवंटन नए वित्तीय वर्ष में किया गया है। इस बजट को सदर विधायक ने जनहितकारी, लोकोपायेगी वह सर्व समाज के लिए एक बेहतरीन बजट बताया। उन्होंने कहा कि सीएम द्वारा पेश किया गया बजट पूरी तौर पर कल्याणकारी है। उन्होंने कहा कि नए बजट में तमाम ऐसी योजनाओं को सीएम ने शामिल किया है जो भविष्य में संपूर्ण जनपद के लिए वरदान साबित होगी। इस बजट को लेकर आम नागरिकों में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है। तमाम नागरिकों का कहना है कि लंबे समय बाद इस तरह का बजट सीएम द्वारा पेश किया गया है।

### आदिवासी नौजवानों के लिए बजट निराशाजनक

**म्योरपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा गुरुवाार को विधानसभा में पेश किए गए बजट में आदिवासी विश्वविद्यालय, लड़कियों के लिए म्योरपुर में डिग्री कॉलेज, हर ब्लॉक में आईटीआई और हर तहसील में पॉलिटेक्निक बनाने की घोषणा नहीं किए जाने पर युवा मंच ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे निराशाजनक बजट कहा है। युवा मंच की जिला संयोजक सविता गोंड ने कहा कि जनजाति के कल्याण का बजट खर्च नहीं किया जाता। पिछली बार 3628.58 लाख रुपए आवंटित किए गए थे, जिसमें से 1670 लाख ही खर्च हुआ। सामान्य शिक्षा के बजट को 50 करोड़ रुपए घटा दिया गया है। स्वास्थ्य बजट को लगभग पुराना ही रखा गया। परिवार कल्याण के बजट में भारी कमी की गई है। कौशल विकास पर जोर देने की बात करने वाली सरकार ने बजट में प्रशिक्षण के मद में कमी की है। जनजाति नौजवानों के रोजगार सेवा का बजट वही रखा गया है और स्वरोजगार कार्यक्रम के बजट में आंशिक वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि बजट से पूर्व सरकार के मंत्री समेत युवा मंच और अन्य संगठनों द्वारा उठाए गए आदिवासी विश्वविद्यालय की मांग को अनसुना कर दिया गया।

## रोजगार मेला कल

**सोनभद्र।** जिला सेवा योजन अधिकारी ने बताया कि जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार देने के लिए 22 फरवरी को सुबह 10 बजे से नेशनल निजी आईटीआई, पुसौली, राबर्ट्सगंज परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें निजी क्षेत्र की लगभग 17 कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी। जिसमें विजनइण्डिया सर्विसेज प्रालि हिण्डालको इण्डस्ट्रीज, राज्य सड़क परिवहन निगम सोनभद्र डिपो में संविदा पर चालक की भर्ती, प्लेटिनम एचआर सोल्यूशन, सूरत, गुजरात, क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड, जीएमआर स्मार्ट इलेक्ट्रीकल डिस्ट्रीव्यूशन, डीसेट्स, फरीदाबाद, ग्रीनटास इंडस्ट्रीज, एसबीआई कार्ड, मीडलैण्ड माइक्रोफीन, एनएसडीसी, कामाख्या टीवीएस राबर्ट्सगंज, एलआईसी, नुमैक्स स्कील एण्ड मैनेजमेन्ट, वॉकरू इण्टरनेशनल तमिलनाडु, वज्र इण्डस्ट्रीज, सोलेरा इण्डस्ट्रीज, जोमैटो द्वारा विभिन्न पदों पर भर्तियां की जाएंगी। समस्त इच्छुक एवं योग्य बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार नियोजकों द्वारा उक्त आईटीआई परिसर में लिया जायेगा।

## रेखा को दिल्ली का सीएम बनाए जाने पर महिला मोर्चा ने बांटी मिठाई


स्वर्णजयंती चौक पर खुशी का इजहार करती महिला मोर्चा की महिलाएं

**सोनभद्र।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बनाए जाने पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा गुरुवार को स्वर्ण जयंती चौक पर मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया गया। जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह ने दिल्ली की महिला मुख्यमंत्री बनाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार जताया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि एक महिला को मुख्यमंत्री बनाने का निर्णय लिया गया। यह निर्णय महिलाओं के लिए एक प्रेरणा है और यह दिखाता है कि भाजपा महिलाओं को महत्व देती है और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री व अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा महिलाओं के अधिकारों और हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह निर्णय भाजपा की महिला सशक्तिकरण की नीति का एक हिस्सा है और यह दिखाता है कि पार्टी महिलाओं को महत्व देती है। ब्लॉक प्रमुख चोपन लीला देवी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के शपथ ग्रहण पर प्रधानमंत्री व राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार जताया। कार्यकताओं ने इस निर्णय का स्वागत किया। इस मौके पर प्रमिला त्रिपाठी, आशा विश्वकर्मा, रितु अग्रहरि, गायत्री सिंह, मीनू चौबे, सरोज केसरी, तारा देवी, कविता यादव, रंजना पांडे, हेमलता जायसवाल, आरती चौबे समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# हार-जीत से ऊपर उठकर करें उत्कृष्टता का प्रयास

**बोले प्रणव सोनी**

### कबड्डी में लोझरा को हरा नवानगर टीम ने शील्ड पर किया कब्जा


विजेता टीम के खिलाड़ी को ट्रॉफी देते अतिथिगण

**अनपरा।** डा. अम्बेडकर युवा क्लब एवं रेनुपावर डिवीजन ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में डिबुलगंज में आयोजित दो दिवसीय बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर मेमोरियल कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मैच में नवानगर की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुये शील्ड पर कब्जा कर लिया। मुख्य अतिथि सांसद छोटेलाल खरवार एवं विशिष्ट अतिथि हिंडाल्को रेनुसागर के मानव संसाधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रणव सोनी, नपं अध्यक्ष विश्राम प्रसाद बैसवार ने डा. अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर, नारियल फोड़कर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि ने कहा खिलाड़ियों ने पूरे शिद्दत से खेल भावना का परिचय दिया, जो सराहनीय है। खेलना एक महत्वपूर्ण गतिविधि है, जो हमारे जीवन के हर पहलू पर गहरा प्रभाव डालती है। उन्होंने क्लब का हर तरह का सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलकूद आवश्यक है। इससे बच्चों में अनुशासन, ईमानदारी, आत्मनिर्भरता आदि मानवीय गुणों का विकास होता है। उन्होंने कहा कि खेल खेल भावना के साथ खेलें, हार-जीत से ऊपर उठकर उत्कृष्टता के लिए प्रयास करें। कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मैच नवानगर एवं लोझरा के बीच खेला गया। नवानगर की टीम ने टॉस जीतकर पहले रेडिंग करने का निर्णय लिया। खेल मैदान में नवानगर की टीम ने कबड्डी मैच में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुये लोझरा के 23 अंक के एक तरफा मुकाबले में 52 अंक अर्जित कर विजेता बनी। इस तरह नवानगर की टीम ने 29 अंक से जीतकर शील्ड पर कब्जा किया। बालिकाओं की टीम में शक्तिनगर टीम ने ककरी की टीम को मात्र चार अंक से पराजित कर शील्ड पर कब्जा किया। कमेंट्री रामेश्वर आजाद एवं प्रदीप कुमार ने किया। अंत में अतिथियों ने खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिये पुरस्कार वितरण किया। इस मौके पर राजेश राय, सदानन्द पांडेय, राजनाथ यादव, शिव शंकर साकेत, प्रशांत कुमार सिंह, अमर खरवार, देवी शरण, रामचन्दर यादव, अनिल भारती, विष्णु बैसवार समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## रेलवे ट्रैक पर मिले शव मामले में केस दर्ज

**शक्तिनगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चिल्काटांड़ रानीबारी निवासी 28 वर्षीय बीरेंद्र भारती की मौत पर पुलिस ने मृतक के भाई अर्जुन भारती पुत्र नान्हक की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस को दिए तहरीर में अर्जुन ने बताया कि मेरा भाई वीरेन्द्र भारती अपने दोस्त राजन पुत्र लालचंद्र के साथ मंगलवार की शाम बस स्टैंड मार्केट के शराब दुकान पर शराब पीने गया। जहां चखना दुकानदार से सिगरेट को लेकर विवाद हो गया था। उसके बाद उसका शव एनसीएल खड़िया परियोजना के शाइलो के पास रेलवे ट्रैक पर मिला था। परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए विरोध दर्ज कराया था। इस क्रम में पुलिस ने दीपक गुप्ता पुत्र ददन गुप्ता निवासी बस स्टैंड मार्केट समेत तीन अज्ञात के विरुद्ध संगत धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### रामचंद्र रत्ना बने बसपा जिलाध्यक्ष, किया गया स्वागत


नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत करते बसपा कार्यकर्ता

**सोनभद्र।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के निर्देश पर मिर्जापुर मंडल में परिवर्तन किया गया। पार्टी जिलाध्यक्ष का दायित्व रामचंद्र रत्ना को सौंपा गया। वहीं मंडल प्रभारी मिर्जापुर राजकुमार वर्मा, प्रीतम गिरी, मनोज कुशवाहा बनाया गया। जिससे कार्यकताओं में हर्ष है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का पदाधिकारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष ने कहा कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी के साथ पार्टी की गरिमा बनाये रखूंगा। कार्यकताओं को अनुशासन में रखकर पार्टी में मजबूती लाऊंगा। आने वाले पंचायत चुनाव में पार्टी के जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधानों की ज्यादा से ज्यादा सीटों को जिताकर मायावती के हाथों को मजबूत किया जायेगा। मंडल प्रभारी प्रीतम ने कहा कि वे संगठन की मजबूती के लिए कार्य करते रहेंगे। पूर्व जिलाध्यक्ष बी सागर ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई देते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करता हूं। पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों के नेतृत्व में पार्टी मजबूत होगी। इस मौके पर अविनाश शुक्ला, बलवंत रंगीला, अमन मौर्य, कृष्ण कुमार, पवन, प्रेम नाथ गौतम, भगवानदास भारती, धर्मेंद्र भारती, कमलेश भारती, अशोक सहाय, लल्लू भारती, जेपी भारती, शशिकांत, रामबली भारती समेत तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 25 हजार का इनामिया आरोपी धराया



**सोनभद्र।** अपराधियों के विरूद्ध एक्शन में चल रही सदर कोतवाली पुलिस ने 25000 रुपये के इनामिया व लूट में वांछित आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। एसएचओ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस टीम ने 25000 के ईनामिया अमन यादव पुत्र रमाशंकर यादव निवासी शंकरपूर, चौबेपुर, वाराणसी को रोडवेज के पास से गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। टीम में प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार राय, बृजेश कुमार पाण्डेय, रामगोपाल पटेल, अनुज गोड़, अक्षय कुमार आदि शामिल रहे। यह सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को एसपी ने 25000 नगदी से पुरस्कृत किया।

# नोनार में फांसी लगाकर युवक ने की खुदकुशी


मृतक सेवालाल। फाइल फोटो।


घटना की जानकारी होने पर रोते बिलखते परिजन।

जनसंदेश न्यूज

सकलडीहा। कोतवाली क्षेत्र के नोनार गांव (तुलसी आश्रम) में बुधवार की रात 22 वर्षीय बीए के छात्र ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। घटना के समय घर में कोई नही था। सूचना पर पहुची पुलिस और फॉरेंसिक की टीम शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है। नोनार गांव के रामप्यारे मौर्या को तीन पुत्री किरण,सोनी,पूजा और एक पुत्र सेवालाल मौर्या थे। तीनो पुत्रियों की शादी हो चुकी है। 22 वर्षीय सेवालाल मौर्या सबसे छोटा और अविवाहित था। वह अपनी माँ के साथ घर पर रहता था।

वही उसके पिता रामप्यारे मौर्या खेत में बने पंपिंग सेट पर ही रहा करते है। बुधवार शाम सेवालाल की मां मुगलसराय गई हुई थी । ट्रेन न मिलने के कारण वह रात में घर नही आ पाई। सेवालाल घर मे अकेले था। सुबह करीब 4 बजे जब मां आई तो वह टिन शेड के पाइप में गमछे का फंदा लगाकर लटका हुआ था। यह देख वह चीखने चिल्लाने लगी। आस-पड़ोस के लोगो ने फन्दे से नीचे उतारा। और पुलिस को सूचना दी। एकलौते बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मां जामवंती देवी, पिता रामप्यारे सहित बहनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा है।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

चंदौली। सदर कोतवाली क्षेत्र के प्रतापपुर गांव के समीप चकिया-चंदौली मार्ग पर गुरुवार को ट्रैक्टर की चपेट में आने से 60 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। मौके पर जुटे आस पास के ग्रामीणों में घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने तत्काल वृद्ध के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बताते हैं कि गांव निवासी बहादुर मौर्या 60 वर्ष फत्तेपुर गांव में अपनी परचून की दुकान चलाते थे। सुबह से घर से दुकान खोलने के लिए निकल कर जैसे ही गांव के सड़क पर पहुंचे कि अचानक तेज रफ़्तार ट्रैक्टर ने उनको धक्का मार कर फरार हो गया। घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर जुटे आस पास के ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस बाबत सदर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर की चपेट में आने से वृद्ध की मौत हो गई है। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बहन के घर में फंदे से लटकता मिला भाई का शव, सनसनी

डीडीयू नगर। मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के हरिशंकरपुर में अपनी बहन के घर मां के साथ आए 14 साल के लकी का शव पंखे के हुक से लटका हुआ मिला। इसकी जानकारी परिजनों को होने पर कोहराम मच गया। किशोर की मां ने अपनी बेटी और उसके प्रेमी पर पुत्र की हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।


घटना के बाद मौका मुआयना करते एसपी आदित्य लांग्हे व अन्य।

वाराणसी जिले के सारनाथ थाना क्षेत्र के लेढूपुर निवासी फातिमा कि शादी 22 वर्ष पूर्व विरु के साथ हुई थी। बीरु से फातिमा को दो बेटी एक बेटा हुआ। तेरह वर्ष पूर्व उसके पति की मौत हो गई। पति के मौत के बाद वह अपने देवर मूसे से शादी कर ली। देवर से उसको पांच बच्चे पैदा हुए। वही बेटी खुशी पांच वर्ष पूर्व हरिशंकरपुर मे जमीन खरीद कर मकान बनवा लिया था। उस मकान में मां के साथ ही पूरे परिवार के लोग रहने लगे। एक वर्ष पूर्व बेटी से लड़ाई कर फातिमा पूरे बच्चों को साथ लेकर वाराणसी के आशापुर में रहने लगी। परिजनों ने बताया कि बुधवार की दोपहर में मां फातिमा के साथ लकी और पूरे बच्चे बहन के यहां आये हुए थे। गुरुवार की दोपहर में मकान के हाल मे पंखे से लटका शव नाबालिग लड़के का बरामद हुआ। फातिमा ने रोते हुए बताया कि अपने बच्चों के लिए दूसरे वाले मंजिल पर खाना बना रही थीं। उसी समय बेटी खुशी ने फोन कर घर से निकलने के लिए कहने लगीं। वहीं बगल का लड़का सतीश ने मकान का ताली मांगने आया था। मेरे बेटे ने फांसी नहीं लगाया है उसकीं हत्या हुई हैं। घटना की जानकारी होते ही पुलिस अधीक्षक आदित्य लाग्हें व सीओ आशुतोष मौके पर पहुंच गए। इस दौरान मुगलसराय कोतवाल विजय बहादुर सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नाबालिक युवा के का हत्या या आत्महत्या है। इस बाबत मुगलसराय कोतवाल विजय बहादुर सिंह ने बताया कि हत्या है या आत्महत्या पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

## जेल से छूटे प्रेमी के साथ प्रेमिका दोबारा घर से भागी

इलिया। थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती दूसरे गांव के युवक के साथ गुरुवार की भोर में 3 बजे दूसरी बार घर से फरार हो गये। इसके पूर्व 5 फरवरी को फरार हुए प्रेमी युगल को स्थानीय पुलिस दोनों के फरार होने के तीन दिन के अंदर ढूंढ निकाला था। बरामद प्रेमी युगल थाने में एक दूसरे के साथ अपनी मर्जी से रहने की बात कही थी। लेकिन युवती के बहन की तहरीर पर उसे समझा बूझकर किसी तरह घर भेज दिया गया था। जबकि युवती की बहन की तहरीर पर युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। प्रेमी के जेल जाने से युवती काफी नाराज थी। वही जमानत पर जेल से रिहा होकर प्रेमी घर आया और पुनः दोनों साथ जीने मरने की कसमें खाकर दूसरी बार घर से फरार हो गये। थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह ने बताया कि 5 फरवरी को प्रेमी के साथ जो युवती फरार हुई थी। उन्हें पुनः घर से गायब होने की सूचना मिली है। पुलिस युवती के बहन की तहरीर पर पूरे प्रकरण की छानबीन कर रही है।

## संक्षेप

### चिकनकारी, हैंड एंब्राइडरी व जरी जरदोजी का प्रशिक्षण सम्पन्न


चिकनकारी व हैंड एंब्रॉयडरी का प्रशिक्षण लेते चयनित प्रशिक्षार्थी।

चंदौली। नाबार्ड की ओर से आयोजित आजीविका एवं उद्यम विकास कार्यक्रम में 20 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमें 30 स्वयं सहायता समूह की चयनित महिलाओं को चिकनकारी, जरी जरदोजी, हैंड एंब्राइडरी में प्रशिक्षण कराया जा रहा है जिसमें सैद्धांतिक तथा व्यवहारिक रूप से कुशल प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में तनुज कुमार सेन, जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड चंदौली तथा बडौदा यूपी बैंक नई बस्ती के शाखा प्रबंधक रजत उपाध्याय द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में बैंक बैंकिंग से संबंधित जानकारी प्रदान की गई जिसमें अपने सीसीएल अकाउंट का कैसे उपयोग करें तथा अपना नया उद्योग उद्यम लगाने में बैंक का क्या सहयोग ले सकते हैं तथा वित्तीय जानकारी प्रदान की गई, जिससे भविष्य में बैंक से और अधिक जुड़ सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम को मदर टेरेसा प्रशिक्षण संस्था, चंदौली द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसमें कुशल प्रशिक्षक तथा जिले की एक जनपद, एक उत्पाद योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### बीएड परीक्षा के दौरान 9 नकलची निष्कासित

सकलडीहा। सकलडीहा पीजी कालेज में आयोजित विश्वविद्यालय स्नातक एवं बीएड की परीक्षा के द्वितीय प्रश्न में गुरुवार को द्वितीय पाली की परीक्षा में आंतरिक उड़ा का दल द्वारा नौ नकलची नकल करते हुए रंगे हाथ पकड़े गए। जिसको रेस्टीकेट करते हुए केंद्र अध्यक्ष प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने विश्वविद्यालय परीक्षा नियमावली के अनुसार नकल आरोप पत्र भरते हुए विश्वविद्यालय को प्रेषित किया गया। महाविद्यालय केंद्र पर कुछ स्ववित्तपोषित महाविद्यालय के भी परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमे दूसरे प्रांत के भी परीक्षार्थी नकल करने से बाज नहीं आ रहे हैं। आज भी उन्हें यह कड़ी चेतावनी दी गई कि किसी भी हाल में परीक्षा संबंधी सुचिता एवं पवित्रता को भंग नहीं होने दी जाएगी। यदि कोई भी परीक्षार्थी नकल सामग्री के साथ पकड़ा जाएगा तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी

### पत्रकार को पितृ शोक

डीडीयू नगर। ऑल इंडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जिला इकाई चंदौली की बैठक गुरुवार को नगर के लाल बहादुर शास्त्री पार्क में आयोजित की गई। सत्र की पहली बैठक में संगठन से संबंधित सदस्यों ने विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक के अंत में जिले के इलेक्ट्रॉनिक चैनल पत्रकार कमलेश गिरी के पिता मुराहु गिरी के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर बैठक में कमलेश तिवारी, कृष्णकांत गुप्ता, फैयाज अंसारी, राजीव गुप्ता, मोहम्मद राशिद, हंसराज शर्मा, प्रमोद अग्रहरी, मोहम्मद इरफान, जीशान अहमद अरशद, शाहिद तौसीफ, सुनील केसरी आदि मौजूद रहे। संचालक राजीव गुप्ता ने किया।

### महाशिवरात्रि पर गौरी शंकर महादेव मंदिर में लगेगा मेला

चहनियां। क्षेत्र के बैराठ ग्राम सभा में स्थित गौरी शंकर महादेव परिसर में महाशिवरात्रि पर सुबह गौरी शंकर महादेव का श्रृंगार, क्षेत्रीय श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चन विशाल मेला व बिरहा गायक ओमप्रकाश दीवाना व रजनी गंधा के द्वारा 26 फरवरी को सुबह 10 बजे से बिरहा दंगल का आयोजन किया किया जायेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर रजनीश कुंवर प्राचार्य हरिश्चन्द्र पीजी कालेज वाराणसी व प्रदीप कुमार पाण्डेय प्राचार्य सकलडीहा पीजी कालेज रहेंगे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी महंत फलहारी बाबा ने दिया है।

### लाठी-डंडे से हमला कर मां बेटे का फोड़ा सिर

सकलडीहा। कोतवाली क्षेत्र के बरठी गांव में गुरुवार को सुबह खेत मे जाने के विवाद को लेकर दबंगो ने महिला पर ईट,पत्थर और लाठी-डंडे से हमला कर दिया।मां पर हमला होता देख बचाने गए पुत्र को भी जमकर पीटा जिससे मां और बेटे का सिर फट गया और वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।पीड़ितों ने कोतवाली पहुच मामले की शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग किया है।

### नकल करते हुए चार छात्राएं धराईं

नियामताबाद। लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पं पारसनाथ तिवारी नवीन परिसर में विश्वविद्यालय की बीएड परीक्षा में महाविद्यालय के आंतरिक उड़ाका दल द्वारा चार छात्राओं को अनुचित साधन का उपयोग करते हुए पकड़ा है । विश्वविद्यालय के निर्देश के अनुसार आंतरिक उड़ाका दल द्वारा सघन तलाशी ली गई जिसमें चार छात्राएँ पकड़ी गई है। जिनको विद्यालय द्वारा निष्कासित कर दिया गया।

### ब्रेक जाम होने से बाल-बाल बचे छात्र

सकलडीहा। बर्थरा पुलिया के पास गुरुवार को दोपहर में एक स्कूली वाहन का ब्रेक जाम होने से स्कूली बच्चे बाल बाल बच गये। ड्राईवर की सूझबूझ से गाड़ी को किनारे किसी तरह खड़ा कर पाया। इस दौरान समीप में खड़ी एक स्कूली वाहन से टकरा गया। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने समझा बुझाकर मामला शांत कराया।

### नौगढ़ में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन

नौगढ़। ब्लाक संसाधन केंद्र परिसर में गुरुवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुजीत सिंह उर्फ.सुड्डू सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर के किया। खंड शिक्षा अधिकारी लालमणि राम ने बच्चों के सर्वांगीण विकास, कुपोषण उन्मूलन, गर्भवती महिलाओं की देखभाल, पोषण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के महत्व पर सविस्तार प्रकाश डाला। कहा कि बच्चों का समुचित पोषण और स्वास्थ्य उनके उज्जवल भविष्य की नींव रखते हैं। एआरपी (हिंदी) श्रवण कुमार व एआरपी (अंग्रेजी) अरविंद पाण्डेय ने बाल विकास, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (छम्च) और वंडरबाक्स के महत्व पर विस्तार से चर्चा किया।

# 10 सूत्रीय मांगों को लेकर लोको पायलटों ने किया उपवास

जनसंदेश न्यूज

डीडीयू नगर। रनिंग भत्ते को 70 प्रतिशत तक आयकर मुक्त करने सहित 10 सूत्री मांगों के समर्थन में लोको पायलटों ने बृहस्पतिवार की सुबह से 36 घंटे का उपवास की शुरूआत की। पहले दिन पीडीडीयू जंक्शन पर धरना प्रदर्शन में प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टॉफ एसोसिएशन के केंद्रीय नेतृत्व ने 20 फरवरी से 36 घंटे के हंगर फास्ट का आह्वान किया था। इसी क्रम मे बृहस्पतिवार को पीडीडीयू मंडल के लोको पायलटों ने भूख हड़ताल की शुरूआत की।


पीडीडीयू स्टेशन पर उपवास पर बैठे लोको पायलट।

पीडीडीयू जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या दो पर क्रू सेल के समीप धरना सभा में डीए 50 प्रतिशत से अधिक होने पर टीए के सापेक्ष 25 प्रतिशत की वृद्धि करने, रनिंग स्टाफ की मुख्यालय वापसी 36 घंटे के अंदर सुनिश्चित करने की मांग की। इसी तरह असिस्टेंट लोको पायलट की भर्ती ग्रेड 2800 करने, रनिंग स्टाफ की अधिकतम ड्यूटी नौ घंटे से अधिक न करने देने, साप्ताहिक विश्राम 16$30 घंटे देने, रनिंग स्टाफ से लगातार रात की ड्यूटी दो दिन से अधिक न करने, रनिंग भत्ते को 70 प्रतिशत तक आयकर से मुक्त रखने, सहायक लोको पायलट से लोड स्टेबल के दौरान हैंड ब्रेक लगवाना बंद करने, एनपीएस, यूपीएस के स्थान पर ओपीएस को बहाल करने, सिग्नल पास्ड एट डेंजर में रिमूवल को बंद करने की मांग की। हंगर फास्ट में अलारसा के मंडल सचिव डीके मिश्रा, मंडल अध्यक्ष वसीउल हक, अजीत वर्मा, सुनील कुमार, जितेन्द्र, उपेंद्र सिंह, जितेन्द्र यादव, संतोष कुमार आदि रहे।

## दो दोषियों को 10 वर्ष की कारावास की सजा

चंदौली। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम विनय कुमार सिंह ने बलुआ थाने में दर्ज अपराध संख्या- 318/2009 मामले के बाद सुनवाई कर आरोपी को धारा-304 के तहत दोषी पाया। 10 वर्ष की कठिन कारावास की सजा एवं 10000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। इसके अलावा धारा-323, 504 में एक-एक वर्ष की कठिन सजा व 1000-1000 रुपये का अर्थदंड से दंडित किया। विदित हो कि अभियुक्त गुलाब राम एवं तुलसी राम के विरुद्ध सैजन की पत्ती तोड़ने के विवाद में मारपीट हुई, जिसकी सूचना बलुआ थाने पर वादी मुकदमा विश्वनाथ राम ने दी बाद में उक्त चोटों के कारण ही चोटहिल विश्वनाथ राम की मृत्यु हो गयी। अपर सत्र न्यायाधीश विनय कुमार सिंह ने सजा में यह भी कहा है कि सभी सजाएं साथ साथ चलेंगी तथा अर्थदंड अदा न कर सकने की स्थिति में क्रमशः दस माह व एक एक माह की अतिरिक्त सजा भी भुगतनी पड़ेगी। अभियोजन की तरफ से अपर शासकीय अधिवक्ता संजय कुमार त्रिपाठी ने जोरदार तर्क प्रस्तुत किया।

# निःशुल्क कैम्प में मरीजों के आंखों की हुई जांच



खुरूहुजा में आयोजित कैम्प में मौजूद संस्थान से जुड़े लोग।

चंदौली। शिवमूर्ति ओझा सेवा संस्थान के माध्यम से गुरुवार को ग्राम पंचायत खुरुहूजा में निःशुल्क आंख जांच और मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराए जाने के सम्बन्ध में शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में ग्राम पंचायत खुरुहूजा, चनहटा, बरौर, बनौली चट्टी, नकटी आदि ग्राम पंचायत के लोगों का निःशुल्क जांच किया गया और जिन मरीजों को मोतियाबिंद था उनको निःशुल्क ऑपरेशन के लिए शंकर नेत्रालय वाराणसी भेज दिया गया जिनका फ्री ऑपरेशन और इलाज किया जाएगा। इस शिविर में आंख रोग विशेषज्ञ की 6 टीमों ने अपना सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर शिवमूर्ति ओझा सेवा संस्थान के के संस्थापक नारायण मूर्ति ओझा, सत्यमूर्ति ओझा, प्रभारी शिव मूर्ति ओझा सेवा संस्थान माधवेंद्र मूर्ति ओझा, प्रकाश शर्मा, अभिषेक सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# पॉक्सो के मामले में न्यायालय ने आरोपियों को किया दोषमुक्त

चंदौली। न्यायालय विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम की अदालत ने नौगढ़ थाने में वर्ष-2019 में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या-29 की सुनवाई की। इस दौरान न्यायालय विशेष सत्र परीक्षण संख्या-73/2019 के तहत मामले में अभियोजन व बचाव पक्ष के गवाहों को सुना और साक्ष्यों का अवलोकन किया। इसके उपरांत न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि अभियोजन अभियुक्तों के विरूद्ध लगाए गए आरोप अंतर्गत धारा-363, 366 एवं धारा-7/8 पाक्सो एक्ट में आरोप साबित साबित करने में असफल रहा है। लिहाजा न्यायालय आरोपियों को उपरोक्त आरोपों से दोषमुक्त करती है। इस मामले में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता शफीक खान ने तर्क प्रस्तुत किया। विदित हो कि वादी मुकदमा की तहरीर थाना-नौगढ़ में 24 जून 2019 को मुकदमा अपराध संख्या-29/2019 पंजीकृत की गयी, जिसमें पीड़िता के पिता ने उल्लेख किया कि उसकी नाबालिग पुत्री को गांव के गणेश चौरसिया व रामवृक्ष यादव भोर में बहला-फुसला कर कहीं ले गए। मामले में एफआईआर दर्ज करने के बाद नौगढ़ पुलिस ने विवेचना के दौरान पीड़िता को बरामद किया और आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका बयान दर्ज किया। दौरान विवेचना पुलिस ने पीड़िता को उसके पिता व चाचा द्वारा घर वापस ले जाने से मना कर देने के कारण उसे न्यायालय के आदेश पर देखरेख संरक्षण हेतु जैतपुरा वाराणसी में रखा गया। इस मामले में विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम की अदालत ने सुनवाई के बाद 20 फरवरी को जारी अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त गणेश चौरसिया व रामवृक्ष यादव को विशेष सत्र परीक्षण संख्या-73/2019, मुकदमा अपराध संख्या-29/2019, थाना-नौगढ़, जनपद-चंदौली में धारा-363, 366 आईपीसी व धारा-7/8 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम-2012 के आरोपों से दोषमुक्त किया जाता है। अभियुक्त जमानत पर हैं। उनके व्यक्तिगत बंधपत्रों एवं प्रतिभूतिओं को निरस्त किया जाता है एवं उनके प्रतिभूओं को उनके दायित्वों से उन्मोचित किया जाता है।

## भ्रष्टाचार के मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग

इलिया। क्षेत्र के किड़िहिरा गांव स्थित अंबेडकर ग्राम संगठन मे भ्रष्टाचार का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आरोप है कि पुराने रजिस्टर को बदलकर नया रजिस्टर बनाया गया है जिसमें सफेदा लगाकर पदाधिकारियों का नाम बदल दिया गया है। समूह के सदस्यों ने गुरुवार को डीसी एनआरएलएम श्वेता सिंह से मिलकर मामले में जांच कर दोषी को दंडित करने की बात कही गई है। आरोप है कि बिना कार्रवाई के पुरानी समूह सखी को हटाकर नए समूह सखी के रूप में माया का नाम अंकित कर दिया गया है, जो अंबेडकर ग्राम संगठन के सदस्यों का फर्जी हस्ताक्षर कर 85 हजार रुपए हड़प लेने का आरोप है। प्रगति प्रेरणा सीएलएफ क्लस्टर शहाबगंज की अध्यक्ष सरिता व सचिव किरण देवी ने कहा कि कीड़िहिरा में भ्रष्टाचार के बाबत प्रार्थना पत्र डीसी एनआरएलएम के कार्यालय में रिसीव करा दिया गया है। उधर, डीसी एनआरएलएम श्वेता सिंह ने कहा कि इससे संबंधित कोई प्रार्थना पत्र हमें प्राप्त नहीं है अगर मिलता है तो जांच कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# अधिवक्ता संशोधन विधेयक-2025 का अंतिम सांस तक होगा विरोध

चंदौली। प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन विधेयक-2025 को लेकर गुरुवार को सिविल बार एसोसिएशन एवं डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन सभागार में अधिवक्ताओं ने बैठक की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने इस विधेयक के विरोध में बाह पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। साथ ही इसे अधिवक्ता विरोधी बताया। इस दौरान अधिवक्ता झन्मेजय सिंह ने कहा कि यह विधेयक बार काउंसिल की स्वायत्ता को कमजोर करने वाला है। साथ ही अधिवक्ताओं के मौलिक अधिकारों का भी हनन करने वाला है। यह सीधे तौर पर अधिवक्ताओं की एकता को तोड़ने का षड्यंत्र है, जिसका अंतिम सांस तक विरोध जारी रहेगा। सिविल बार अध्यक्ष विनय कुमार सिंह व डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि अधिवक्ता संशोधन विधेयक-2025 में कई ऐसे नियमों को इसमें शामिल किया गया है जिसमें बार काउंसिल आफ इंडिया की स्वतंत्रता व अधिवक्ताओं के ऊपर अत्याचार करने व उनके मौलिक अधिकारों को छिनने का प्रयास किया गया है। कहा कि इस विधेयक के विरोध में अधिवक्ता देश के कानून मंत्री को पत्र लिखेंगे। बावजूद इसके उनके द्वारा सकारात्मक पहल नहीं की गयी तो अधिवक्ता आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। कहा कि नया विधेयक किसी भी हाल में अधिवक्ताओं को बर्दाश्त नहीं होगा। डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार ने अंत में निर्णय लिया कि इस विधेयक के विरोध में चंदौली के अधिवक्ता 21 फरवरी को पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए इस काले कानून का पुरजोर विरोध करने का काम करेंगे। इस अवसर पर चंद्रमणि त्रिपाठी, चन्द्रभानु सिंह, अजय मौर्य, संजीव श्रीवास्तव, रमाकांत केशरी, राजेश कुमार, विद्याचरण सिंह, संतोष सिंह, मोहम्मद शहाबुद्दीन, राज बहादुर सिंह, मणिशंकर राय, सुल्तान अहमद, लाल प्यारे श्रीवास्तव, आनंद सिंह, शमशुद्दीन, हरेंद्र प्रताप सिंह, पंचानन पांडेय, सुजीत सिंह, रमाशंकर यादव, अभिनव आनंद सिंह, दुष्यंत यादव, राम प्रकाश मौर्य, अवकाश कुमार आदि उपस्थित रहे। संचालन गौरव सिंह व राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया।



अधिवक्ता संशोधन विधेयक-2025 के विरोध में अपनी बातों को रखते अधिवक्ता।

# महंत भैरो गिरी के पक्ष में साधू-संतों ने कोतवाली पहुंचकर दी जानकारी

सकलडीहा। कोतवाली क्षेत्र के औघड़ संत डगरिया बाबा स्थित आश्रम की गद्दी को लेकर बीते दो तीन दिनों से गहमागहमी बना हुआ है। गुरुवार को तपोनिधि पंचायती आनंद अखाड़ा के सांधू संत महंत भैरो गिरी के समर्थन में कोतवाली पहुचकर विस्तार से जानकारी दिया। इस मौके पर काफी संख्या में श्री तपोनिधि पंचायती आनंद अखाड़ा के साधू सन्यासी मौजूद रहे। डगरिया बाबा आश्रम में महंत पद को लेकर बीते रविवार को कपिल धारा वाराणसी तपोनिधि पंचायती आनंद अखाड़ा से आए साधू-संतो ने पंचायत में फैसला लेते हुए महंत मंशा गिरी को गद्दी से हटाकर भैरो गिरी को नया महंत नियुक्त कर दिया था।अब आश्रम का कार्य भार नए महंत भैरो गिरी देख रहे है।


कोतवाली में दरोगा को जानकारी देते पंचायती अखाड़ा के साधु संत।

दो दिन पूर्व मंशी गिरी के समर्थन में साधू संत तहसील और कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराया था। जिसे लेकर कोतवाली पुलिस जांच पड़ताल कर रही थी। इसी क्रम में पंचायती अखाड़ा के साधू संत को बुलाया गया था। गुरुवार को कोतवाली पहुचे भैरों गिरी के पक्ष में साधू-संतो ने बात रखी। बताया कि पूरी प्रक्रिया के तहत भैरो गिरी को महंत बनाया गया। इसका फैसला वाराणसी कपिल धारा से आए हुए साधू-संतो ने किया है। इस दौरान बड़ी संख्या में साधू-संत कोतवाली पहुचे थे। इस बाबत क्षेत्रीय दरोगा राणा प्रताप यादव ने बताया कि विवाद को लेकर अखाड़ा के लोगों के लोगों को बुलाया गया था। इस मौके पर श्री मंहत दिवाकर पुरी,हरिनाम गिरी, महंत भैरव गिरी,धनराज गिरी, धनपति गिरी,मंगल गिरी, शिप्रानंद, महंत मंगला गौरी कैलाशपुरी,थाना पति सरस्वती,शुभम गिरी, सुरेश गिरी आदि तपोनिधि पंचायती आनंद अखाड़ा के साधू संत मौजूद रहे।

## नाथूपुर में धूमधाम से हुई शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा

चहनियां। क्षेत्र के नाथूपुर गांव में गुरुवार को ग्रामीणों के सहयोग से महादेव के शिवलिंग का प्राण प्रतिष्ठा किया गया, जिसमें महिलाओं द्वारा मां गंगा तट से कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें नाथूपुर गांव के सभी लोग एकत्रित रहे। टांडा कला ग्राम सभा के नाथूपुर गांव में सार्वजनिक मां काली मंदिर में ग्रामीणों के सहयोग से महादेव जी के शिवलिंग का प्राण प्रतिष्ठा विद्वान पंडित द्वारा किया गया। जिसमें गांव के महिलाएं बुजुर्ग बच्चों ने शिवलिंग को गंगा तट पर पहुंच कर शिवलिंग को स्नान कराया एवं महिलाओं ने मिट्टी का कलश में मां गंगा का जल भरकर शोभा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा बाजार गांव भ्रमण करते हुए पांच देवालयों में जाकर पहले से प्राण प्रतिष्ठित महादेव जी के शिवलिंग का पूजा अर्चन किया गया। एवं शोभा यात्रा नाथूपुर गांव में मां काली मंदिर पर पंहुचा। विद्वान पंडित द्वारा महादेव जी के शिवलिंग का प्राण प्रतिष्ठा किया गया। जिसके बाद श्रद्धालुओं को पूजा पाठ करने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। जिसमें महाप्रसाद का भी वितरण किया गया। मुख्य रूप से राज बहादुर सिंह, शैलेंद्र सिंह, अमित सिंह दादा, तूफानी सिंह, नवीन सिंह एवं वैज्ञानिक सिंह आदि लोग सम्मिलित रहे।

# कुम्भ से लौट रहे बुजुर्ग की ट्रेन से गिरकर मौत

सकलडीहा। कोतवाली क्षेत्र के तुलसी आश्रम रेलवे स्टेशन पास गुरुवार की सुबह करीब सात बजे कुंभ स्पेशल ट्रेन से गिरकर एक 60 वर्षीय बुर्जुग की मौत हो गई। सूचना पर पहुची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा। मृतक बुर्जुग गांव के पांच लोगों के साथ कुम्भ में स्नान कर घर वापस लौट रहा था।



बिहार के आरा जिला के डिलिया थाना के चौरी गांव निवासी 60 वर्षीय मेघनाथ यादव अपने गांव के देव मौर्या, रमेश मौर्या,चन्द्रावती देवी और ज्योति देवी के साथ बीते सोमवार को घर से कुम्भ नहाने प्रयाग राज गये थे। गुरूवार को सुबह को सुबह कुचमन स्टेशन पर गाड़ी रूकने पर लघुशंका के लिये बुर्जुग उतर गया था। इसी दौरान गाड़ी खुल गयी। वही गांव के लोग दूसरे बोगी में बैठे हुए थे। पता नही चल पाया। बुर्जुग किसी ट्रेन से जा रहा था। तुलसी आश्रम स्टेशन से पहले ट्रेन से गिर जाने से उसकी मौत होगयी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने बुर्जुग के पाकिट में रखे कागज पर लिखे फोन नंबर से साथ के लोगों को सूचना देकर बुलाया। गांव के लोगों के शिनाख्त करने पर शव को कब्जे में लेकर कोतवाली पुलिस पीएम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। इस बाबत कोतवाल हरिनारायण पटेल ने बताया कि कुंभ से लौटते समय बुर्जुग ट्रेन से गिर गया था। शव को पीएम के लिये भेज दिया गया है।

**दुःखद**

**पुलिस की सूचना पर साथ जा रहे गांव के लोगों ने की मृतक की शिनाख्त**

**बिहार के आरा जिला के चौरी गांव निवासी पांच लोग कुम्भ नहाने गए हुए थे**

# राष्ट्रीय बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान ने कृषक प्रक्षेत्र पर ड्रोन से किया छिड़काव

**दवा डाली**

**इस विधि से पानी व समय की होती है बचत**



**मऊ।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के कुशमौर स्थित राष्ट्रीय बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा गुरूवार को कृषि ड्रोन परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय कवि श्यामनारायण पाण्डेय के गाँव डुमरांव, मऊ में ड्रोन द्वारा गेहूं के फसलों पर फफूंदनाशक का छिड़काव किया गया। करीब 04 लीटर प्रोपिकानाजोल नामक फफूंदनाशक का छिड़काव किसानों के खेती की 04 हेक्टेयर भूमि पर किया गया जिससे गेहूं के दानों में मोटापन और चमक आ जाती है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा ड्रोन की उपयोगिता के दृष्टिगत किसानों के प्रक्षेत्र पर इसकी उपयोगिता की योजना बनाई गई है। बहुतेरे कृषि कार्यों में भी ड्रोन उपयुक्त पाया गया है विशेषकर फसलों में छिड़काव हेतु ड्रोन अच्छा परिणाम दे सकते हैं।

विभिन्न फसलों में पोषक तत्व, कीटनाशक, फफूंद नाशक आदि का छिड़काव ड्रोन के माध्यम से करके बेहतर परिणाम पाया जा सकता है। प्रधान वैज्ञानिक डॉ अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि कृषि ड्रोन से छिड़काव के कई लाभ हैं जिसमें समय एवं पानी की बचत मुख्य है तथा इसमें कृषि रसायन भी कम व्यर्थ होते हैं। ड्रोन द्वारा लगभग 10 से 15 लीटर पानी के साथ 07 से 10 मिनट में 01 एकड़ का छिड़काव किया जा सकता है जबकि पारंपरिक रूप से 01 एकड़ के छिड़काव में लगभग 150 से 200 लीटर पानी की आवश्यकता होती है साथ ही साथ कृषि रसायनों की भी कम आवश्यकता पड़ती है। कृषि रसायनों से ड्रोन संचालक की दूरी की वजह से मानव स्वास्थ्य के लिहाज से भी ड्रोन का प्रयोग सुरक्षित है। कुछ फसलें जैसे गन्ना, बगीचा जहां पारंपरिक विधियों से छिड़काव कठिन होता है वहां ड्रोन द्वारा छिड़काव आसानी से किया जा सकता है। ड्रोन छिड़काव कार्यक्रम का संचालन संस्थान के वैज्ञानिक डॉ बनोथ विनेश कर रहे हैं। ड्रोन का संचालन युवा वृत्तिक त्रिलोकी प्रकाश सिंह कर रहे हैं।

# आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस ने निकाला रूट मार्च



**मऊ।** आगामी त्योहारों को लेकर जनपद में शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत गुरूवार सायंकाल पुलिस अधीक्षक इलामारन जी द्वारा क्षेत्राधिकारी मधुबन/घोसी व भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मऊ दोहरीघाट कस्बा क्षेत्र में रूट मार्च/पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान कस्बा दोहरीघाट में भ्रमण कर रोड के किनारे अतिक्रमण आदि के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही साथ समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षकों के नेतृत्व में बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बस स्टैंड एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास रुट मार्च/पैदल गस्त कर आम जनमानस में शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया जा रहा है तथा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

## संक्षेप

### महाशिवरात्रि पर्व पर ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई



**दोहरीघाट (मऊ)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा दोहरीघाट द्वारा शिव बाबा के आध्यात्मिक ज्ञान और जनजागृति के लिए भव्य झांकी एवं शोभायात्रा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विनोद वर्मा द्वारा झंडारोहण किया गया। शोभायात्रा को संदीप गुप्ता ने हरीझंडी दिखाया। भव्य झांकी व शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत वातावरण का अनुभव किया। शोभायात्रा का संचालन ब्रह्माकुमारी डॉक्टर बीके रेखा दीदी व ब्रह्मकुमार कृष्ण गोपाल जायसवाल ने किया जिन्होंने शिव बाबा के दिव्य संदेशों और आत्मिक शुद्धता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि विनोद वर्मा (सहकार्यवाह) ने शिवरात्रि के महत्व और आत्मज्ञान की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं, जो शिव बाबा की शिक्षाओं और आध्यात्मिक संदेशों को प्रभावी ढंग से दर्शा रही थीं। श्रद्धालुओं ने भक्ति और उत्साह के साथ इस आयोजन में भाग लिया। शोभायात्रा नगर मुख्य चैराहे लाहौरी माता मंदिर से कस्बे का भ्रमण करते हुए शोभा यात्रा पुनः अपने अपने प्रारंभिक स्थान शाखा दोहरीघाट पर आकर संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में भक्तों को सत्संग एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान ब्रह्माकुमारी डॉक्टर रेखा दीदी, कृष्ण गोपाल, चिंतामणि, अनिल यादव, जय बहादुर, बीके भारतीय, रीना, नीलम, ललित समेत आदि सैकड़ो ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के लोग मौजूद रहे।

# एनसीडी स्क्रीनिंग पर विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न, आज से विशेष अभियान प्रारंभ



**मऊ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में ई-कवच पोर्टल पर एनसीडी स्क्रीनिंग और सी-बैक फॉर्म भरने के संदर्भ में एनसीडी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला 19 से 25 फरवरी तक चलेगी। इस प्रशिक्षण में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, अपर शोध अधिकारी, बीपीएम, बीसीपीएम और कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स को पोर्टल पर काम करने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में 30 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों की एनसीडी स्क्रीनिंग करने पर जोर दिया गया। मंडलीय अनुश्रवण अधिकारी वीरेंद्र यादव ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। वहीं, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सभी मेडिकल ऑफिसर्स की आईडी बन चुकी हैं, जिससे अब कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर द्वारा रेफर किए गए मरीजों को एमओ अपनी आईडी से देख सकेंगे और उपचार कर सकेंगे।

**विशेष अभियान 20 फरवरी से 31 मार्च तक**

डीसीपीएम संतोष सिंह ने बताया कि 20 फरवरी से 31 मार्च तक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें सभी कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स को 30 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों की अनिवार्य रूप से एनसीडी स्क्रीनिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। इस प्रशिक्षण के दौरान में एआरओ सुनील कुमार सिंह यूपीटीएसयू से आलोक और एनसीडी सेल से दुर्गा सिंह की भी उपस्थित रहे।

# महाकुंभ जाने को मची होड़, स्टेशन पर दिखी भीड़



बलिया रेलवे स्टेशन पर जुटी भीड़

**बलिया।** प्रयागराज में महाकुंभ स्नान को लेकर हर कोई जा रहा है। कोई ट्रेन से जा रहा है तो कोई बस या अन्य साधन से महाकुंभ पहुंचने में लगा हुआ है। महाकुंभ जाने के लिये बलिया रेलवे स्टेशन पर इस समय जमकर भीड़ हो रही है। लोग अपने परिवार एवं मित्रों के साथ प्रयागराज जा रहे है। ऐसे में ट्रेनों पर चढ़ने के लिए लोगों में होड़ मची हुई है।

ऐसा ही एक नजारा बुधवार को प्लेटफार्म संख्या चार पर पटना से बलिया पहुंची पाटलीपुत्र पैसेंजर के रूकते ही यात्रियों में भगदड़ की हालत हो गई। बड़ी घटना होने से बाल-बाल बच गई। ट्रेन पकड़ने के लिए लोग एक-दूसरे की परवाह न कर दौड़ पड़े। उक्त ट्रेन फुट ब्रिज के पश्चिम न आकर पूरब रूकने पर यात्रियों में भगदड़ मच गई। चंद मिनट में ट्रेन खचाखच भर गई। सैकड़ों लोगों को खड़े होने की भी जगह नहीं मिली। कुछ लोग निजी वाहन से रवाना हुए। इसमे सबसे ज्यादा बिहार के श्रद्धालु शामिल रहे, जो विभिन्न ट्रेनों से प्रयागराज से बलिया पहुंचे थे।

स्टेशन प्रभारी संजय सिंह ने कहा कि ट्रेन के आगमन को लेकर पूर्व से एलाउंस कर जानकारी दी जा रही है। पाटलीपुत्र छोटे रैक वाली ट्रेन होने से फुटब्रिज से पूरब लगती है। सुरक्षा को लेकर रेलवे पुलिस व रेलकर्मी लगातार लगे हुए हैं।

# महाशिवरात्रि पर प्रयागराज के लिए चलेंगी 50 से अधिक बसें

**बलिया।** माघी पूर्णिमा स्नान के बाद महाकुंभ प्रयागराज स्नान के लिए श्रद्धालुओं के जाने का क्रम लगातार जारी है। प्रतिदिन 25 से अधिक रोडवेज बसें प्रयागराज तक चलाई जा रही हैं।

परिवहन निगम के मुताबिक शिवरात्रि पर प्रयागराज के लिए 50 से अधिक बसें भेजी जाएंगी। प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं का क्रम जारी है। बुधवार को 15 बसें प्रयागराज रवाना की गईं, जबकि 15 बस प्रयागराज से लौटीं। भीड़ को देखते हुए अनुबंधित बसों को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत न हो। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व है। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ जाने की तैयारी में हैं। इसे देखते हुए परिवहन विभाग तैयारियों में जुट गया है। वर्कशाप में बसों की मरम्मत आदि भी कराई जा रही है। महाशिवरात्रि पर 50 बसें चलाने की योजना है। शुक्रवार से ही बसों का संचालन शुरू हो गया है। इसके बाद भी श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी तो और भी अनुबंधित बसों को भी लगाया जाएगा। इस संबंध में एआरएम अजय कुमार ने बताया कि महाशिवरात्रि पर प्रयागराज के लिए 50 बसों को चलाने की योजना बनाई गई है। फिलहाल 20 से 25 बसें प्रतिदिन श्रद्धालुओं को लेकर महाकुंभ जा रही हैं। शुक्रवार से और अधिक बसें चलाई जाएंगी। जरूरत पड़ी तो और भी बसें भेजी जाएंगी।

## शिक्षामित्रों को सरकार से है उम्मीद : पंकज सिंह



पंकज कुमार सिंह

**बलिया।** शिक्षामित्र हर बजट में उम्मीद लगाए रहते हैं कि इस बजट में सरकार हमारी आर्थिक स्थिति मजबूत करेगी, लेकिन हर बार उन्हें निराश होना पड़ता है। बजट 2025-26 में शिक्षामित्रों को विशेष कुछ नहीं मिला, जिससे शिक्षामित्र हतोत्साहित हैं। हालांकि, शिक्षामित्रों की उम्मीद अब भी जिन्दा है। उन्हें भरोसा है कि मुख्यमंत्री जरूर उनका आर्थिक संकट दूर करेंगे। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आयुष्मान कार्ड लागू कर पांच लाख तक शिक्षामित्र और अनुदेशकों सहित समस्त संविदा कर्मियों को इलाज की सुविधा प्रदान की है, जो प्रशंसनीय है। बढ़ती उम्र और जिम्मेदारियों के बीच प्रदेश का हर एक शिक्षामित्र आर्थिक संकट से जूझ रहा है। सिर्फ 11 माह मिलने वाले 10 हजार रुपये मानदेय इस महंगाई में नाकाफी साबित हो रहा है। इस बजट में हम शिक्षामित्रों को उम्मीद थी कि हमारी आर्थिक स्थिति जरूर सुधरेगी, लेकिन ऐसा कुछ अब तक नहीं हो सका। लेकिन हमारी उम्मीद मुख्यमंत्री से आज भी है और कल भी रहेगी।

## परिषदीय स्कूलों में होगा क्लबों का गठन

**बैरिया।** सरकार ने प्राइमरी कंपोजिट विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बच्चों के बीच टीम भावना क्लबों के गठन का निर्देश दिया है। इसके तहत परिषदीय प्राइमरी विद्यालयों, प्राइमरी कंपोजिट विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में क्लबों का गठन होगा। स्कूलों में गठित होने वाले इन क्लबों की मुख्य गतिविधियां प्रत्येक शनिवार को अंतिम दो कक्षा के दौरान की जाएगी। सभी गतिविधियों का संचालन शिक्षकों के मार्गदर्शन में ही किया जाएगा। इस दौरान छात्राओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। क्लबों के तहत पौधरोपण किया जाएगा और उसकी देखभाल की जाएगी। खेल प्रतियोगिताएं होगी। साथ ही योगाभ्यास कराया जाएगा। गणित पहेली से लेकर गणित किट, विज्ञान किट का प्रयोग किया जाएगा। कला, संगीत, नाटक, रंगमंच, रोल प्ले आदि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन होगा। पठन-पाठन संबंधित गतिविधियां भी कराई जाएगी। इसमें पुस्तक चर्चा एवं कहानी सुनाने का कार्यक्रम होंगे। साथ ही सम सामयिक घटनाओं पर चर्चा कराई जाएगी। पौधरोपण एवं देखभाल के अलावा आईसीटी विज्ञान किट, गणित किट, प्रयोग मानचित्र, आलेख ग्लोब, कला, नाटक, रंगमंच, रोल प्ले, पठन-पाठन आदि शामिल है। इस संदर्भ में बीईओ बैरिया पंकज कुमार मिश्र ने बताया कि बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में इस आशय का आदेश आया है। हम लोगों के यहां भी जल्द ही बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से आदेश पहुंचेगा और उसी आदेश के क्रम में कार्य शुरू किया जाएगा।

## नगर में तैयार होगा 1600 मकानों का डिजिटल नक्शा

**बलिया।** ग्राम पंचायतों की तरह अब नगर निकाय में भी डिजिटल रिकार्ड तैयार करने के लिए सर्वे किया जाएगा। इसके दायरे में पहले नगर पालिका, फिर नगर पंचायतों का नंबर आएगा। नगर में 1600 मकानों का डिजिटल नक्शा तैयार होगा। इसी माह यह नगर निगमों में प्रभावी की जा रही है, जिसे देखते हुए नगर पालिकाओं में भी इसकी तैयारी शुरू की जाएगी। बलिया नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी ने बताया कि इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भवन स्वामियों के लिए घरौनी अभियान चलाया गया और ग्रामीणों को मालिकाना हक का प्रमाण मिला। नगरीय क्षेत्र में भी कुछ इसी तरह की योजना प्रभावी होगी, जिससे नगरीय क्षेत्र का डिजिटल रिकार्ड तैयार हो सकेगा। इसके तहत सेटेलाइट, ड्रोन और एआई तकनीकी की मदद ली जाएगी। शुरुआती दौर में इसे नगर निगम में प्रभावी किया जा रहा है, लेकिन इसके फायदे नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में व्यापारियों और लोगों को देकर सहमति बनाई जाएगी। सर्वे और मैपिंग के लिए एक अलग टीम होगी, जिसका निर्धारण केंद्र एवं राज्य सरकार की आपसी सहमति से होगा। डिजिटल रिकार्ड तैयार होने पर ऋण प्राप्ति एवं व्यवसायिक मदद मिल सकेगी। साथ ही भूमि विवाद के मामले भी शीघ्रता से निपटाए जा सकेंगे। इस संबंध में सुभाष कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, बलिया ने बताया कि नगर विकास विकास की मदद से डिजिटल रिकार्ड के लिए नगरीय क्षेत्रों में भी सर्वे और मैपिंग की प्रक्रिया शुरू हो रही है। जल्द ही इस सर्वे के फायदे को बताकर लोगों को जागरूक किया जाएगा, जिससे जब नगर पालिका परिषद में यह प्रारंभ हो तो कोई अवरोध न करें।

# मधुमक्खियों के हमले से अधेड़ घायल



मधुमक्खियों के हमले से घायल अधेड़

**बांसडीह।** स्थानीय कस्बे से घर जा रहे अधेड़ को बांसडीह-मनियर मार्ग पर मधुमक्खियों ने डंक से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आस-पास मौजूद लोगों ने घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांसडीह पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार हालपुर गांव निवासी प्रेमचंद वर्मा बांसडीह बाजार करने आए थे। बाजार करने के बाद वापस अपनी साइकिल से घर जाने के दौरान अभी वह देवडीह मोड़ के पहले फायर बिग्रेड गेट के पास पहुंचे थे कि पेड़ से एकाएक बड़ा सा मधुमक्खियों का छत्ता उनके सिर पर गिर पड़ा। मधुमक्खियों ने उन पर हमला कर दिया। कई मधुमक्खी उनके कानों में घुस कर डंक मारने लगी। डंक मारने से प्रेमचंद वर्मा वही सड़क पर ही इधर से उधर भागने लगे, लेकिन मधुमक्खियों का हमला जारी रहा। किसी तरह वह अपनी जान बचाकर सड़क के किनारे स्थित एक झोपड़ी में घुस गए तो उनको जान बची। घायल प्रेमचंद वर्मा का इलाज बांसडीह सीएचसी में चल रहा है।

## विधायक ने उठाया कानून व्यवस्था का मुद्दा

**सिकंदरपुर।** क्षेत्रीय विधायक मो. जियाउद्दीन रिजवी ने बुधवार को विधानसभा सत्र में जनपद के ज्वलंत मुद्दों को नियम-51 के अंतर्गत उठाया। उन्होंने कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए कहा कि विधानसभा सिकंदरपुर में एक हफ्ते में दो दोहरी हत्याएं हो गई। दोनों दोहरी हत्याएं शाम साढ़े सात बजे हुई। कहा कि थाना खेजुरी के बहेरी गांव में हुए दोहरे हत्याकांड का अब तक पुलिस खुलासा नहीं कर पाई है, जबकि जबकि प्रदेश सरकार जीरो टालरेंस का दावा करती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर में चार डाक्टरों का तबादला कर दिया गया। संविदा डाक्टरों के सहारे अस्पताल चल रहा है, जबकि यहां प्रतिदिन हजारों मरीज आते है। खरीद-दरौली के मध्य घाघरा नदी पर बनने वाला पक्का पुल का निर्माण धनाभाव के कारण 2016 से कच्छप गति से आगे बढ़ रहा है। जननायक चंद्रशेखर स्पोर्ट्स कालेज पूर पैसे के अभाव में बंद पड़ा है। गांव की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई है, जबकि यह सरकार विकास का बड़ा-बड़ा दावा करती है। धरातल पर कुछ नहीं हो रहा है।

# चोरी के सामान संग अभियुक्त गिरफ्तार



उभांव थाना में पकड़ा गया अभियुक्त

**बेल्थरारोड।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी रसड़ा आशीष मिश्र के कुशल नेतृत्व में उभांव पुलिस को चोरी की सामान के साथ अभियुक्त बब्लू को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। मुकदमा वादी राम आशीष गोंड पुत्र गुलाब चन्द्र गोंड निवासी मलेरा, थाना उभांव का डीजे मशीन (एम्प्लीफायर) एवं एक मोबाइल अभियुक्त बबलू पुत्र सुरेश राम निवासी ग्राम चौकिया मोड़ चोरी करके ग्राम पहाड़पुर के ताल में गेहूं के खेत में छुपा दिया था। मुकदमा वादी की सूचना पर उभांव पुलिस ने अभियुक्त बबलू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से रामआशीष गोंड का चोरी गया डीजे मशीन (एम्प्लीफायर) एवं मोबाइल बरामद किया। इसके आधार पर उभांव थाने में धारा 303(2), 317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। अभियुक्त की जामा तलाशी में धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित मोबाइल टावर की बैट्री को चुराकर बेच दिया था। बैट्री के विक्री से प्राप्त शेष बची धनराशि में से 730 रुपया बरामद हुआ। इसके आधार पर धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। गुरुवार को विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायालय चालान किया गया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद सिंह, उप निरीक्षक संतोष कुमार आदि शामिल रहे।

## इस बार नहीं रुकेगी पीएम किसान सम्मान निधि

**बैरिया।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के मामले में किसानों के लिए राहत भरी खबर है। 19वीं किसान सम्मान निधि की किस्त इस बार फार्मर रजिस्ट्रेशन नही होने के सूरत में भी नहीं रुकेगा। 24 फरवरी को इसकी किस्त जारी हो सकती है। शासन ने फार्मर रजिस्ट्रेशन में लेट-लतीफी के कारण यह निर्णय लिया है, किंतु अगले चरण में यह प्रभावी होगा। इस निर्णय से बैरिया तहसील के कुल 42 हजार किसानों को किसान सम्मान निधि प्राप्त होगा। इसमें अभी सिर्फ 14 हजार किसान पंजीकृत है। हालांकि रजिस्ट्रेशन का कार्य जारी है, किंतु लेखपालों की उदासीनता, सर्वर की समस्या, खतौनी एवं आधार कार्ड के नाम में अंतर के कारण इस कार्य में तेजी नहीं आ रही है। इस कारण 24 फरवरी को 19वीं किस्त जारी होगी, किंतु 20वीं किस्त जारी करने के लिए पंजीकरण आवश्यक होगा। यह सूचना पाकर किसान काफी खुश है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी बैरिया सुनील कुमार ने बताया कि फिलहाल शासन ने 19वीं किस्त जारी करने का निर्णय लिया है। एक अप्रैल से बिना रजिस्ट्रेशन वाले किसानों को यह लाभ नहीं मिल पाएगा। इसलिए किसान अपना हर हाल में पंजीकरण करा ले।

# फार्मर रजिस्ट्रेशन कराने को भटक रहे किसान

**नहीं हो रहा काम**

**खतौनी, आधार कार्ड एवं पासबुक के नाम में अंतर से नहीं हो रहा रजिस्ट्रेशन**

**बैरिया।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना फार्मर रजिस्ट्रेशन बैरिया में गति नही पकड़ रहा है। किसानों को समुचित लाभ देने के उद्देश्य से सरकार द्वारा किसानों का पंजीकरण (फार्मर रजिस्ट्रेशन) का कार्य बैरिया तहसील क्षेत्र में हो रहा है। आलम यह है कि कुल 42 हजार किसानों में से महज 14 हजार किसानों का ही फार्मर रजिस्ट्रेशन हो पाया है। 28 हजार किसान अभी भी रजिस्ट्रेशन को लेकर परेशान है।

किसानों का आरोप है कि फार्मर रजिस्ट्रेशन के लिए खतौनी में गलत नाम, आधार कार्ड एवं खतौनी के नाम में अंतर, पासबुक एवं खतौनी के नाम में अंतर के कारण कंप्यूटर पर रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहा है। वही, अधिकांश लेखपाल फार्मर रजिस्ट्रेशन को लेकर गंभीर नहीं है। दर्जनों किसानों ने बताया कि जब वह अपने क्षेत्र के लेखपाल से रजिस्ट्रेशन की बात करते हैं तो वह सीधे-सीधे उन्हें साइबर कैफे पर जाने की सलाह देते हैं। इसके चलते दो महीने में मात्र 14 हजार किसानों का ही पंजीकरण हो पाया है।

अधिकारी मोबाइल ऐप से किसानों को स्वयं रजिस्ट्रेशन कर लेने की सलाह दे रहे हैं। उन्हें कौन बताएं कि अधिकांश किसानों के पास स्मार्टफोन नहीं है। जिनके पास स्मार्टफोन है, उन्हें भी चलाना नहीं आता है। ऐसे में किसान स्वतः कैसे अपना पंजीकरण कर लेंगे।

यह यक्ष प्रश्न है। क्षेत्र के किसानों ने जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि फार्मर रजिस्ट्रेशन के लिए लेखपालों को उत्तरदाई बनायें। अन्यथा की स्थिति में यह कार्यक्रम बैरिया में सफल नहीं हो पाएगा।

## अवैध तरीके से चल रहे अस्पताल एवं जांच केन्द्र

**बलिया।** जिला मुख्यालय सहित कस्बा और चट्टी-चौराहों पर अवैध तरीके से बिना मानक के निजी अस्पतालों और जांच केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। लोगों से इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूलने वाले इन अस्पतालों एवं पैथालाजी केन्द्रों के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर विभाग खानापूर्ति कर रहा है। स्वास्थ्य विभाग के आकड़ों में जिले में 75 नर्सिंग होम और 50 पैथालाजी ही पंजीकृत है। इसके विपरीत सैकड़ों की संख्या में अस्पताल एवं जांच केन्द्र चल रहे है। जिला अस्पताल के इर्द-गिर्द ही 100 से अधिक पैथालाजी संचालित हो रहे है। पिछले दिनों शहर समेत चितबड़ागांव, रतसर, फेफना, एकौनी, बेल्थरारोड, सिकंदरपुर आदि स्थानों पर अवैध क्लीनिक संचालित मिली थी। कुछ को सील करने और कार्रवाई की बात सामने आयी थी, लेकिन सब कुछ जस का तस हो गया है। कुछ अवैध जांच सेंटर भी सील हुए थे। कुछ दिनों बाद ही उनके शटर खुल गये। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विजयपति द्विवेदी ने बताया कि अवैध रूप से मानकविहीन संचालित होने वाले नर्सिंग होम एवं जांच केन्द्रों को चिन्हित किया जा रहा है।

# फेफना-मऊ मार्ग को फोरलेन बनाने की योजना

**बलिया।** बलिया से आजमगढ़ मंडल मुख्यालय के साथ लखनऊ एवं प्रयागराज के लिए राह आसान होगी। इस मार्ग पर बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए फेफना-मऊएनएच-128बी होने के बाद फोरलेन बनाने की योजना तैयार होने लगी है। इसके लिए एनएचआई डीपीआर एवं आरओबी तैयार करने में जुट गई है।

पहले यह मार्ग स्टेट हाईवे-34 था। केंद्र सरकार ने फेफना से मऊ मार्ग को एनएच कोड 128बी आवंटित किया है। 52.57 किलोमीटर लंबा मार्ग आजमगढ़ होते ही लखनऊ और प्रयागराज को भी जोड़ता है। मार्ग आजमगढ़, मऊ, तीखा और फेफना को जोड़ता है। मार्ग पश्चिम में आजमगढ़ से पूर्व में फेफना तक जाता है। एनएच-128बी फेफना में एनएच-31 में जुट जाएगा। इससे लोग बिहार के छपरा एवं बक्सर तक आसानी से पहुंच जाएंगे। वहीं, आजमगढ़ मंडल मुख्यालय जाना भी अब आसान हो जाएगा। फेफना से मऊतक की दूरी तय करने में वर्तमान समय में दो से ढ़ाई घंटे का समय लग जाता है। क्रासिंग के चलते काफी फजीहत हो जाती है। आजमगढ़ मंडल मुख्यालय जाने में अभी तीन से चार घंटे लग जाते हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग बलिया-मऊ अब पांच आरओबी (रेलवे ओवरब्रिज) बनाया जा रहा है।

> गांव-गांव में कैंप लगाकर पंजीकरण कराया जाएगा। अभी 42 हजार के सापेक्ष में 14 हजार किसानों का ही पंजीकरण हो पाया है, किंतु अब यह कार्य गति पकड़ेगा। मैं स्वयं इसकी प्रतिदिन समीक्षा कर रहा हूं।
>
> **सुनील कुमार, उप जिलाधिकारी, बैरिया**

> फेफना-मऊतक फोरलेन बनाने की योजना बनाई गई है। इसके लिए डीपीआर तैयार किया जा रहा है। यातायात सुगम के लिए मार्ग पर पड़ने वाले पांच रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनाया जाएगा। इसके लिए रेलवे से संपर्क साधा गया है। शासन को प्रस्ताव भेजने के बाद स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू हो जाएगा। अगले सत्र में योजना मूर्त लेने लगेगा।
>
> **एसडी पाठक, परियोजना निदेशक, एनएचआई**



थाना बदलापुर क्षेत्र के सरोखनपुर सड़क हादसे में 8 लोग की जान चली गयी। घायलों को जिला अस्पताल में पहुंचाया गया। इस मौके पर घायलों का हालचाल लेने जिला अस्पताल पहुंचे जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक।

# जौनपुर

# दो भीषण सड़क हादसों में आठ की मौत





हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन



**दु:खद**

**तीन दर्जन से अधिक घायल, जिला अस्पताल में चल रहा उपचार**

**बदलापुर थाना के सरोखनपुर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-731 पर मची रही अफरा-तफरी**

जनसंदेश टाइम्स

**जौनपुर।** जिले के बदलापुर थाना क्षेत्र में बुधवार की रात दो अलग अलग सड़क हादसों में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि लगभग तीन दर्जन से अधिक श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा बदलापुर थाना क्षेत्र के सरोखनपुर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-731 पर हुआ। बदलापुर प्रतिनिधि के अनुसारः पहली दुर्घटना तब हुई जब श्रद्धालुओं से भरी बस एक तेज रफ्तार ट्रक से टकरा गई। बस में सवार सभी यात्री दिल्ली के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जो प्रयागराज में महाकुंभ स्नान के बाद वाराणसी दर्शन कर अयोध्या जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि हादसे में बस चालक मोनू सिंह (दिल्ली) और उसके दो परिजनों की मौत हो गई। बस में कुल 50 यात्री सवार थे, जिनमें से 27 गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को पहले सीएचसी बदलापुर और फिर सदर अस्पताल जौनपुर रेफर किया गया। घायल यात्रियों में अधिकतर दिल्ली निवासी श्रद्धालु शामिल हैं। घायलों में राधा देवी (70 वर्ष), गीतांजलि (31 वर्ष), तारा (65 वर्ष), कमलेश (50 वर्ष), मनसा (48 वर्ष), हरिश्चंद्र (61 वर्ष), मीना देवी (65 वर्ष), बबली (46 वर्ष), सुभाष (50 वर्ष), दिनेश (39 वर्ष), रंजीत (40 वर्ष), दिनेश कुमार चौबे (55 वर्ष), कविता (45 वर्ष), हरिश्चंद्र (61 वर्ष), भगवान सिंह (58 वर्ष), मायावती (55 वर्ष), प्रेमचंद (55 वर्ष), किशोरी लाल (60 वर्ष), लक्ष्मी (32 वर्ष), सुरेश (55 वर्ष), सुशीला देवी (60 वर्ष), सरस्वती देवी (55 वर्ष), आशीष (30 वर्ष), शकुंतला (54 वर्ष), सुशीला (65 वर्ष), रामवती (60 वर्ष) तथा गीता (55 वर्ष) शामिल हैं। सभी दिल्ली के निवासी बताये जाते हैं।

वहीं दूसरी घटना भी बदलापुर थाना क्षेत्र के सरोखनपुर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-731 पर हुई जहां दर्शनार्थियों से भरी सूमो को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में भी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जिनमें तीन महिलाएं, एक पुरुष और एक नाबालिग बच्चा शामिल हैं। हादसे में घायल 6 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल जौनपुर रेफर किया गया। इनमें से दो की पहचान कांति देवी (60 वर्ष) पत्नी शंभू हजारीबाग, नितेश कुमार (20 वर्ष) पुत्र राजनाथ, हजारीबाग झारखंड के रूप में हुई। अन्य घायलों की पहचान की जा रही है। सूमो में सवार सभी यात्री झारखंड के रहने वाले थे, जो वाराणसी में दर्शन करने के बाद अयोध्या जा रहे थे। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया जहां कई की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के कारण हाईवे पर जाम की स्थिति पैदा हो गई, जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद नियंत्रित किया। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर बेकाबू रफ्तार से दौड़ती गाड़ियां आए दिन मौत का कारण बन रही हैं।

## आगजनी में मड़हा जलकर खाक

**मछलीशहर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेलासिन के निवासी पीड़ित लाल साहब यादव के रिहायशी छप्पर में आग लगने से छप्पर में सो रही महिला झुलस गई और गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया है। मामले में पुलिस ने 9 नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

लालसाहब यादव ने अपने पड़ोसी अमर सिंह, कमल सिंह व कुंवर सिंह, उधम सिंह व करन सिंह अमित राजेश व भास्कर, चंद्र प्रकाश व दो अज्ञात पर पुरानी रंजिश को लेकर बीती रात्रि लगभग 11 बजे रिहायशी मड़हे में आग लगाने का आरोप पुलिस को दी गई तहरीर में लगाया है। उक्त का कहना है कि उसी मड़हे में एक तरफ पशु बांधा गया था और दूसरी तरफ उनके माता पिता रिहायशी सामान के पास चारपाई पर सोये हुए थे। अचानक विपक्षी के आग लगने से रिहायशी छप्पर में रखा सामान जलकर राख हो गया और मेरी मां भी जल गई। इसकी सूचना कोतवाली में लिखित प्रार्थना पत्र के जरिए दिया है। थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने बताया कि मामले में 9 नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## कंपोजिट विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**गौराबादशाहपुर।** धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय पंचहटिया में गुरुवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस वार्षिकोत्सव में विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

ब्लॉक क्षेत्र कंपोजिट विद्यालय पंचहटिया में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एबीएसए राजेश कुमार वैश्य रहे। विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने इस दौरान एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं को संबोधन संबोधित करते हुए एबीएसए राजेश कुमार वैश्य ने कहा कि वर्ष में एक बार ऐसे विद्यालय का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मनाने से विद्यालय के छात्र- छात्राओं का उत्साह वर्धन बढ़ता है तथा बच्चों के अभिभावकों में भी जिज्ञासा जगती है कि उनके बच्चे जिस विद्यालय में पढ़ रहे हैं वहां के शिक्षक बच्चों के लिए बेहतर सोच रख रहे। कार्यक्रम में एबीएसए ने विद्यालय के बच्चों के दस अभिभावकों को बेहतर सहयोग करने के लिए पुरस्कृत किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका अर्चना रानी, ममता श्रीवास्तव, कुलवंत कौर, अनुपमा, रेखा पाल, अनामिका यादव, कुसुम मौर्य आदि मौजूद रहे।



## बाइक से गिरकर महिला गंभीर रूप से घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बड़ागांव में बाइक से गिरने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से परिजन इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। क्षेत्र के छताई कला गांव निवासी 30 वर्षीय नेहा यादव पत्नी मिथलेश यादव गुरुवार को बाइक से बड़ागांव से घर आने के दौरान बाइक से अनियंत्रित होकर नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गयी। वहीं मिथलेश ने एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त महिला की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

## रात में सोते समय गायब मासूम तीन दिन बाद भी नहीं मिली

**फॉलोअप**

**पिता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, तलाश में जुटी**

जनसंदेश टाइम्स

**शाहगंज।** नगर के अयोध्या मार्ग स्थित दादर ओवर ब्रिज के पास रहने वाले आजमगढ़ निवासी परिवार की दो वर्षीय मासूम बच्ची तीन दिन बाद भी नहीं मिली। फिलहाल पिता की तहरीर पर बुधवार देर रात पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन में जुटी है।

मालूम रहे आजमगढ़ जनपद के सेमरी निवासी प्रमोद सोनी पत्नी व मासूम बच्ची नैना के साथ दादर ब्रिज के पास रहता है। कबाड़ बीनने का काम करने वाला परिवार सड़क किनारे तिरपाल डाल गुजर बसर करता है। सोमवार की रात बच्ची गायब हो गई। मंगलवार को ढूंढने के बाद बुधवार को कोतवाली पहुंचा जहां मदद करने की बजाय उसे डांटकर भगा दिया गया था। फिलहाल मामला बढ़ता देख पुलिस मुकदमा दर्ज कर खोजबीन में जुट गयी लेकिन अभी सफलता नहीं मिल सकी है। हिंद टाकीज समीप कबाड़ के दुकान के सामने झोपड़ी बनाकर रह रहे पति-पत्नी व पुत्री को बीते सोमवार की रात अचानक लापता होने पर पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बालिका को ढूढने का प्रयास कर रही है। इस बाबत कोतवाली निरीक्षक दिपेन्द्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर सरगर्मी से अबोध की तलाश की जा रही है।

## घर में घुसकर मनबढ़ों ने मचाया जमकर उत्पात

**अराजकता**

**मारपीट कर युवक को किया नंगा, वीडियो बनाकर किया वायरल, मुकदमा दर्ज**

**केराकत ।** क्षेत्र के बेलवरिया ग्राम निवासिनी मंजू पत्नी भरत ने गांव के मनबढ़ किस्म के लोगों पर आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत किया कि उनके घर में घुसकर मनबढ़ों ने तोड़फोड़ की और घर की देख रेख करने वाले युवक को नंगा करके मारापीटा और वीडियो बनाकर उसे वायरल भी कर दिया।जानकारी के अनुसार मंजू के पति भरत रोजी रोटी हेतु राजस्थान गये और मंजू का लड़का कानपुर रहता है। मंजू अपनी लड़की शालू के साथ अपने घर पर अकेली रहती है। मंजू के पति शहर बाहर रहते है उनकी अनुपस्थित में मंजू के घर की देखभाल व अन्य कार्य अजय यादव पुत्र चन्द्रशेखर निवासी ग्राम मनियरा थाना केराकत देखता रहता है। 14 फरवरी को मंजू जब घर पर थी तो अजय यादव के लड़के रितेश को किसी कार्य हेतु अपने घर पर बुलाया था। दिन में 12 बजे रितेश के साथ मंजू अपने मायके सहाबुद्दीनपुर गई और रितेश को कुछ दवा देकर अपने घर भेज दिया। जैसे ही रितेश मंजू के घर पर पहुंचा और दवा देकर अपने घर जाने लगा कि मंजू के गांव के ही करन, अलगू पुत्रगण अशोक व पाना उर्फ पवन पुत्र खेताऊ, राहुल पुत्र हित्तू मारने लगे व मारते हुए मंजू के घर के अन्दर ले गये। जब मंजू की बेटी शालू बचाने आयी तो शालू के साथ रितेश का अनरगल रिश्ता जोड़कर रितेश को नंगाकर मारापीटा और गाली देने लगे तथा उसका वीडियो बनाया। मंजू ने बताया की जब वह घर पर वापस आयी तो उन लोगों से पूछा तो उन लोगो नें धमकी देते हुए कहाकि अभी कम किये है आगे और नंगा कर देगें। लोकलाज की डर से पीड़ित परिवार ने थाने पर सूचना नहीं दी थी। मंजू ने बताया की जब उसे पता चला कि एक वीडियो अजय यादव के मोबाइल पर आया है। तभी मंजू थाना पहुंची और शिकायत दर्ज करायी जिसमें कोतवाली द्वारा सूचना प्राद्योगिकी के साथ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गयी।

### मनबढ़ों ने दो भाइयों को लाठी डंडे से पीटकर किया घायल

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के मैरादखान गांव में जमीनी विवाद को लेकर मनबढ़ों ने दो भाइयों पर लाठी डंडे से हमलाकर मारपीट कर घायल कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल भेजवाया। थाना क्षेत्र के मैरादखान गांव के राजेश यादव एवं दिनेश कुमार से काफी दिनों से जमीनी विवाद चल रहा है। गुरुवार को दोपहर में 11:30 बजे राजेश व उनके भाई महेंद्र दोनों एक दीवार के गिरे हुए मलबे को हटा रहे थे। उसी समय दिनेश, आशीष, बबिता आ गए और लाठी डंडे से हमला कर दिया। हमले से राजेश यादव (35) महेंद्र यादव (31) गंभीर रूप से घायल हो गए। जाते समय जान से मार देने की धमकी भी दी। दोनों भाइयों के सिर में और कंधे पर काफी चोट आई है। मारपीट की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी चोरसंड भेजवाया। थाना प्रभारी फूलचंद पांडेय ने बताया कि उक्त मामले में तहरीर मिलते ही आशीष गौतम, सविता, दिनेश और पूजा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही इन लोगों को गिरफ्तारकर लिया जाएगा।

## बसंती देवी आईटीआई में टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**शाहगंज।** बसंती देवी आईटीआई में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत टैबलेट वितरित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जौनपुर के जिलाध्यक्ष विवेक साधु तिवारी रहे। टैबलेट वितरण कर कहा कि शिक्षा में तकनीक का महत्व है। बगैर इसके देश प्रदेश समाज तेज गति से उत्थान नहीं कर सकता। विशिष्ट अतिथि भाजपा नगर मंडल महामंत्री देवी प्रसाद चौरसिया मंटू ने भी अपने उद्बोधन में छात्रों के उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि एवं पूर्व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने आज के परिवेश में टैबलेट, मोबाइल आदि के अच्छे व बुरे परिणाम पर चर्चा की। संस्थान के प्रबंधक डा. राजकुमार मिश्र ने अतिथियों का स्वागत किया और अपने उद्बोधन में छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान के कोषाध्यक्ष और सूर्या हॉस्पिटल निदेशक डा. सुधाकर मिश्र ने सरकार की टैबलेट वितरण योजना की सराहना करते हुए कहा कि इस योजना से प्रदेश के लाखों छात्र लाभान्वित हो रहे हैं। अंत में संस्थान के निदेशक दिवाकर मिश्र ने स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी और समस्त आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन विकास जायसवाल ने किया। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक इशनारायण मिश्र, सुनील तिवारी, राजेश यादव, सुरेंद्र प्रजापति, अजीम खान रतन भंडारी आदि मौजूद रहे।



## पारदर्शिता के लिए बना है आईटीआई : डॉ. राहुल

**संबोधन**

**पीयू में आरटीआई व जनहित गारंटी अधिनियम पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित**

जनसंदेश टाइम्स

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 एवं जनहित गारंटी अधिनियम 2011 पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को हुआ। कार्यशाला का आयोजन अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय की ओर से किया गया।

इसमें आरटीआई ऑनलाइन उत्तर प्रदेश के टीम हेड डॉ. राहुल सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि ने आरटीआई अधिनियम 2005 एवं जनहित गारंटी अधिनियम 2011 की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सूचना का अधिकार अधिनियम नागरिकों को सरकारी विभागों से जानकारी प्राप्त करने का अधिकार देता है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जनहित गारंटी अधिनियम 2011 के तहत नागरिकों को सरकारी सेवाओं की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने प्रतिभागियों को इन कानूनों का सही ढंग से उपयोग करने के तरीके बताए और कहा कि आरटीआई कैसे भ्रष्टाचार को रोकने में सहायक हो सकता है। उन्होंने कहा कि सूचना का मुख्य मकसद पारदर्शिता था।

सूचना ऑब्जेक्ट के रूप में है, सूचना वही मिलेगी जो भौतिक रूप में हो या उनके ऑफिस के रिकॉर्ड में हो। 250 देश में सूचना के अधिकार को लागू किया गया है। कार्यशाला में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि इसका उपयोग सकारात्मक होना चाहिए। इसके दुरुपयोग से संबंधित व्यक्ति और दफ्तरों की परेशानियां बढ़ती है। उन्होंने कहा कि आज आरटीआई की वजह से हर अधिकारी पारदर्शिता से काम कर रहा हैं। छात्र कल्याण प्रो. अजय द्विवेदी ने अध्यक्षीय उद्बबोधन में कहा कि आज आरटीआई की वजह से दफ्तरों की कार्यशैली में पारदर्शिता आई है। सूचनाओं को प्राप्त करने का यह अचूक हथियार है। कार्यक्रम का संचालन उद्देश्य सिंह ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलसचिव महेंद्र कुमार, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. राजकुमार, प्रो. प्रमोद कुमार यादव. डॉ. रसिकेश, डॉ. नृपेन्द्र सिंह, डॉ. अनुराग मिश्र, डॉ. आलोक गुप्ता, डॉ. पमेंद्र विक्रम सिंह, डॉ. आलोक दास, डॉ. प्रियंका सिंह आदि मौजूद थीं।



## विद्यालय के वार्षिकोत्सव में बच्चे पुरस्कृत, खिले चेहरे

**सुइथाकला।** गुरुवार को शिक्षा क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय रामनगर ने अपना वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया। इस दौरान विगत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को विद्यालय द्वारा पुरस्कृत करने का कार्य किया गया। पुरस्कार मिलते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे। विभागीय मंशा के अनुरूप शुक्रवार को उक्त विद्यालय ने अपना वार्षिकोत्सव मनाया। इसी के साथ ही शारदा संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर किया गया। तत्पश्चात बच्चियों द्वारा गणेश वंदना के माध्यम से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। स्वागत की कड़ी में बच्चों ने स्वागत गीत गाकर परिसर में आए हुए आगंतुकों का स्वागत वंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जहां बच्चों ने नृत्य, गायन भाषण और एकांकी के द्वारा अपना जलवा दिखा लोगों का मन मोहा। वहीं विद्यालय के गुरू जनों की देखरेख में विगत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दर्जन भर बच्चे और बच्चियों को पुरस्कृत करने का कार्य किया गया। अतिथियों के द्वारा उन्हें मेडल और ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार मिलते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम का समापन प्रभारी प्रधानाध्यापक देवेन्द्र कुमार सिंह के आभार ज्ञापन के साथ हुआ। इस दौरान मुन्नीलाल नाविक, संतोष यादव, अजय कुमार, अनिल कुमार, पूनम तिवारी, विद्या व रेणुका समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



## संक्षेप

### स्मार्टफोन व टैबलेट पाते ही खिले बच्चों के चेहरे

**सुजानगंज।** स्थानीय क्षेत्र के सरोज विद्याशंकर पीजी कॉलेज परिसर में गुरुवार को एमए फाइनल एवं स्नातक के बच्चों को स्मार्टफोन टैबलेट दिया गया जिसमें एमए के छात्र छात्राओं को 26 टैबलेट और बीए के छात्र छात्राओं को 30 स्मार्टफोन वितरित किया गया। स्मार्टफोन टैबलेट वितरण कार्यक्रम में कालेज के संस्थापक/प्रबंधक विद्याशंकर तिवारी ने अपने संबोधन में बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्नातक स्नातकोत्तर अध्यनरत छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन एवं टैबलेट फोन वितरित कर उच्च शिक्षा ग्रहण करने में सहयोग करने का काम कर रही है। वह बहुत ही सराहनीय कदम है। कुछ माता-पिता अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलवाना चाहते हैं लेकिन उनकी आर्थिक स्थिति ठीक न होने पर असमर्थ हो जाते हैं। उन्होंने बच्चों से विशेष अपील करते हुए आगे बताया कि इस फोन की सहायता से अच्छी शिक्षा ग्रहण कर माता-पिता के सपनों को साकार किया जा सकता है। अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल वहीं होंगे, जो अपनी चुनौती को स्वीकार कर कड़ी मेहनत करके सफल हो सकते हैं। इस अवसर पर प्राचार्य डा. पूनम सिंह, राजबहादुर यादव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, अनुपम द्विवेदी, अरविंद मिश्रा, शिवनारायण शर्मा, सुभाषचंद्र मोदनवाल, यादवेन्द्र विक्रम सिंह, गौरी शंकर पटेल, रेशमा यादव, सरस्वती तिवारी, रमेशचंद्र यादव, अनुज पाल सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### कॉलेज के प्रबंधक की 18वी पुण्यतिथि मनाई गई

**सिकरारा।** स्थानीय क्षेत्र स्थित बैजनाथ यादव इन्टर कालेज जमालपुर मदारपुर के परिसर में कालेज के संस्थापक/प्रबंधक स्वर्गीय बैजनाथ यादव की 18वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी करन्जाकला पवन कुमार प्रजापति एवं विशिष्ट अतिथि डा. प्रमोद कुमार सिंह अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य सहकारी इण्टर कालेज मेहरावा, डा. राजेन्द्र प्रसाद विश्वकर्मा अध्यक्ष मानवाधिकार सगंठन पचोखर द्वारा स्वर्गीय प्रबंधक की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धाजंलि दी। इस मौके पर वक्ताओं ने प्रबंधक के जीवन पर प्रकाश डाला। डा. प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि स्वर्गीय प्रबंधक पेशे से एक शिक्षक थे। समाज को शिक्षित करना उनका मुख्य उद्देश्य था। इसी को ध्यान में रखकर उनके द्वारा इस क्षेत्र में बिद्यालय की स्थापना की गयी। उन्होने आगे कहा कि कुछ व्यक्ति जन्म से महान होते है, और कुछ कर्म से महान होते है। स्वर्गीय बैजनाथ यादव जी कर्म से महान व्यक्ति थे। इस अवसर पर बिद्यालय परिवार की तरफ से आये हुए सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह तथा अगवस्त्रम देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजकुमार यादव नेता जी, राम मुरत यादव, पचंम राम यादव, दयाराम यादव, जयप्रकाश यादव आदि उपस्थित रहे। स्वर्गीय प्रबंधक के परिवार से पुत्रबधू ईन्द्रकला यादव तथा पुत्र कृष्ण मोहन यादव तथा बहू सुनीता यादव द्वारा आये हुए सभी अतिथिगण का आभार प्रकट किया। संचालन डा. राम कृष्ण यादव द्वारा किया गया।

### बाइक सवार युवक घायल

**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र के पट्टीनरेंद्रपुर सरपतहां मार्ग पर बरबसपुर के पास गुरुवार को बाइक सवार दो युवक गिरकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस द्वारा उन्हें स्थानीय सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के महमूदपुर निवासी सूरज 25 वर्ष पुत्र विनय और सचिन 24 वर्ष पुत्र रामसहाय बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। क्षेत्र के बरबसपुर गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़ी, जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस द्वारा घायलों को स्थानीय सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे नगर पंचायत ईओ और अध्यक्ष प्रतिनिधि

**बदलापुर।** नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले सरोखनपुर फोरलेन पर बुधवार की बीती रात्रि हुए दो अलग-अलग भीषण सड़क हादसों में बस सवार 8 श्रद्धालुओं की मौत व करीब तीन दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए थे। उक्त श्रद्धालुओं के साथ जा रही अन्य बस सवार श्रद्धालुओं को नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सिंह के प्रतिनिधि बैभव सिंह तथा अधिशासी अधिकारी अरबिंद सिंह द्वारा सभी को सीएचसी के पास रैन बसेरा में रोक कर उनके लिए दवा इलाज व चाय, नाश्ता, फल तथा लंच की निशुल्क समुचित व्यवस्था करवाया गया।

### प्रबंधक व अभियंता पर जानलेवा हमला, बाल-बाल बचे

**जौनपुर।** नगर के कुत्तुपुर रेलवे क्रासिंग के समीप अज्ञात लोगों ने मोंटी कार्लो कंपनी के प्रबंधक व अभियंता पर जानलेवा हमला कर दिया। दोनों अधिकारी तो बाल बाल बच गए लेकिन हमलावरों ने ईंट पत्थर से वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रबंधक ने अज्ञात लोगों के विरूद्ध लाइन बाजार थाने में तहरीर देने के साथ गुरुवार को जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है। बताया जाता है कि जिले में कंपनी द्वारा गत 2 साल से विद्युत से सम्बन्धित कार्य किया जा रहा है। कंपनी प्रबंधक जसवीर सिंह अभियंता के साथ बोलेरो से शाहगंज स्थित साइट से कार्यालय लौट रहे थे। मंगलवार की शाम लगभग 7.30 बजे कुत्तूपुर रेलवे क्रासिंग के पास जैसे पहुंचे अज्ञात लोगों ने चारों तरफ से हमला बोल दिया। वे लोग वाहन पर ईंट पत्थर फेंकने लगे। हमले में अधिकारी तो किसी तरह बच गए लेकिन वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। प्रबंधक ने बताया की हमलावरों ने क्यों हमला किया कारण नहीं पता नहीं है।

### मोबाइल को लेकर मां ने लगाई फटकार तो बेटी घर छोड़ पहुंच गई दिल्ली

**सुइथाकलां।** मोबाईल चलाने को लेकर नाबालिग बेटी को मां का डांटना इस तरह नागवार लगा कि वह घर छोड़ दिल्ली पहुंच गयी। जहां गलती का एहसास होने पर किसी से फोन कराकर खुद को पुराने दिल्ली स्टेशन के पास होने की खबर परिजन को दी। मामले में मां का रो रोकर बुरा हाल है लेकिन जानकारी होने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली। मामला थाना क्षेत्र में अरसिया डिहवा का है जहां परिषदीय स्कूल के कक्षा 6 में पढ़ने वाली बेटी से मोबाइल बिगड़ गई, जिसपर उसकी मां ने डांट लगा दी। मां का डांटना उसको इस कदर नागवार लगा कि वह बुधवार दोपहर घर छोड़ने का फैसला लेते हुए घर से निकल गई। इधर परिजन बेटी की खोज में हर संभावित जगहों पर तलाश शुरू कर दिए। मां का तो रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बहरहाल दूसरे दिन गुरुवार को उसके पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास होने की सूचना मिली तब जाकर परिजनों ने राहत की सांस ली। परिजनों की सूचना पर दिल्ली में रह रहे एक रिश्तेदार मौके पर पहुंच उसे अपने साथ ले गए। उसका इस कदर घर छोड़ कर दिल्ली पहुंच जाना लोगों को हतप्रभ कर गया। घटना को लेकर लोग दांतों तले उंगली दबा रहे हैं।

# सात सूत्री मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने किया प्रदर्शन




**भदोही।** औद्योगिक विकास प्राधिकरण का मास्टर प्लान 2041 को रदद करने की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा भदोही ने बीडा कार्यालय पर प्रदर्शन किया व सात सूत्रीय मांगों का ज्ञानपुर सीईओ बीड़ा के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।

राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में संयुक्त किसान मोर्चा ने बताया कि भदोही जिला पूर्व में एक तहसील का जिला है, ज्ञानपुर के बाद भदोही, औराई, तहसील बनायी गयी है। जिले की आबादी अत्यन्त सधन है।एक किलोमीटर के दायरे में 3-4 गाँव आते है। छोटे-छोटे किसान है, यदि उनका बंटवारा कर दिया जाय तो बीघा बिस्वा में बदल जायेगा। भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा चारो तरफ परिधि में 340 गाँव का भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही शुरू की जा रही है। इस प्रक्रिया में भूमि अधिग्रहण भूमि अर्जन पुर्नवासन पुर्नव्यवस्थापन का कत्तई पालन नहीं किया जा रहा है। 346 गाँवों में गैर कानूनी तरीके से 2 प्रतिशत रजिस्ट्री शुल्क वसूला जा रहा है। संयुक्त किसान मोर्चा ने महायोजना रद्द करने की माँग की है, ताकि आम गरीब किसान, मजदूर छोटे-छोटे व्यापारी इत्यादि को राहत निहल सके। इस अवसर पर इंद्रदेव पाल, रामजीत यादव, केशव प्रसाद, भूलाल पाल, प्रेम बहादुर, चिंतामणि, घनश्याम गौतम ,बनारसी सोनकर आदि बहुत से लोग मौजूद रहें।

## निजीकरण का विरोध रहेगा जारी : इं ज्योति प्रकाश




**भदोही।** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन उत्तर प्रदेश के केन्द्रीय कार्यकारणी के आह्वान पर पूर्वांचल विद्युत वितरण व दक्षिणांचल विद्युत वितरण के निजीकरण के विरोध मे बुधवार को भी कार्यालय अधीक्षण अभियंता पर जारी रहा।

शाम पांच बजे से छः बजे तक विद्युत कर्मियों ने एक घण्टे का विरोध प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के दौरान अपनी मांगों के समर्थन में बोलते हुए इं सुजीत पटेल ने कहा कि निजीकरण किसी भी हाल मे स्वीकार नही किया जाये। इंजीनियर मनोज कुमार यादव व इंजीनियर सुजीत पटेल ने बताया कि निजीकरण के विरोध मे जनपद भदोही का एक-एक सदस्य पूरे तन-मन से तैयार है तथा प्रबन्धन की गलत नीतियों का पुरजोर विरोध किया जायेगा। उन्होंने कहा कि निजीकरण किसी के हित मे नही है, चाहे व कर्मचारी हो या उपभोक्ता। धरना प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष इंजीनियर विनोद प्रजापति, ईश्वर सरन सिंह, ब्रम्हदत्त पटेल, प्रमोद चौहान, पच्चम राम, शैलेन्द्र मौर्या, मनोज कुमार, इत्यादि जनपद के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

## खड़ी कंटेनर में घुसी श्रद्धालुओं से भरी कार, एक की घटनास्थल पर ही मौत



**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के गिराई स्थित राजमार्ग पर खड़ी कंटेनर में कर्नाटक से प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने जा रहे क्रिया कार पीछे से जा भिड़ी जिसमे कार सवार नितेश 35 की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, वही गाड़ी में सवार पुष्पलता 53, शकुंतला 50, हेमंत कुमार 25 गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हे जिला अस्पताल ज्ञानपुर को रेफर किया गया।

बताया जाता है कि मैसूर निवासी परिवार प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने जा रहे थे, जैसे ही थाना गोपीगंज के गिराई स्थित राजमार्ग के पास पहुंचे ही थे कि पहले से रोड पर खड़ी कंटेनर में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे नितेश की मौके पर ही मौत हो गई वही अन्य गाड़ी सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हे स्थानीय सीएचसी गोपीगंज में भर्ती कराया गया। जहां से दो महिलाओं को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे कोतवाल श्याम बिहारी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। दुर्घटना के बाद जाम लगे रास्ते को गाड़ियां हटवाकर रास्ते को सुचारू कराया। बताते चले कि संभवतः ड्राइवर को झपकी लगी हुई होगी जिससे यह घटना हुई है।

## दूसरी बार बसपा के जिलाध्यक्ष बने शिव नारायण

**ज्ञानपुर।** पंचायत चुनाव से पहले बसपा ने एक बार फिर संगठन में बदलाव किया है। पार्टी की सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के निर्देश पर औराई के त्रिलोकपुर निवासी शिव नारायण गौतम को जिलाध्यक्ष बनाया है। यह इनकी दूसरी पारी होगी। इसके पूर्व 2022 में जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। एक साल पूर्व उनके स्थान पर जेपी चौधरी को जिलाध्यक्ष की कमान दी गई थी। शिव नारायण इसके पूर्व मिजार्पुर मंडल के अध्यक्ष रहे। उन्होंने बताया कि वह वर्ष 2000 से पार्टी का सक्रिय सदस्य रहा हूं। औराई विधानसभा अध्यक्ष समेत संगठन में कई पदों पर रहते हुए पार्टी की सेवा किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसका ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। जिलाध्यक्ष बनने पर कई स्थानों पर कार्यकर्ताओ और पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस मौके पर रामलाल पाल, सूबेदार पाल, राजकुमार पाल, संतोष, जटाशंकर, कोमल आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने 22 मुकदमों का स्थलीय निरीक्षण कर किया निर्णय

जनसंदेश न्यूज



**भदोही।** न्यायालय आपके द्वार' अभियान के क्रम में गुरुवार को जिला मजिस्ट्रेट विशाल सिंह ने शुचिता पूर्ण निस्तारण हेतु स्थलीय निरीक्षण किया, जिससे विवादित प्रकरण के संबंध में पूरी जानकारी प्राप्त कर त्वरित निस्तारण किया जा सके। इसी क्रम में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा तहसील ज्ञानपुर के कनकपुर, पूरेगड़ेरियाँ, संसारापुर, सोनैचा, भिदिउरा, अकोढ़ा व अन्य मौजा में कुछ पट्टा की भूमि, कृषि व आवासीय आवंटन, भूमि पर अतिक्रमण से संबंधित कुल 22 मुकदमों का, तहसीलदार अजय सिंह, राजस्व टीम के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया।

जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अपने न्यायालय डायस पर सुनवाई के दौरान विद्वान अधिवक्ताओं एवं प्रभावित पक्षकारों के अनुरोध पर शुचिता पूर्ण निस्तारण हेतु स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिससे कि विवादित प्रकरण के संबंध में राजस्व टीम व दोनों पक्षकार, ग्राम प्रधान व अन्य की मौजूदगी में सभी बिंदुओं पर सम्यक सुनवाई व विचारोंपरांत त्वरित निस्तारण किया जा सके। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि संबंधित न्यायालय में लंबित व विवादित प्रकरणों के संबंध में न्यायालय आपके द्वार के क्रम में स्थलीय निरीक्षण व सुनवाई करते हुए त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

## संक्षेप

### शादी में शामिल होने बनारस से आई महिला का बैग गायब

**गोपीगंज।** नगर के मिजार्पुर रोड स्थित एक लान में शादी मे शामिल होने वाराणसी से भदोही आई महिला का बैग गायब हो गया। बैग मे सोने के गहने व पचास हजार नकद रखा गया था। महिला के देवर की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा कायम कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। लालपुर पांडेयपुर निवासी सनी जायसवाल ने थाने में तहरीर देकर अवगत कराया कि बुधवार की रात लान मे आयोजित समारोह में शामिल होने के लिए परिवार के साथ आया था। देर रात उनकी भाभी का बैग जिसमें सोने की चार अंगूठी, टप्स व पचास हजार नकद रखा गया था, गायब हो गया। उनकी तहरीर पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुकदमा कायम कर लिया।

### आज सात घण्टे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**भदोही।** आरडीएसएस के अंतर्गत 132 केवी फत्तूपुर से निकलने वाले 33 केवी सुरियावां फीडर पर मिड स्पिन पोल लगाने एवं तार बदलने का कार्य किया जाएगा। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता आरबी शर्मा ने बताया कि कार्य होने की वजह से सब स्टेशन सुरियावां, मोढ़, करियांव उपकेंद्र में शुक्रवार दस बजे से शाम पाँच बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अवर अभियंता प्रमोद चौहान ने बताया कि सब स्टेशन फत्तूपुर 33/11 केवी एस/एस फत्तूपुर से पोषित 11 केवी मर्यादपट्टी फीडर का आईटीआई सेक्शन व ईस्टर्न फीडर में आरडीएसएस योजना के अंतर्गत जर्जर तार व पोल का कार्य शुक्रवार 21 फरवरी को प्रातः दस बजे से सांय पांच बजे तक किया जाना है। अवर अभियंता ने बताया कि शुक्रवार को मर्यादपट्टी फीडर व ईस्टर्न फीडर में जर्जर तार व पोल का कार्य होना है जिस कारण प्रातः दस बजे से सायं पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### उपचुनाव में वोटों की गिनती आज, चार टेबल पर होगी गणना

**ज्ञानपुर।** 19 फरवरी को मतदान के बाद प्रधानी की तीन सीटों और बीडीसी की एक सीट पर प्रत्याशियों की किस्मत बैलेट बाक्स में कैद हो गई। शुक्रवार को सुबह सात बजे से ब्लॉकों पर मतगणना शुरू हो जाएगी। चार टेबलों पर 16 कर्मचारी मतगणना करेंगे। सुरक्षा के मद्देनजर ब्लॉकों पर बैरिकेडिंग की गई है। ज्ञानपुर विकास खंड के बनकट छनौरा, डीघ के बनकट उपरवार और औराई के सराय बाबू में प्रधानी का चुनाव लड़ा गया, जबकि सुरियावां के वार्ड 41 से बीडीसी के लिए दो प्रत्याशी आमने-सामने रहे। मतगणना के बाद आज उम्मीदवारों के किस्मत का फैसला हो जाएगा कि किसको जीत का ताज मिलेगा। सहायक निर्वाचन अधिकारी पंचस्थानीय डीएस शुक्ला ने कहा कि मतगणना की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। शुक्रवार को सुबह आठ बजे से ब्लॉकों पर मतगणना होगी। उन्होंने बताया कि एक-एक पार्टी ब्लॉकों पर मतगणना के लिए लगाई गई है। इसमें एक पर्यवेक्षक, तीन गणना सहायक शामिल हैं। मतगणना की वीडियोग्राफी भी होगी। कहा कि दोपहर 12 बजे तक सभी ग्राम पंचायतों का फैसला आ जाएगा। पंचस्थानीय उपचुनाव में किसके सिर पर जीत का ताज सजेगा, इसका फैसला आज हो जाएगा। शुक्रवार को सुबह आठ बजे से ब्लॉकों पर मतगणना शुरू हो जाएगी। दोपहर तक विजेताओं के नाम सामने आने लगेंगे। चार टेबलों पर प्रधानी, बीडीसी को मिले मतों की मतगणना होगी। इसके लिए एक-एक पर्यवेक्षक और तीन-तीन मतगणना सहायक समेत कुल 16 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### धरना देकर अपना दल (क) ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**भदोही।** शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर जातीय जनगणना की मांग सहित तीन सूत्रीय




मांगों को लेकर गुरुवार को अपना दल कमेरावादी ने जिलाध्यक्ष जितेंद्र पटेल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया व जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। एकदिवसीय धरना देकर अपना दल कमेरावादी ने माँग किया कि देश में जातिवार जनगणना तत्काल कराई जाये। नियुक्तियों में पारदर्शिता एवं भ्रष्टाचार पर रोक लगाया जाये। राजकीय इण्टर कालेज महराजगंज में परिचारक के पद पर कार्यरत हीरालाल पटेल की निर्मम हत्या का अतिशीघ्र खुलासा किया जाए एवं उनके परिवार को 25 लाख रुपए आर्थिक मदद के साथ परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाये। इस मौके पर सीडी मिश्रा, शिवम जायसवाल, मानस पाठक, मोनू दुबे, विपिन यादव, आशीष सोनकर, पवन यादव, अजीत यादव आदि लोग मौजूद रहें।

# प्रदेश को राष्ट्रीय और वैश्विक निवेश का केंद्र बनाने की दिशा में मजबूत कदम है बजट : पुष्पराज

**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी जौनपुर के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने उत्तर प्रदेश के बजट पर खुशी व्यक्त करते हुये कहा कि यह प्रदेश के आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने बताया कि यह बजट वर्ष पिछले बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है, जिससे राज्य की आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी यह बजट प्रदेश की आर्थिक मजबूती, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना है। योगी सरकार के इस मेगा बजट में अवस्थापना विकास के लिए 22 प्रतिशत, शिक्षा के लिए 13 प्रतिशत, कृषि और सम्बद्ध सेवाओं के लिए 11 प्रतिशत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में 6 प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए 4 प्रतिशत एवं संसाधन आवंटित किये गये हैं। बजट में पूँजीगत परिव्यय कुल बजट का लगभग 20.5 प्रतिशत है। प्रदेश में बुनियादी ढांचे और इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने बजट का 22 प्रतिशत हिस्सा निर्धारित किया है। इसमें सड़क निर्माण, औद्योगिक विस्तार, परिवहन व्यवस्था और निवेश को आकर्षित करने जैसी योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है। शिक्षा को और मजबूत बनाने के लिए 13 प्रतिशत बजट शिक्षा क्षेत्र के लिए निर्धारित किया है। इसमें प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लासेस स्थापित करने का प्रस्ताव है। साथ ही राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेजों में डिजिटल लाइब्रेरी और स्मार्ट क्लासेस शुरू करने की योजना भी शामिल है। इसके अलावा प्रदेश में शोध और विकास को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं बजट में प्रस्तावित हैं। उत्तर प्रदेश को तकनीकी हब बनाने के लिए योगी सरकार ने कई नई योजनाएं शुरू करने का प्रस्ताव बजट के जरिए पेश किया है। इसमें 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी' की स्थापना की जाएगी, जिससे प्रदेश को तकनीकी नवाचार का केंद्र बनाया जाएगा।


पुष्पराज सिंह

जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह ने बजट को अंत्योदय बजट कि संज्ञा देते हुये कहा कि यह प्रदेश के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए बजट है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश सरकार ने विज्ञान और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसमें साइंस सिटी, विज्ञान पार्क और नक्षत्रशालाओं की स्थापना और पुराने संस्थानों के नवीनीकरण की कार्ययोजना शामिल है। छात्रों के लिए आधुनिक वैज्ञानिक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। 58 नगर निकायों को 'आदर्श स्मार्ट नगर निकाय' के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें प्रत्येक नगर निकाय को 2.50 करोड़ रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी, इन शहरों में आधुनिक सुविधाएँ, तकनीकी नवाचार और स्वच्छता प्रबंधन को प्राथमिकता दी जाएगी जिला मुख्यालयों में श्रमिक अड्डे बनाए जाएंगे। इनमें कैंटीन, पीने का पानी, स्नानागार और शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी यह बजट राज्य के विकास, तकनीकी उन्नति, शिक्षा सुधार, गरीबों के कल्याण और बुनियादी ढांचे के विस्तार को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश आधुनिकता, नवाचार और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहा है।

## जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने परीक्षाओं का लिया जायजा



**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद की सेकेंडरी अरबी/फारसी परीक्षाओं का निरीक्षण किया गया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अनीता कुमारी ने मदरसा फैजानुल उलूम और रियाजुल उलूम मछलीशहर का दौरा किया।

अधिकारी ने दोनों मदरसों में सीसीटीवी कैमरे और कंट्रोल रूम की व्यवस्था की जांच की। साथ ही परीक्षार्थियों की उपस्थिति का विवरण भी लिया। मदरसा रियाजुल उलूम में कुल 133 परीक्षार्थियों में से 100 छात्र उपस्थित और 33 अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान स्टेटिक मजिस्ट्रेट शिल्पा तिवारी और राजेंद्र कुमार, ड्यूटी नोडल अधिकारी मोहम्मद जावेद, मोहम्मद इस्माइल, नेहाल अहमद मौजूद रहे।

केंद्र व्यवस्थापक मौलाना असलम और प्रधानाचार्य महजबी बेगम के साथ अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक आलमगीर की देखरेख में परीक्षाएं संपन्न हुईं। अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने मदरसों की व्यवस्था को देखकर सराहना की। मौके पर हाजी इमरान खान, रिजवान अहमद, फैजान, मौजूद रहे।

# भाजपा पिछड़े, अल्पसंख्यकों और दलितों के खिलाफ : राजेन्द्र




जनसंदेश न्यूज

**मुंगराबादशाहपुर।** प्रदेश व देश की भाजपा सरकार पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यकों खिलाफ है। इनकी एकता को देखकर भाजपा घबरा गई हैं। पीडीए के दम पर समाजवादी पार्टी 2027 विधानसभा चुनाव में प्रदेश से भाजपा का सूपड़ा साफ करेगी। उक्त बातें पकड़ी में लगे पीडीए जन पंचायत चौपाल में महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र बहादुर ने मुख्य अतिथि बतौर कहीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पहले शिक्षामित्र की नौकरी छीनी और अब बिजली कर्मचारियों को निजीकरण के जरिए सम्मान से जीने का अधिकार छेड़ने पर आमादा है। सपा युवा नेता शैलेंद्र साहू ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान बनकर दबे कुचले और शोषित वर्ग को तरक्की का मौका दिया।

नकारात्मक और प्रभुत्ववादी सोच पर पाबंदी लगाई। इसी से बौखलाए लोग समय-समय पर बाबा साहब का अपमान करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। वक्ताओं में जिला कोषाध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव, राम इकबाल यादव, राहुल यादव, रामलाल पाल, तमजीद असरफ, फरहान, अनुपम पटेल व विवेक यादव ने पीडीए नित को जन जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा प्रदेश सदस्य रामलाल पाल व संचालक नगर अध्यक्ष तमजीद असरफ ने किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष राम इकबाल यादव, सभासद नीलू पटेल, शैलेंद्र साहू, रामसनेही यादव, चेता साईं, अनिल यादव, अनुपम, पीपी गुप्ता, सुनील गौतम, निशु केसरी, नवाज खान व धीरज यादव आदि लोग मौजूद रहे।

बैठक

**पीडीए की एकता को देखकर घबरा गई है भाजपा**

## अधिवक्ता संशोधन विधेयक पर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने दर्ज कराई आपत्ति



**ज्ञानपुर।** केन्द्र सरकार के अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 के प्रारूप पर 28 फरवरी तक आपत्ति आमंत्रित किया गया है। सरकार के प्रस्तावित प्रस्ताव पर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन भदोही के अधिवक्ताओं ने आपत्ति जताई हैं।

भदोही जनपद के अधिवक्ताओं की ओर से डिबाए के अध्यक्ष प्रभाकर तिवारी व महासचिव दीपक पांडेय ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि प्रस्तावित संशोधन विधेयक संविधान में दिये गये मौलिक अधिकारों, स्वतंत्रता के अधिकारों को समाप्त कर रहा है। यहां यह उल्लेखनीय है कि, भारत देश के आजादी से अब तक अधिवक्ताओं की महत्वूपर्ण भूमिका रही है। समाज के लिए सबसे कमजोर व्यक्तियों को न्याय दिलाने के लिए अधिवक्ता समाज तैयार रहता है। अधिवक्ताओं के बिना समाज में न्याय सम्भव नही है। प्रस्तावित संशोधन के द्वारा अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रस्तावित संशोधन किसी रूप में स्वीकार नही है। अधिवक्ताओं में इसको लेकर काफी आक्रोश है। प्रस्तावित धारा-33ए अधिवक्ताओं को एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाकर वकालत करने से रोकने का प्रयास है। प्रस्तावित धारा-35 के द्वारा अधिवक्ताओं की आवाज को दबाने का प्रयास है। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री को लिखित ज्ञापन भेज कर आपत्ति दर्ज कराई हैं।

## जीप में पीछे से भिड़ी कार, महिला सहित 3 घायल

**गोपीगंज।** नगर के ओवर ब्रिज के ऊपर जीप में पीछे से ग्रैंड आई टेन कार की भिड़ंत हो गई, जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बारे में बताया जाता है कि मूल रूप से पारा विरनो गाजीपुर निवासी वर्तमान पता गोईठहा पांडेयपुर वाराणसी ममता राय 50 पत्नी संतोष राय, हृदय नारायण राय 75 वर्ष, शशांक राय 25 वर्ष पुत्र संतोष राय तथा संतोष राय 53 वर्ष अपने कार से प्रयागराज स्नान करके वापस वाराणसी की तरफ लौट रहे थे, जैसे ही कार ओवर ब्रिज के ऊपर पहुंची, इस दौरान आगे जा रही फोर्स जीप में पीछे से जाकर जोरदार ढंग से भीड़ गई। इस दौरान कार सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से ममता राय तथा उनके पति संतोष राय को जिला अस्पताल ज्ञानपुर के लिए रेफर किया गया। मौके पर पहुची पुलिस ने दोनो दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया।

# ब्लॉक स्तरीय 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जनसंदेश टाइम्स




**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र के प्रांगण में नोडल अध्यापकों एवं आंगनवाड़ी की ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अविनाश सिंह द्वारा किया गया।

बतौर मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आंगनवाड़ी सुपरवाइजर पूरे कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इस दौरान कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय सटवां की बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। परिषदीय विद्यालयों एवं बाल वाटिका हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में एआरपी गोरखनाथ मौर्य, जयप्रकाश मौर्य, उपेंद्र सिंह एवं जीत लाल बिंद द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा विकासखंड में संचालित विभिन्न विभागीय योजनाएं की भी जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि द्वारा विकासखंड में बेसिक शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों की सराहना करते हुए सुझाव दिया गया कि सभी अध्यापक टीम भावना के साथ कार्य करते हुए अधिक से अधिक बच्चों एवं अभिभावकों को परिषदीय विद्यालयों से जोड़ने का कार्य करें। इस दौरान संजय मिश्र के कार्यों का उदाहरण बताते हुए शिक्षा और शिक्षण में बेहतरी कर सरकार की मंशा को पूर्ण कर निपुण विद्यालय बनाने का प्रयत्न करते रहें जिससे हमारा प्रदेश निपुण प्रदेश बन सके। इसके लिए हम पूरा सहयोग करने हेतु तैयार हैं। इस मौके पर पुरस्कार स्वरूप 60 बच्चों को स्टेशनरी किट प्रदान की गई। अंत में आए हुए समस्त अतिथियों को खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# ये भीड़ शिवरात्रि के बाद भी जमी रहेगी?


गोदौलिया से गिरजाघर पर लगी श्रद्धालुओं की भीड़


मैदागिन पर श्रद्धालुओं की लगी लाइन

**लग तो यही रहा**

### भक्तों का रेला इसी ओर कर रहा इशारा, बाबा के दर्शन को आने वाले कम नहीं हो रहे

**वाराणसी।** बाबा विश्वनाथ धाम आने वाले भक्तों की भीड़ कम नहीं हो रही है। फिलहाल जो संकेत दिख रहे हैं वो इशारा कर रहे कि शिवरात्रि के बाद भी भक्त बाबा के दर्शन को आते रहेंगे। हालांकि प्रयागराज के डीएम ने इन अफवाहों का खंडन किया है कि 26 फरवरी के बाद वक्त बढ़ाया जाएगा। उनका कहना था कि शिवरात्रि के बाद मेला खत्म हो जाएगा। वैसे जो संकेत हैं वो बता रहे हैं कि भीड़ इतनी है कि सभी दर्शन नहीं कर पाएंगे और प्रयागराज में स्नान नहीं कर पाने की स्थिति में वो 26 के बाद भी आना जारी रखेंगे। बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के लिए लोगों की भीड़ लगी है। बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी हुई है।, कतार में लगे भक्त कर रहे अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। भक्त कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं और दरबार में हाजिरी लगाकर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। भक्तों की भीड़ का आलम ये हैं कि गोदौलिया से बांसफाटक तक भक्तों का रेला चल रहा था। हर ओर भीड़ और हर हर महादेव के उद्घोष के साथ भक्त आगे बढ़ रहे थे। बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की मैदागिन तक लंबी करारें लगी हुई थी। लोग बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के लिए लाइन में लगे हुए थे। मंदिर के बाहर भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। कतार में लगे लोग अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। दर्शनार्थियों के आने को लेकर कहा जा रहा है कि यह भीड़ महाशिवरात्रि तक रहेगी। प्रशासन भी इसमें लगा हुआ है। आस्थावानों का कहना है कि प्रयागराज के डीएम ने स्पष्ट रूप से कहा है कि 26 फरवरी महाशिवरात्रि को महाकुंभ समाप्त हो जायेगा। लेकिन आस्थावानों का कहना है कि उनसे मेले से कुछ लेना देना नहीं है। दर्शनार्थियों के आने को लेकर कहा जा रहा है कि यह भीड़ महाशिवरात्रि तक इसी तरह जारी रहेगा। काशी विश्वनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर 10 लाख से ज्यादा भक्तों के आने का अनुमान है। इसके लिए व्यवस्था की जा रही है। महाशिवरात्रि पर 26 फरवरी को काशी विश्वनाथ के कपाट रातभर खुले रहेंगे। बाबा विश्वनाथ लगातार 32 घंटे भक्तों को दर्शन देंगे।


हाथ में माइक लेकर ट्रेन के बारे में जानकारी देता रेलवे कर्मी


ट्रेन पर चढ़ते यात्री

# दिल्ली में सरकार बनने पर महिला मोर्चा ने मनाया जश्न

**वाराणसी।** दिल्ली में भाजपा सरकार बनने और महिला को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जश्न मनाया। गुलाब बाग स्थित पार्टी कार्यालय पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और पीएम मोदी के नेतृत्व की सराहना की। क्षेत्र अध्यक्ष नम्रता चौरसिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा गुप्ता दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाकर नारी शक्ति का सम्मान किया है। पूर्व की सरकारों ने महिलाओं के सशक्तीकरण के नाम पर केवल राजनीति की, लेकिन मोदी सरकार ने देश की 50 प्रतिशत आबादी को वास्तविक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया। महानगर अध्यक्ष कुसुम पटेल ने कहा कि पीएम मोदी ने देश की सर्वोच्च संवैधानिक संस्थाओं में महिलाओं को प्रतिनिधित्व देकर यह साबित किया है कि महिला उत्थान केवल एक नारा नहीं, बल्कि उनकी सरकार की प्राथमिकता है। इस जश्न में पूजा पांडेय, सुषमा सिंह, चंद्रकला देवी, सरोज देवी, विनीता सिंह, ज्योत्सना त्रिपाठी, सोनम मौर्या, विभा सिंह, सीमा शर्मा, अनीशा शाही आदि शामिल रहीं।



# वंचितों के विकास का है प्रदेश सरकार का बजट

**बोले रामगोपाल मोहले**

### बजट में किये गये प्रावधानों से जनता की उम्मीदों को लग गए पंख

**वाराणसी।** पूर्व महापौर रामगोपाल मोहले ने प्रदेश सरकार के बजट को वंचितों के विकास का बजट बताते हुए कहा कि तरक्की के नए पायदानों को तय करता हुआ उत्तर प्रदेश आज देश में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। वर्ष 2025-26 के बजट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सनातनी सोच को दर्शाता है, जिसमें 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की अवधारणा के अनुरूप गरीब, अन्नदाता किसान, युवा और महिला उत्थान का मजबूत संकल्प व योजना परिलक्षित है। शोषित, पीड़ित व वंचित तबके को वरीयता इस बजट का केंद्रीय भाव है।उन्होंने कहा कि इस बजट से प्रदेश का सर्वांगीण विकास होगा। साथ ही यह भी कहा कि बजट से विपक्षी पार्टियां बौखला कर अनर्गल प्रतिक्रिया व्यक्त कर रही है, जबकि राज्य की जनता न सिर्फ बजट की मुक्त कंठ से सराहना कर रही है, बल्कि उसके प्रावधानों के लिये प्रस्तावित धनराशि से उसकी उम्मीदों को पंख लग गए हैं। बजट में ऊर्जा क्षेत्र के लिये 61,070 करोड़ रुपये, सिंचाई के लिये 21,340 करोड़, भारी एवं मध्यम उद्योग के लिये लगभग 24 हजार करोड़ रुपये, नगर विकास के लिये 25,308 करोड़, आवास एवं शहरी नियोजन के लिये 7,403 करोड़ और नागरिक उड्डयन के लिये 3,152 करोड़ रुपये प्रस्तावित है।

# यूपी सरकार के ऐतिहासिक बजट की भाजपा नेताओं ने की सराहना

**वाराणसी।** भाजपा नेताओं ने यूपी सरकार के ऐतिहासिक बजट की सराहना की और इसे प्रदेश के आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा कि यह बजट प्रदेश के 25 करोड़ लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने वाला है। यह सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी, विकासोन्मुखी और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जिलाध्यक्ष एवं एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, सह प्रभारी संतोष सोलापुरकर, नवीन कपूर, जगदीश त्रिपाठी, संजय सोनकर, प्रवीण सिंह गौतम, सुरेश सिंह, रवि प्रकाश जायसवाल, मधुकर पांडेय आदि ने कहा कि वाराणसी में राजकीय होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना का प्रावधान सराहनीय पहल है। इससे शहर की स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ होंगी और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलेगी। साथ ही, युवाओं के लिए होमियोपैथिक चिकित्सा के क्षेत्र में करियर के नए अवसर खुलेंगे।



## गरीबों, किसानों और आमजन के लिए हितकारी है बजट- महापौर

**वाराणसी।** प्रदेश सरकार का यह बजट गरीबों किसानों और आम जनता के लिए जहां बेहतर है,वही हितकारी भी हैं। यह बात महापौर अशोक कुमार तिवारी ने कही। उन्होंने इस बजट को विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए इस कल्याणकारी बजट के लिए प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी को बधाई दी। महापौर ने कहा कि इस अच्छी बजट में युवाओं को जहां स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे,वही महिलाओं और श्रमिको के लिए कई अच्छी योजनाओं से लाभ के सुअवसर भी प्राप्त होगा।



## बजट से घोर निराशा : आप

आम आदमी के प्रदेश प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंह ने यूपी के बजट को उम्मीदो पर ब्रजपात बताते हुए कहा है कि बेरोजगार, व्यापारियों और किसानों को कुछ भी नही मिला है। उन्होंने कहा कि बजट में महंगाई से राहत के लिए कुछ भी नही किया गया है। लागों को अन्य राज्यों की तरह फ्री बिजली और अच्छी मुफ्त शिक्षा व्यवस्था का इंतजार था लेकिन ऐसा कुछ नही हुआ।

# स्वयं सहायता समूह व लाभार्थियों का तमिल दल भी आया



जनसंदेश न्यूज

**काशी तमिल संगमम**

### बनारस स्टेशन पर जिलाधिकारी व जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया स्वागत

**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम 3.0 के तहत तमिलनाडु से आए पांचवें दल में शामिल स्वयं सहायता समूह, मुद्रा ऋण लाभार्थी, प्रचारक के लोगों का गुरुवार को तिलक लगाकर और फूलों की माला पहनाकर ढोल-नगाड़ों के बीच बनारस रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। तमिल के दल पर पुष्प वर्षा भी की गई। स्टेशन पर जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या एवं जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने स्वागत समारोह की अगवानी की।

काशी तमिल संगमम का आयोजन एक भारत, श्रेष्ठ भारत के तहत केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की तरफ से किया जा रहा है। चार दिनों में सभी डेलिगेट्स काशी विश्वनाथ मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, नमो घाट, रामनगर, बीएचयू इसके अलावा हनुमान घाट स्थित सुब्रमण्यम भारती के आवास पर भी ले जाया जाएगा।

एकेडमिक कार्यक्रम के बाद सभी डेलिगेट्स महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जाएंगे। वहां से अयोध्या में श्रीराम लला के दर्शन-पूजन के लिए जाएंगे। वहां से लौटकर बनारस स्टेशन से तमिलनाडु रवाना होंगे?।

## काशी तमिल संगमम के तहत चित्र प्रदर्शनी में प्रश्नोत्तरी

**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम के तहत नमो घाट पर छठें दिन गुरुवार को केंद्रीय संचार ब्यूरो की तरफ से लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विजेताओं को सीबीसी क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सहायक निदेशक डॉ. लालजी ने बताया कि ऋषि अगस्त्य एवं विकसित भारत विषय पर लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी में निरंतर देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में दर्शकों का आगमन हो रहा है। प्रदर्शनी में डर नहीं, अब न्याय पर आधारित आजाद भारत के अपने तीन नये कानून-भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की जानकारी सरल भाषा में मिल रही है। चित्रों एवं संक्षिप्त शब्दों में भारत सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ सरकार की नयी नीतियों, कार्यक्रमों और भारतीय संविधान की भी जानकारी प्रदर्शनी के दर्शकों को मिल रही है।

## तमिल मेहमानों ने बाबा दरबार में शीश नवाया

वाराणसी। काशी तमिल संगमम 3 .0 में शामिल होने तमिलनाडु से आए पांचवें दल का गुरुवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। मंदिर न्यास की ओर से गंगा द्वार पर पुष्प वर्षा और डमरू के नाद के बीच अभिनंदन किया गया। अतिथियों ने हर हर महादेव के उद्घोष संग श्री विश्वनाथ धाम में प्रवेश किया, जहां बाबा दरबार में शीश नवाया। श्री काशी विश्वनाथ महादेव का दर्शन करने के बाद अतिथियों ने धाम में स्थित अन्न क्षेत्र में भोजन प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के सीईओ विश्वभूषण ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और सुगम दर्शन की व्यवस्था कराई। उन्होंने अतिथियों को श्री काशी विश्वनाथ धाम में उपलब्ध सुविधाओं एवं दर्शन पूजन की व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्री काशी विश्वनाथ धाम में स्वागत से अतिथि अभिभूत दिखे। अतिथियों ने कहा कि श्री काशी विश्वनाथ महादेव का दर्शन कर परम सुख की अनुभूति हुई।

# प्रदेश सरकार के बजट में पीडीए के उत्थान के लिए कुछ भी नही

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के नेताओं ने कहा है कि प्रदेश सरकार के बजट में पीडीए के उत्थान के लिए कुछ भी नहीं मिला है। यह एक लोकलुभावन बजट है। सरकार ने एक फिर गरीब, मध्यम और पीडीए समाज के साथ छल किया है। समाजवादी पार्टी जिला प्रवक्ता संतोष यादव बबलू एडवोकेट ने बजट को नौजवान और किसान विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि बजट में रोजगार के लिए कोई ठोस प्रबंध नहीं है। किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में सरकार उदासीन है। महिलाओं के उत्थान के बाबत कुछ नहीं दिया गया है। कहने में संकोच नहीं कि यह बजट पूर्णतया लोकलुभावन बजट है। पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा कहा कि यह बजट भाजपा संग कदमताल बजट है। बजट सिर्फ संपन्न एवं पूंजीपतियों के लिए खासतौर पर फोकस किया गया है। इस बजट मे विकसित भारत के लिए दूर-दूर तक कोई रोड मैप नही है। बजट मे पीडीए के उत्थान के लिए कुछ भी नही है। सरकार डिजिटल इंडिया का खूब प्रचार कर रही है एवं प्रचार-प्रसार के माध्यम से लूट हो रही है।

# पं. कमलापति त्रिपाठी स्मारक पर मिल्क बूथ खोलने का विरोध

## पूर्व विधायक राजेश पति त्रिपाठी ने की नगर आयुक्त से हस्तक्षेप की मांग

**आक्रोश**

### मिल्क बूथ हटाए जाने की मांग को लेकर सत्याग्रह आंदोलन की भी दी चेतावनी

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** संपूर्णानंद स्टेडियम का नाम बदले जाने पर हुए विवाद के बाद अब काशी में कमलापति त्रिपाठी के स्मारक में अतिक्रमण कर दूध का काउंटर खोले जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। रेलवे स्टेशन के सामने इंग्लिशिया लाइन तिराहे पर काशी के गौरव पं.कमलापति त्रिपाठी के प्रतिमा स्थल व पार्क में दुग्ध काउंटर का निर्माण करने पर विरोध के स्वर उठने लगे हैं। कुछ दिनों पूर्व संपूर्णानंद स्टेडियम से हटाया गया डा.संपूर्णानंद जी का नाम उद्वेलन का कारण बना था और जनमत के भारी दबाव के बाद उनका नाम बहाल हुआ था। अब वाराणसी पं. कमलापति त्रिपाठी के प्रतिमास्थल पर अतिक्रमण को लेकर लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है।

कभी इंग्लिशिया लाइन तिराहे का छोटा सा तिकोना भूखंड 1990 के दशक के आरंभ में नगर निगम द्वारा पं.कमलापति त्रिपाठी के प्रतिमा स्थल व पार्क के रूप में आवंटित हुआ था और तत्कालीन राज्यपाल मोतीलाल वोरा जी ने प्रतिमा स्थल व स्मारक का वहां पर शिलान्यास किया था। पं.कमलापति त्रिपाठी प्रतिमा स्मारक समिति द्वारा प्रतिमा स्थापना का कार्य निर्धारित स्थल पर कराया गया। स्मारक सहित वह नन्हा सा भूखंड नगर निगम के नजरी नक्शे में पं.कमलापति त्रिपाठी पार्क के रूप में ही अंकित है, जिसे अब इंग्लिशिया लाइन पार्क बताकर नगर निगम के उद्यान विभाग ने प्रतिमा स्मारक स्थल के एक हिस्से को मदर डेयरी को मिल्क बूथ के लिये आवंटित कर दिया और आननफानन में बूथ खड़ा भी करा दिया गया है। इस स्थल पर कमलापति त्रिपाठी जी की जयंती एवं पुण्यतिथि सहित कई अवसरों पर कार्यक्रम भी होते रहे हैं। बूथ बन थाने की जानकारी होते ही नगर में पं. कमलापति त्रिपाठी के प्रशंसकों, कांग्रेस एवं कमलापति त्रिपाठी फाऊंडेशन से जुड़े लोगों में रोष व्याप्त हो गया है। वहां बूथ निर्माण को काशी का गौरव माने जाते रहे स्व. त्रिपाठी जी का अपमान मानते हुए विरोध के स्वर? खड़े होने लगे हैं। लोगों का कहना है कि बूथ के लिए जगह सामने फ्लाईओवर के नीचे नाइट मार्केट में भी आवंटित किया जा सकता थ, लेकिन यह काम जानबूझ कर त्रिपाठी जी एवं उनके प्रतिमा स्मारक की मर्यादा को धूमिल एवं आहत करने की भावना से गुपचुप तरीके से किया गया है। इस संदर्भ में पूर्व विधायक व पं.कमलापति त्रिपाठी फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश पति त्रिपाठी ने फोन पर वाराणसी के नगर आयुक्त से बातचीत कर आपत्ति जताते हुए, उनसे इस प्रकरण में हस्तक्षेप करने की मांग की। शुक्रवार को इस संदर्भ में फाउंडेशन एवं कांग्रेस के लोगों का एक प्रतिनिधि मंडल नगर आयुक्त से भी मिलकर विरोध दर्ज कराएगा। उनका कहना है कि इसके विरुद्ध जरूरी हुआ तो सत्याग्रह आंदोलन भी किया जाएगा, जो मिल्क बूथ हटाए जाने तक चलेगा। उन्होंने कहा कि वहां पर किसी भी दशा में बूथ का संचालन नहीं होने दिया जाएगा।



## सदन से पास होने पर पार्क में लगी दुकान : आयुक्त

वाराणसी। इंग्लिशिया लाइन स्थित पंडित कमलापति त्रिपाठी के प्रतिमा के पास पार्क नगर निगम की संम्पति है। जिसमें मिनी सदन से पास होने के बाद ही मदर डेयरी की अस्थाई दुकान दिया गया है। यह जानकारी नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने देते हुए बताया कि इसको लेकर सदन को यह भी पता है कि किसी को कोई आपत्ति नही है। उन्होंने बताया है कि इसके किराए से पार्क के रख -रखाव का प्रबंध होगा।

# वाराणसी में 400 करोड़ से बनेगा होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज

## विंध्य एक्सप्रेस वे को भी मंजूरी, औद्योगिक विकास, और रोड कनेक्टिविटी को प्राथमिकता

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश सरकार ने गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया, जिसमें वाराणसी, प्रयागराज समेत कई जिलों के विकास और आधारभूत संरचना को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस बजट में चिकित्सा, औद्योगिक विकास, पर्यटन और सड़क कनेक्टिविटी को प्राथमिकता दी गई है। योगी सरकार ने वाराणसी में चिकित्सा सुविधाओं को उन्नत करने के लिए 400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इस बजट से राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाएगी, जिससे युवाओं को होम्योपैथिक चिकित्सा क्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे। गौरतलब है कि काशी हिंदू विश्वविद्यालय के सर सुंदरलाल चिकित्सालय को हाल ही में एम्स का दर्जा मिला है। इसके अलावा, वाराणसी में पहले से ही एक राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज संचालित है। नए मेडिकल कॉलेज से पूरे पूर्वांचल के लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त होंगी। योगी सरकार ने वाराणसी और प्रयागराज के बीच एक नया धार्मिक पर्यटन क्षेत्र विकसित करने की योजना बनाई है। इस धार्मिक क्षेत्र में प्रयागराज, वाराणसी, मिजार्पुर, भदोही, चंदौली, गाजीपुर और जौनपुर को शामिल किया गया है। नीति आयोग इस क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों और पर्यटन सुविधाओं के विस्तार की दिशा में कार्य कर रहा है।

### विंध्य एक्सप्रेसवे के प्रमुख लाभ

सड़क कनेक्टिविटी में सुधार झ यह एक्सप्रेसवे मध्य प्रदेश, झारखंड और छत्तीसगढ़ को उत्तर प्रदेश से जोड़ेगा। यात्रा में समय की बचत झ सफर में 3 से 5 घंटे की कटौती होगी, जिससे लोग तेजी से अपनी मंजिल तक पहुंच सकेंगे। व्यापार और औद्योगिक विकास को बढ़ावा झ पूर्वांचल में नए व्यावसायिक और औद्योगिक अवसर पैदा होंगे। बुंदेलखंड और पूर्वांचल का सीधा संपर्क झ दोनों क्षेत्रों के बीच परिवहन और आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी। धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन झ इससे इस क्षेत्र में पर्यटन को नई गति मिलेगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।



### एक्सप्रेसवे का निर्माण जुलाई से होगा शुरू

योगी सरकार ने घोषणा की है कि विंध्य एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य जुलाई 2025 से शुरू किया जाएगा। सरकार इस परियोजना को शीर्ष प्राथमिकता दे रही है ताकि इसे जल्द से जल्द पूरा किया जा सके।

### विंध्य एक्सप्रेसवेः पूर्वांचल को नई दिशा

योगी सरकार ने 320 किलोमीटर लंबे विंध्य एक्सप्रेसवे के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना की कुल लागत 22,400 करोड़ रुपये आंकी गई है, जिसमें से पहली किश्त के रूप में 50 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। विंध्य एक्सप्रेसवे प्रयागराज से शुरू होकर मिजार्पुर, वाराणसी, चंदौली और सोनभद्र तक पहुंचेगा। इस एक्सप्रेसवे को उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा निर्मित किया जाएगा। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि यह छत्तीसगढ़ और झारखंड को उत्तर प्रदेश से जोड़ने में मदद करेगा, जिससे व्यापार, परिवहन और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

### विंध्य पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे की भी तैयारी

विंध्य एक्सप्रेसवे के साथ ही एक अन्य 100 किलोमीटर लंबे सिक्स लेन एक्सप्रेसवे के निर्माण की भी योजना है, जिसे विंध्य पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे कहा जाएगा। इसकी लागत 7,000 करोड़ रुपये होगी। यह एक्सप्रेसवे चंदौली से शुरू होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के गाजीपुर सेक्शन से जोड़ा जाएगा, जिससे बुंदेलखंड और पूर्वांचल के बीच सीधा संपर्क स्थापित होगा। नीति आयोग की सिफारिश पर इस क्षेत्र में मेगा इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किए जाएंगे, जिससे स्थानीय व्यापारियों और निवेशकों को नए अवसर मिलेंगे। इसके साथ ही, धार्मिक स्थलों को भी पर्यटन के लिहाज से विकसित किया जाएगा।

# यात्री कर लेने की तैयारी में नगर निगम

**बदलेगा अर्थशास्त्र**

### रेलवे और रोडवेज को भेजेगा पत्र,आय में अब होगी लाखों की बढ़ोतरी



**वाराणसी।** नगर निगम काशी में आने वाले यात्रियों से अब यात्री कर लेने की तैयारी में है। इसके लिए विभाग रेलवे और रोडवेज को जहां जल्द पत्र भेजेगा,वही निगम को आय में अब लाखो की बढोत्तरी भी होगा। इसको लेकर मिनी सदन में पारित होने के बाद विभाग इस निर्णय को अमल करने में जुट गया है और इस व्यवस्था को जल्द लागू करने के लिए तेजी से तैयारी भी शुरू कर दी है। महापौर के निर्देश पर नगर आयुक्त अक्षत वर्मा इसके लिए अधिकारियों को रेलवे और रोडवेज विभाग से पत्राचार किए जाने को कहा है। नगर निगम द्वारा यात्रीकर के रूप में0.50 प्रति व्यक्ति लिए जा सकता है। इस व्यवस्था के लागू हो जाने से शहर में प्रतिदिन आने वाले लाखो श्रद्धालुओं,व्यापारियों और पर्यटको से नगर निगम को इस कर से प्रतिदिन लाखो का फायदा होगा और उसकी आय में बढोत्तरी होगी। जिससे सड़को के मरम्मत,साफ -सफाई के साथ ही उसका बेहतर रख - रखाव किया जाएगा।